सूर्योदय 6:09 सूर्यास्त 6:19

आज का तापमान

शिमला	15.0 न्यू	25.0 अधि
धर्मशाला	17.0 न्यू	27.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	74,295
निफ्टी	23,346
सोना 1,54,300	चांदी 2,37,200

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 21 सितंबर 2026 | 5 अश्विन, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 264, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

तांत्रिक के पास मिले 50 से ज्यादा लड़कियों के अश्लील वीडियो

एजेंसी, चेन्नई। तमिलनाडु के सेलम में पुलिस ने एक तांत्रिक को महिलाओं और नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण करने के आरोप में रविवार को अरेस्ट किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी विजयराजा (50) वाझापाड़ी के पास एक तंत्र-मंत्र केंद्र चलाता था। वह पूजा-पाठ और तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं और लड़कियों के वीडियो हिडन कैमरों से रिकॉर्ड करता था और उन्हें डार्क वेब पर बेच देता था। आरोपी के पास से एक लैपटॉप बरामद किया गया जिसमें महिलाओं और स्कूली छात्राओं के 50 से अधिक वीडियो मिले। पुलिस के मुताबिक, कुछ महिलाओं को कथित तौर पर नशीला पदार्थ मिला पानी या प्रसाद देकर बेहोशी की हालत में उनके वीडियो बनाए गए।

तेलंगाना में एसबीआई के दो एटीएम में चोरी

एजेंसी, करीमनगर। तेलंगाना के करीमनगर में चोरों ने शनिवार रात चोरी की थी। पुलिस को इसकी जानकारी रविवार सुबह हुई। तेलंगाना के करीमनगर में शनिवार रात एसबीआई के दो एटीएम से चोरों ने पैसे चोरी कर ली। चोरों ने दुर्शेड और थिम्मापुर इलाके में एटीएम मशीनों को गैस कटर से काटकर अंदर रखे पैसे निकाले। दोनों एटीएम राजीव राहदारी के किनारे लगे थे। पुलिस के मुताबिक, चोर महिलाओं के कपड़े पहनकर आए थे। रविवार को सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों जगहों पर जांच शुरू कर दी है। चोरी हुई रकम का अभी पता नहीं चल पाया।

तेलंगाना में डॉक्टर की कार में जलकर मौत

एजेंसी, हैदराबाद। तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में रविवार को सड़क डिवाइडर से टकराने के बाद कार में आग लग गई। हादसे में कार चला रहे डॉक्टर की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 7:15 बजे हैदराबाद-खम्मम हाईवे पर पित्तलमारी फ्लाईओवर के पास हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार की ड्राइविंग सीट पर एक जला हुआ शव मिला। हादसे में कार पूरी तरह जल गई। पुलिस को गेट काटकर शव निकालना पड़ा। पुलिस ने बताया कि पास के टोल गेट की जानकारी और कार के अस्थायी रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मृतक की पहचान के. जगदीश के रूप में हुई। वह खम्मम जिले के एक अस्पताल में न्यूरोसर्जन थे। जगदीश खम्मम से हैदराबाद अपने परिवार से मिलने जा रहे थे।

पश्चिम बंगाल उपचुनाव

रेजीनगर सीट से आजाद उम्मीदवार गिरफ्तार

एजेंसी, कोलकाता। पश्चिम बंगाल के रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार सैफुल इस्लाम को पुलिस ने बहरामपुर से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान दो गुटों में हुई झड़प के मामले में हुई है। सैफुल इस्लाम हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी से जुड़े हैं। यह गिरफ्तारी कांग्रेस के नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव उम्मीदवार मिलन प्रधान की गिरफ्तारी के एक दिन बाद हुई है। मिलन प्रधान को जमीन अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन से जुड़े करीब दो दशक पुराने मामले में पकड़ा गया था।

हिमाचल के 3,223 परिवारों को मिलेगी पक्की छत : सीएम सुक्खू

सरकार ने आश्रय योजना के तहत किया 48.35 करोड़ रुपए का प्रावधान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। सालों से अपने घर की पक्की छत का इंतजार कर रहे परिवारों के लिए आशियाना महज चार दीवारें नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की उम्मीद होता है। इसी भावना को आधार बनाकर प्रदेश सरकार ने स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को घर उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि योजना के तहत 3,223 नए लाभार्थियों के लिए मकान स्वीकृत किए गए हैं। सरकार ने इन परिवारों के आशियाने के निर्माण के लिए 48.35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा



जरूरतमंदों को 1.50 लाख रुपए तक की मिलेगी मदद

कि योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अपना घर बनाने के लिए प्रति परिवार 1.50 लाख रुपए तक की सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित छत के लिए वर्षों तक इंतजार न करना पड़े। मकान की स्वीकृति मिलने से इन परिवारों के जीवन में केवल एक भवन का निर्माण नहीं होगा, बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य, परिवार की सुरक्षा और आत्मसम्मान को भी नई मजबूती मिलेगी।

किसी भी पात्र परिवार का अपने आशियाने का सपना नहीं रहेगा अधूरा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें वास्तव में इसकी जरूरत है। स्वर्ण जयंती आश्रय योजना इसी सोच का हिस्सा है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को अपनी पक्की छत का सपना पूरा करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है कि प्रदेश में किसी भी पात्र परिवार की घर की आस अधूरी न रहे।

शिमला के चिड़गांव में साइबर ठगी का हैरान करने वाला मामला

सिम बंद होते ही 33 यूपीआई लेनदेन में बैंक अकाउंट से 11 लाख गायब

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। जिला शिमला के चिड़गांव में साइबर ठगी का ऐसा मामला सामने आया है, जिसने मोबाइल सिम और बैंक खाते की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 65 वर्षीय दारा सिंह बांशा के मोबाइल की सिम अचानक बंद हुई और इसके बाद उनके बैंक खाते से 33 यूपीआई लेनदेन के जरिए 11 लाख रुपए से अधिक की रकम दूसरे खातों में स्थानांतरित कर दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने न तो कोई लेनदेन किया और न ही किसी अन्य व्यक्ति को खाते से लेनदेन की अनुमति दी। चिड़गांव पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार चिड़गांव तहसील के चिचवाड़ी निवासी दारा सिंह का यूको बैंक में खाता है। उनका मोबाइल सिम 5 सितंबर को अचानक काम करना बंद हो गया। इसके बाद मोबाइल पर न कॉल आने लगी और न ही संदेश प्राप्त हुए। इसी दौरान बैंक खाते से अलग-अलग यूपीआई लेनदेन होने लगे। शिकायतकर्ता को जब खाते से रकम निकलने की जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। प्रथम दृष्टया मामला सिम स्वैप या सिम क्लोनिंग से जुड़ा होने की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 से 18 सितंबर 2026 के बीच शिकायतकर्ता के खाते से कुल 33 अनधिकृत यूपीआई लेनदेन किए गए। इन लेनदेन के माध्यम से कुल 11,04,799.61 रुपये की राशि ट्रांसफर हुई। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने इनमें से कोई भी लेनदेन नहीं किया। उन्होंने पुलिस को सभी 33 लेनदेन का विवरण भी सौंपा है, जिसमें प्रत्येक लेनदेन की तारीख, ट्रांजेक्शन आईडी, यूपीआई नंबर और संबंधित राशि का ब्योरा शामिल है। पुलिस अब लेनदेन की कड़ियों और रकम जिन खातों में गई, उनकी जांच कर रही है।

जांच में खुलेगा पूरा राज

इस मामले ने साइबर ठगों के बदलते तौर-तरीकों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। सबसे अहम कड़ी मोबाइल सिम का अचानक बंद होना और उसी अवधि में बैंक खाते से लगातार यूपीआई लेनदेन होना है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 के तहत मामला दर्ज किया है। अब जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि शिकायतकर्ता के मोबाइल नंबर पर नियंत्रण कैसे हासिल किया गया, यूपीआई लेनदेन किस माध्यम से किए गए और 11 लाख रुपये से अधिक की रकम किन खातों में पहुंची। जिला शिमला से सामने आया यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें सिम बंद होने और बैंक खाते से रकम निकलने की घटनाएं एक-दूसरे से जुड़ी दिखाई दे रही हैं। जांच पूरी होने के बाद ही इस साइबर ठगी के पूरे 'खेल' और इसके पीछे शामिल लोगों की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी।

इमरान की बहन लाहौर से गिरफ्तार

पूर्व पीएम की रिहाई के लिए प्रदर्शन की तैयारी कर रही थीं

एजेंसी, लाहौर

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खानुम को लाहौर स्थित उनके घर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वे इमरान की पार्टी तहरीक ए इंसाफ के कार्यकर्ताओं के साथ इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर 27 सितंबर से विरोध-प्रदर्शन शुरू करने वाली थीं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेट कप्तान रहे इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, क्कड्ड के एक प्रवक्ता ने अलीमा खानुम की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस ने अभी तक गिरफ्तारी की वजह को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

प्रदर्शन को देखते हुए इस्लामाबाद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। डॉन के मुताबिक, पुलिस और प्रशासन ने शहर के आने-जाने वाले रास्तों और संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की है। प्रदर्शन से जुड़ी गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

कई पीटीआई कार्यकर्ताओं की भी गिरफ्तारी

अलीमा खानुम की गिरफ्तारी से पहले इस्लामाबाद पुलिस चार पीटीआई कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में ले चुकी है। डॉन के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि इन लोगों को 27 सितंबर के प्रदर्शन की तैयारी से जुड़ी एक बैठक के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उन पर दंगा करने, सरकारी काम में रुकावट डालने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने जैसे आरोप लगाए हैं। पीटीआई ने 27 सितंबर को राजधानी इस्लामाबाद में प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। पार्टी का कहना है कि इस प्रदर्शन का मुख्य मकसद इमरान खान की रिहाई की मांग करना है। पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान इसे पहले ही शांतिपूर्ण मार्च बता चुके हैं।

अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में दूतावासों को भेजा अलर्ट

छुट्टी खत्म होने से पहले ही अपने सरकारी आवास व्हाइट हाउस लौटे ट्रंप

एजेंसी, वॉशिंगटन

मिडिल-ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। अमेरिका ने इलाके में मौजूद अपने दूतावासों और नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने लोगों से ज्यादा सतर्क रहने को कहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना कैंप डेविड दौरा एक दिन पहले खत्म कर शनिवार शाम व्हाइट हाउस लौट आए।

ट्रंप की जल्दी वापसी की वजह व्हाइट हाउस ने नहीं बताई है। वहीं, रशिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी बी-2बीलांसर बॉम्बर ने ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस से फुल आफ्टरबर्नर के साथ उड़ान भरते हुए मिडिल-ईस्ट की तरफ रवाना हुआ है। ईरान के प्रेस टीवी ने भी उत्तर-पूर्वी सीरिया के अल-हसकाह में खाराब अल-जिर एयरबेस के पास एयर डिफेंस एक्टिविटी की जानकारी दी है। (अनंत ज्ञान)

अमेरिका की इराक-बहरीन समेत 9 देशों में अपने नागरिकों को सावधान रहने की सलाह

अमेरिका ने इराक, बहरीन, ओमान, सऊदी अरब, ईरान, कतर, लेबनान, कुवैत और जॉर्डन में रह रहे अपने नागरिकों को सावधान रहने को कहा है। अमेरिका ने कहा कि मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष तेजी से बढ़ सकता है। इसलिए इन देशों की यात्रा करने वाले अमेरिकियों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अमेरिकी नागरिकों से कहा गया है कि वे फ्लाइट और एयरपोर्ट से जुड़ी ताजा जानकारी देखते रहें।

ईरान ने जंग खत्म करने के लिए रखी हैं सात शर्तें

ईरान ने चल रही जंग खत्म करने के लिए अमेरिका के सामने 7 शर्तें रखी हैं। ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका ने उसकी मांगें नहीं मानीं तो वह जंग जारी रखने के लिए तैयार है। ईरान के सुरक्षा प्रमुख मोहसिन रेजाई ने अल जजीरा से कहा कि कतर ने मध्यस्थ के तौर पर ईरान की शर्तें अमेरिका तक पहुंचा दी हैं। अब ईरान ट्रंप के जवाब का इंतजार कर रहा है। रेजाई के मुताबिक, ईरान की मांगों में सभी मोर्चों पर युद्ध रोकना, विदेशों में फ्रीज किए गए ईरानी फंड जारी करना और नौसैनिक नाकाबंदी खत्म करना शामिल है।

हिमाचल में पहली बार पहुंचा टाइगर का जोड़ा

1800 किमी का सफर तय कर सिरमौर के रेणुकाजी लाए गए नर और मादा

अनंत ज्ञान

नाहन। सिरमौर के रेणुकाजी मिनी जू में लंबे समय से चल रहा टाइगर का इंतजार अब खत्म हो गया है। हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों के लिए किसी चिड़ियाघर में रखा जाने वाला टाइगर का पहला जोड़ा रविवार को रेणुकाजी पहुंच गया। महाराष्ट्र के नागपुर जिले स्थित घोड़ेवाला बचाव केंद्र से दोनों बाघों को कड़ी सुरक्षा के बीच यहां लाया गया। दोनों बाघों ने नागपुर से रेणुकाजी तक करीब 1800 किलोमीटर का सफर तय किया। करीब 43 घंटे की यात्रा के दौरान वन्य प्राणी विभाग की टीम भी उनके साथ रही। पुलिस सुरक्षा के बीच हुए इस लंबे सफर में बाघों के भोजन, विश्राम और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा गया। टाइगरों के रेणुकाजी पहुंचते ही वन्य प्राणी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल बन गया।

विभाग की ओर से मिठाई बांटकर इस खास उपलब्धि का जश्न मनाया गया। रेणुकाजी में बाघों को लाने के लिए करीब एक दशक से प्रयास चल रहे थे। हालिया रिपोर्ट के अनुसार बाघों के लिए आधुनिक बाड़ा तैयार करने पर 1.67 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि वन्य प्राणी अस्पताल भी तैयार किया गया है।

10 दिन चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे बाघ

रेणुकाजी पहुंचने के बाद दोनों बाघों को तुरंत पर्यटकों के सामने नहीं लाया जाएगा। फिलहाल उन्हें अंदरूनी वार्ड में रखा गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनके स्वास्थ्य और व्यवहार पर नजर रखी जाएगी। अगले करीब 10 दिनों तक दोनों बाघों को नए वातावरण के अनुकूल बनाने की प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद उन्हें बाहरी बाड़े में स्थानांतरित करने की तैयारी है। हालिया विभागीय जानकारी के अनुसार पर्यटकों को दो अक्तूबर से रेणुकाजी में पहली बार इन बाघों को देखने का अवसर मिल सकता है।

भाजपा बोली-कांग्रेस जोकरों की पार्टी

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में पीएम की मां का अपमान करने का आरोप

एजेंसी, नई दिल्ली

राहुल गांधी के इंदौर में हुए कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' पर विवाद हो गया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कार्यक्रम में पीएम मोदी की मां का अपमान किया गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को एक्स पर पोस्ट में लिखा- कांग्रेस पार्टी कॉमेडियंस और जोकर्स की पार्टी बन गई है। वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं... रेस्ट इन पीस। वहीं, शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि राहुल और कांग्रेस पार्टी नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। छात्र संवाद का इस्तेमाल पीएम मोदी की दिवंगत मां का मजाक उड़ाने और उनका अपमान करने के लिए करना बुनियादी मानवीय संवेदना और राजनीतिक संस्कृति की चौंकाने वाली कमी दिखाता है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने बीजेपी और आरएसएस पर शिक्षा व्यवस्था को खोखला और भ्रष्ट करने का आरोप लगाया है।

राहुल गांधी बोले-सरकार के पास दीया जलाने के लिए पैसा, हॉस्टल के लिए नहीं

राहुल गांधी ने इंदौर में अपने कार्यक्रम का जिक्र करते हुए एक्स पर अपने पोस्ट के जरिए हॉस्टल की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने लिखा- कल इंदौर में एक छात्रा ने मुझसे पूछा कि सरकार के पास दीया जलाने के लिए पैसा है, हमारे हॉस्टल के लिए क्यों नहीं? राहुल ने कहा कि गांव से शहर पढ़ने आने वाली छात्राओं को हॉस्टल नहीं मिलने पर पीजी में रहना पड़ता है। किराए और सुरक्षित रहने का खर्च इतना ज्यादा है कि कई लड़कियां पढ़ाई छोड़ देती हैं।

मणिपुर में सुरक्षाबलों की गाड़ियों पर फेंके पत्थर और पेट्रोल बम

एजेंसी, इंफाल

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार रात हिंसक प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने मोतबुंग और आसपास के इलाकों में सड़कें जाम कीं, टायर जलाए और गाड़ियों पर पत्थर फेंके। इन लोगों ने नेशनल हाईवे-2 भी खोद दिया, ताकि गाड़ियां आगे न बढ़ सकें। यह रास्ता इंफाल से दीमापुर तक जाता है। हालांकि सुरक्षा बलों ने भीड़ को हटाने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले छोड़े। ये लोग खोलेन गांव के 7 कुकी ग्रामीणों को हिरासत में लिए जाने का विरोध कर रहे थे। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में प्रदर्शनकारी गाड़ियों पर गोलियां चलाते हुए भी दिखे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक सुरक्षा बलों ने बाद में 7 विलेज वॉलंटियर्स को छोड़ दिया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। (अनंत ज्ञान)

7 कुकी ग्रामीणों को हिरासत में लिए जाने का किया विरोध

सीआरपीएफ की कार्रवाई की कड़ी आलोचना

कुकी समुदाय के शीर्ष संगठन कुकी इनपी मणिपुर ने सात ग्रामीणों की हिरासत की निंदा की। संगठन ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पर हिरासत लेने का आरोप लगाया। किम ने एक बयान में कहा कि कुकी महिलाओं की हत्या के जिम्मेदार लोगों पर अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय स्थानीय नागरिकों को हिरासत में लिया गया। किम ने यह भी आरोप लगाया कि अपने अधिकारों और सुरक्षा के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे नागरिकों पर सुरक्षा बलों ने बल प्रयोग किया।

नुकसान 468.17 लाख का नुकसान होने से कांगड़ा जिला सबसे ज्यादा प्रभावित; शिमला, मंडी और चंबा को भी करोड़ों की चपत

हिमाचल में मानसून में 3,217 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश में वर्ष 2026 का मानसून अपने पीछे तबाही का बड़ा निशान छोड़ गया है। बारिश से आई बाढ़, भूस्खलन, अचानक आई बाढ़ और अन्य आपदाओं के साथ सड़क हादसों ने प्रदेश में जनजीवन को गहरा आघात पहुंचाया है। राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ की 19 सितंबर तक की संचयी रिपोर्ट के अनुसार, मानसून अवधि में आपदाओं से निजी और सरकारी संपत्तियों को हुआ नुकसान 3,21,795.14 लाख रुपए यानी 3,217.95 करोड़ रुपए से ज्यादा पहुंच गया है।

जिला स्तर पर सामने आए आंकड़े मानसून की व्यापक मार को स्पष्ट करते हैं। कांगड़ा में करीब 468.17 लाख रुपए, शिमला में 408.65 लाख रुपए, मंडी में 364.57 लाख रुपए और चंबा में 327.98 लाख रुपए का नुकसान दर्ज किया गया है। सिरमौर में 216.86 लाख, किन्नौर में 228.70 लाख, लाहौल-स्पीति में 117.06 लाख और कुल्लू में 118.10 लाख रुपए का नुकसान दर्ज किया गया है।

शिमला को 408 लाख रुपए मंडी को 364 लाख और चंबा को 327 लाख की क्षति

मानसून के दौरान 329 मौतें

प्रदेश में मानसून अवधि के दौरान कुल 329 मौतें दर्ज हुई हैं। दूसरी ओर सरकारी आंकड़ों के अनुसार आपदाओं से हुई मौतों में शिमला जिला सबसे आगे रहा, जहां 20 लोगों की जान गई। कांगड़ा में 18, चंबा और लाहौल-स्पीति में 17-17, मंडी में 16 तथा सिरमौर में 15 मौतें दर्ज की गईं। कुल 133 आपदा मौतों में 50 लोग पेड़ या खड़ी चट्टान से गिरने, 18 भूस्खलन, 17 डूबने, 13 सांप के काटने, 10 बिजली गिरने और दो आग की घटनाओं का शिकार हुए। अन्य कारणों से भी 22 मौतें दर्ज की गई हैं। घरों, दुकानों, श्रमिक आवासों, पशुशालाओं और अन्य निजी संपत्तियों के साथ लोक निर्माण, जलापूर्ति, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और शहरी विकास से जुड़े सरकारी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। सरकारी आंकड़ों में 572 पशु-पक्षियों की मौत भी दर्ज की गई है। मानसून की कठिन परिस्थितियों के बीच सड़क हादसों ने भी मौतों का आंकड़ा बढ़ाया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में शिमला में सबसे ज्यादा 27 मौतें दर्ज हुईं। इसके बाद कांगड़ा में 24, चंबा में 23, सिरमौर और ऊना में 22-22 तथा कुल्लू में 19 लोगों की जान गई। इस तरह सड़क दुर्घटनाओं में प्रदेशभर में 196 मौतें दर्ज की गईं।

प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम के शुष्क बने रहने का अनुमान

मानसून से हुए भारी नुकसान के बीच अब मौसम विभाग की रिपोर्ट प्रदेश के लिए कुछ राहत के संकेत दे रही है। 20 सितंबर की मौसम रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रदेश में मौसम शुष्क रहा और किसी भी स्थान पर बारिश, हिमपात, गरज-चमक या तेज हवाएं दर्ज नहीं की गईं। 20 से 26 सितंबर तक मैदानी, मध्य पर्वतीय और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। इस अवधि में किसी भी दिन के लिए मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है। हालांकि 25 और 26 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। इस मानसून सीजन में हिमाचल प्रदेश में अब तक सामान्य से 10 फीसदी कम बारिश हुई है। इसके विपरीत पिछले वर्ष मानसून के दौरान सामान्य से 42 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई थी। इस वर्ष कम बारिश का असर भूमिगत जल के पुनर्भरण, खेती और आने वाले सर्दियों के मौसम में पेयजल उपलब्धता पर पड़ सकता है। प्रदेश में मानसून आमतौर पर सितंबर के आखिरी सप्ताह में विदा होता है।

हिमाचल को केंद्र से गांवों की तस्वीर बदलने को 3,744 करोड़ की राशि मंजूर

पंचायतों की झोली भरी, खर्च करने के नियम हुए सख्त

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल के गांवों की पगडंडियों से लेकर पंचायत घरों की चौखट तक विकास की नई कहानी लिखने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा वित्तीय प्रावधान किया है। 16वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक हिमाचल प्रदेश को 3,744 करोड़ रुपए की राशि मिलने का प्रावधान है। पिछले 15वें वित्त आयोग के दौरान मिले करीब 2,100 करोड़ रुपए की तुलना में यह राशि काफी अधिक है। औसतन देखें तो प्रदेश की प्रत्येक पंचायत के हिस्से में करीब एक करोड़ रुपए की राशि आने की संभावना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की उम्मीद है।

डिजिटल निगरानी से तय होगा धन का सही इस्तेमाल

नई व्यवस्था में राशि के उपयोग की निगरानी और लेखा परीक्षण पर विशेष जोर रहेगा। डिजिटल माध्यमों से खर्च की निगरानी और पारदर्शिता बढ़ाने की व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास के लिए जारी धन निर्धारित कार्यों में ही खर्च हो। पांच वर्षों में मिलने वाली यह राशि हिमाचल के ग्रामीण ढांचे के लिए महत्वपूर्ण संसाधन साबित हो सकती है। अब असली कसौटी यही होगी कि कागज पर स्वीकृत करोड़ों की यह राशि गांव की जमीन पर कितने नल, कितनी साफ गलियां, कितनी सुधरी सड़कें और कितने मजबूत पंचायत भवन बनाती है।

इस वित्तीय प्रावधान के साथ पंचायतों के सामने जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार राशि को दो प्रमुख हिस्सों में बांटा गया है। करीब 50 प्रतिशत राशि 'टाइड ग्रांट' के रूप में निर्धारित रहेगी। इसका उपयोग पेयजल, स्वच्छता और खुले में शौच से मुक्ति जैसे तय क्षेत्रों में ही किया जा सकेगा। वहीं, शेष 50 प्रतिशत 'अनटाइड ग्रांट' के रूप में पंचायतों को उपलब्ध होगा, जिसका इस्तेमाल स्थानीय स्तर की बुनियादी जरूरतों और विकास कार्यों में किया जा सकेगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य धन को प्राथमिक जरूरतों तक पहुंचाना और उसके उपयोग में स्पष्टता बनाए रखना है।

अनटाइड राशि के माध्यम से ग्रामीण सड़कों, गलियों-नालियों, सामुदायिक भवनों और पंचायत घरों की मरम्मत जैसे कार्यों को गति मिल सकती है। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में छोटी-छोटी बुनियादी सुविधाएं ही गांव के जीवन को सुगम बनाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। ऐसे में वित्तीय संसाधनों में वृद्धि पंचायतों को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का अवसर दे सकती है। साथ ही तय मदों वाली राशि से पेयजल और स्वच्छता जैसी मूलभूत सेवाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।

प्रदेश को मंत्रिमंडल नहीं 'मित्रमंडल' चला रहा : जयराम ठाकुर

बोले-'सुक्खू जी' भाजपा के गुट गिनते रहे और कांग्रेस के गुट उनकी ही कुर्सी खिसकाते रहे

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुजानपुर के जियाणा में पंचायतीराज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जनभावना के बजाय मनमर्जी से सरकार चला रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कैबिनेट सहयोगियों के बजाय मुख्यमंत्री अपने मित्रों से चर्चा कर फैसले लेते हैं, इसलिए प्रदेश को मंत्रिमंडल नहीं बल्कि 'मित्रमंडल' चला रहा है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री दिनभर भाजपा के गुट गिनते रहे, जबकि कांग्रेस के गुट दिल्ली में उनकी कुर्सी को लेकर जुटे रहे। उन्होंने पंचायत चुनावों का हवाला देते हुए दावा किया कि भाजपा ने 11 में से 10 जिला परिषदों और तीनों नगर निगमों में जीत दर्ज की तथा करीब 80 प्रतिशत जनप्रतिनिधि भाजपा विचारधारा के चुनकर आए हैं। उनके अनुसार, यह परिणाम सरकार के प्रति जनता के रुख को दर्शाते हैं।

उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थाएं लोकतंत्र की महत्वपूर्ण इकाई हैं। आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव टालने का प्रयास किया और निर्वाचित प्रतिनिधियों का अपमान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव करवाने के लिए भाजपा को सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा। जयराम ने आरोप लगाया कि मंत्री और मुख्यमंत्री एक-दूसरे की शिकायतें लेकर दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली का दौरा विकास कार्यों के लिए होता तो बात अलग थी, लेकिन यहां सरकार बचाने का प्रयास चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस हाईकमान ने हार का कारण पूछा तो मुख्यमंत्री ने मंत्रियों पर दोष मढ़ा, जबकि मंत्रियों ने फीडबैक में मुख्यमंत्री की कार्यशैली को जिम्मेदार बताया।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा कार्यकाल में पांच हजार किलोमीटर सड़कें बनीं और ढाई हजार से अधिक संस्थान खोले गए, जिन्हें वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पारदर्शी शासन दिया, जबकि वर्तमान सरकार पर भ्रष्ट अधिकारियों को सेवा विस्तार देने के आरोप लग रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में 19,600 करोड़ रुपए कर्ज लेने का दावा करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार ने साढ़े तीन साल में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक कर्ज लिया है और प्रदेश पर कुल कर्ज 1.20 लाख करोड़ रुपए से पार पहुंच गया है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कमलेश धीमान, विजय अग्निहोत्री, डॉ. अनिल धीमान, विनोद कुमार, अभिषेक राणा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजेंद्र राणा और आशीष शर्मा ने भी साधा निशाना

पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार एफआईआर दर्ज करवाने और लोगों को गुमराह करने तक सीमित है। वहीं, हमीरपुर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हुई है।

डिजिटल पोर्टल पर एचपीएमसी की सेब खरीद तेज

एमआईएस में अब तक 4,188 मीट्रिक टन सेब खरीदा, 12 रुपए किलो दिया जा रहा हस्तक्षेप मूल्य

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल की सेब खरीद व्यवस्था इस बार डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ गई है। मंडी मध्यस्थता योजना-2026 के तहत एचपीएमसी ने बागवानों से अब तक 4,188.504 मीट्रिक टन सेब की खरीद की है। पूरी खरीद प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है।

12 रुपए प्रति किलोग्राम के निर्धारित बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर हो रही इस खरीद में बागवानों के पंजीकरण से लेकर खरीद का रिकॉर्ड दर्ज करने तक की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया गया है। सरकार का दावा है कि इससे खरीद व्यवस्था में पारदर्शिता, निगरानी और जवाबदेही बढ़ेगी।

जानकारी के अनुसार को एमआईएस-2026 के तहत एचपीएमसी ने खरीद प्रक्रिया को डिजिटल प्रणाली से जोड़ते हुए कागजी कार्रवाई कम करने की दिशा में कदम उठाया है। ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण और खरीद का विवरण दर्ज होने से प्रत्येक चरण का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने की व्यवस्था की गई है। इससे खरीद की निगरानी और आंकड़ों के प्रबंधन को भी अधिक सुचारू बनाने का प्रयास किया जा रहा है। एचपीएमसी की गतिविधियां सेब खरीद तक सीमित नहीं हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में निगम ने 214.19 करोड़ रुपए का कारोबार दर्ज किया और करीब 12 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया। इसमें एमआईएस से संबंधित कारोबार लगभग 158 करोड़ रुपए रहा। जूस एवं प्रसंस्कृत उत्पादों से 19.17 करोड़ रुपए, बागवानी इनपुट से 18.50 करोड़ रुपए तथा कोल्ड स्टोरेज और पोस्ट-हार्वेस्ट सुविधाओं से करीब 6.70 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ।

खरीद के साथ प्रसंस्करण और भंडारण पर जोर

सेब को मंडी तक पहुंचाने के बाद उसके बेहतर उपयोग और मूल्य संवर्धन पर भी एचपीएमसी का जोर है। जूस एवं अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों के साथ कोल्ड स्टोरेज और पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। सेब के कचरे के वैज्ञानिक उपयोग तथा मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, यूनिवर्सल कार्टन व्यवस्था के माध्यम से सेब पैकिंग में एकरूपता लाने और कारोबार को अधिक पारदर्शी बनाने का प्रयास है। वहीं, राज्य की बागवानी अर्थव्यवस्था में सेब की भूमिका देखते हुए खरीद व्यवस्था का डिजिटल होना महत्वपूर्ण बदलाव है। एमआईएस के तहत ऑनलाइन पंजीकरण और खरीद रिकॉर्ड से सरकारी खरीद का पूरा आंकड़ा व्यवस्थित रूप से उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ प्रसंस्करण, भंडारण और मूल्य संवर्धन को जोड़ने से एचपीएमसी की भूमिका सरकारी खरीद एजेंसी से आगे बढ़कर बागवान की उपज को बाजार में बेहतर आर्थिक मूल्य दिलाने वाली संस्था के रूप में विकसित होने की दिशा में बढ़ रही है।

मेले संस्कृति और परंपराओं के संवाहक : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति और ग्रामीण परंपराओं से जुड़े सायर मेले का समापन सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा भी मौजूद रहे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के मेले केवल मनोरंजन के आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक एकजुटता के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ स्थानीय कलाकारों, किसानों, कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं।

उन्होंने कहा कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेलवे लाइन क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने किसानों से मुर्गी पालन, मत्स्य पालन और सुअर पालन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत उपलब्ध ऋण सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया।

विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि सायर पर्व हिमाचल की कृषि संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने और रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से लागत कम करने और गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद तैयार करने में मदद मिल सकती है। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सायर मेले का सांसद ने किया समापन

हिमाचल की बेटी शिवानी शर्मा बनीं सेना में कैप्टन

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिमला ग्रामीण की सुन्नी तहसील के नीन पंचायत के जुब्बड़ गांव की शिवानी शर्मा ने भारतीय सेना में कैप्टन पद पर पदोन्नति हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सितंबर 2024 में लेफ्टिनेंट के रूप में सेना में अधिकारी बनने के बाद शिवानी ने मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की।

शिवानी की पदोन्नति की खबर मिलते ही जुब्बड़ से लेकर सुन्नी और उनके मायके मंडी जिले के करसोग क्षेत्र तक खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है।

शिवानी का मायका करसोग की सपनोट पंचायत के कैथों गांव में है। उनके पिता खुशी राम शर्मा, माता मीना शर्मा सहित परिजनों और क्षेत्रवासियों ने उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई।

परिवार के सहयोग से हासिल किया मुकाम : शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन को दिया। उन्होंने सास-ससुर जयन्ती शर्मा व धर्म प्रकाश शर्मा तथा पति मनीष शर्मा के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। कैप्टन बनने के साथ उन्होंने अपने गांव, मायके और पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

हिमाचल कांग्रेस की जमीनी सक्रियता परखेगी रजनी पाटिल

तीन दिन के दौरे में संगठन की खुलेगी रिपोर्ट-कार्ड, संगठन की अंदरूनी तस्वीर पर होगी नजर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। मिशन-2027 की तैयारियों के बीच हिमाचल कांग्रेस अब संगठन की जमीन कितनी मजबूत है, इसकी पड़ताल करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल तीन दिवसीय हिमाचल दौरे पर आ रही हैं। 24 सितंबर को सोलन में जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक में पिछले तीन महीनों के कामकाज की समीक्षा होगी, जबकि 25 सितंबर को शिमला स्थित राजीव भवन में प्रदेशभर के प्रमुख पदाधिकारियों की रिपोर्ट कार्ड की बारीकी से पड़ताल की जाएगी। इस बार समीक्षा केवल औपचारिक बैठक बनकर न रह जाए, इसके संकेत संगठन स्तर पर दिए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार नीट पेपर लीक सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस की ओर से किए गए आंदोलनों में जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों की भूमिका भी समीक्षा के दायरे में रहेगी। प्रदेश नेतृत्व की ओर से दिए गए निर्देशों का कितना पालन हुआ, जिन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गईं उन्होंने उन्हें किस स्तर तक पूरा किया और कौन पदाधिकारी केवल बैठकों तक सीमित रहे, इसका ब्योरा सामने आने की उम्मीद है। संगठन की ओर से जारी कार्यक्रमों को जिलों और ब्लॉकों में कितना लागू किया गया तथा पदाधिकारी वास्तव में कितनी बार मैदान में उतरे, इस पर भी चर्चा होगी। इसी आधार पर निष्क्रिय पदाधिकारियों की जवाबदेही तय करने के संकेत मिल रहे हैं।

रजनी पाटिल के दौरे के दौरान किन्नौर कांग्रेस का विवाद भी महत्वपूर्ण विषय रहेगा। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष निगम भंडारी के बीच लंबे समय से सामने आ रहे मतभेदों के बीच संगठन के भीतर समन्वय स्थापित करना प्रदेश नेतृत्व के लिए चुनौती बना हुआ है। बैठक में जिला अध्यक्षों से लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों तक के पिछले तीन माह के कामकाज की समीक्षा होगी। ऐसे में किन्नौर सहित उन क्षेत्रों पर भी नजर रहेगी, जहां संगठनात्मक मतभेदों का असर पार्टी की जमीनी गतिविधियों पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

रिपोर्ट कार्ड से तय होगी संगठन की अगली दिशा

रजनी पाटिल के दौरे को संगठन की सक्रियता जांचने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश नेतृत्व की ओर से जारी कार्यक्रमों को जिलों और ब्लॉकों तक पहुंचाने, बूथ स्तर पर गतिविधियां बढ़ाने और पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का पूरा रिकॉर्ड लेकर बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा में सामने आने वाली स्थिति के आधार पर संगठन को अधिक सक्रिय बनाने के लिए आगे की दिशा तय की जा सकती है। मिशन-2027 की तैयारी के बीच यह कवायद कांग्रेस के लिए केवल कागजी समीक्षा नहीं, बल्कि संगठन की वास्तविक जमीनी स्थिति को परखने का अहम पड़ाव मानी जा रही है।

त्रिलोक कपूर ने कर्ज के बोझ से उबरने का सरकार से मांगा जवाब

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति को लेकर भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने प्रदेश सरकार से चार वर्षीय ऋण प्रबंधन रणनीति के साथ आय बढ़ाने और घाटा नियंत्रित करने की ठोस कार्ययोजना सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2026-27 से 2029-30 तक ऋण-जीडीपी अनुपात को 40.64 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा है, जबकि सितंबर 2026 तक प्रदेश पर करीब 1.10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज होने की बात सामने आई है। कपूर ने सवाल उठाया कि कर्ज का अनुपात घटाने के साथ कुल बकाया ऋण और ब्याज भुगतान का बोझ कम करने के लिए सरकार की वास्तविक योजना क्या है।

कपूर ने शिमला से जारी बयान में कहा कि वर्ष 2026-27 के बजट में हिमाचल का राजस्व घाटा 6,577 करोड़ रुपए और राजकोषीय घाटा 9,698 करोड़ रुपए अनुमानित है। राजस्व घाटा जीएसडीपी का 2.4 प्रतिशत और राजकोषीय घाटा 3.5 प्रतिशत के करीब है। वहीं, वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा 6.6 प्रतिशत और राजस्व घाटा 9,812 करोड़ रुपए रहने का अनुमान था। आधिकारिक बजट दस्तावेज और बजट विश्लेषण में भी ये आंकड़े दर्ज हैं।

◆ चार वर्षीय ऋण प्रबंधन रणनीति पर उठाए सवाल

कपूर ने कहा कि सरकार की रणनीति में कम अवधि वाले नए बाजार ऋण से यथासंभव दूरी बनाकर 15 से 20 वर्ष या उससे अधिक अवधि के बॉन्ड के माध्यम से संसाधन जुटाने की बात कही गई है। उनका कहना है कि ऋण की अवधि बढ़ने से तत्काल पुनर्भुगतान का दबाव कम हो सकता है, लेकिन सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि इससे आने वाले वर्षों में कुल ब्याज भुगतान और वित्तीय देनदारियों पर क्या असर पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि सरकार वर्षवार बकाया कर्ज, ब्याज भुगतान, मूलधन पुनर्भुगतान और ऋण-जीडीपी अनुपात का विस्तृत ब्यौरा जनता के सामने रखे।

शिमला में लापता पिता का सातवें दिन सतलुज में मिला शव, बेटी अब भी लापता

पिकअप गाड़ी से नदी तक कैसे पहुंचा कुलदीप, पुलिस जांच में जुटी

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिमला के सुन्नी क्षेत्र में सात दिन से लापता पिता-पुत्री के मामले में रविवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। पुलिस और बचाव दल ने तलाशी अभियान के दौरान सतलुज नदी से कुलदीप का शव बरामद कर लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी भेज दिया गया है। वहीं, कुलदीप की 18 वर्षीय बेटी स्नेहा का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस और बचाव दल नदी तथा आसपास के क्षेत्रों में स्नेहा की तलाश में लगातार अभियान चला रहे हैं।

जानकारी के अनुसार 12 सितंबर की रात कुलदीप अपनी बेटी स्नेहा के साथ पिकअप गाड़ी में कुमारसैन की ओर गए थे। देर रात करीब डेढ़ बजे उन्होंने पत्नी को फोन कर बताया था कि वे पंदोआ पहुंच गए हैं और करीब दस मिनट में घर पहुंच जाएंगे। इसके बाद दोनों के मोबाइल फोन बंद हो गए। बाद में उनकी पिकअप गाड़ी सुन्नी क्षेत्र में सड़क किनारे लावारिस हालत में मिली थी। वाहन का कंडक्टर साइड का शीशा भी टूटा हुआ था। पुलिस इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि कुलदीप गाड़ी से नदी तक कैसे पहुंचे और घटना के पीछे वास्तविक परिस्थितियां क्या थीं।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज, स्नेहा की तलाश जारी

पुलिस को रविवार को सतलुज नदी से कुलदीप का शव मिला, जबकि मौके से मोबाइल फोन या ऐसी कोई अन्य वस्तु बरामद नहीं हुई है, जिससे घटना के संबंध में तत्काल कोई स्पष्ट जानकारी मिल सके। अब पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट से यह स्पष्ट होने में मदद मिलेगी कि कुलदीप की मौत नदी में डूबने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण था। पुलिस मामले के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है और स्नेहा की तलाश के लिए नदी व आसपास के क्षेत्रों में अभियान जारी है।

घर के अंदर घुसा तेंदुआ, 36 घंटे बाद वन विभाग ने किया रेस्क्यू

अनंत ज्ञान

नाहन। संगड़ाह क्षेत्र में एक मामला सामने आया है जहां एक घर के कमरे में तेंदुआ बंद हो गया और बाहर पूरा परिवार उसकी हर आहट से सहमा हुआ रहा। सिरमौर के संगड़ाह क्षेत्र के चूईनाधार गांव में करीब 36 घंटे कुछ ऐसा ही माहौल रहा। दरअसल, कुत्ते का शिकार करने घर में घुसा तेंदुआ खुद ही कमरे में फंस गया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर सकी।

जानकारी के अनुसार भलाड़-भलौना पंचायत के चूईनाधार गांव में सेवानिवृत्त शिक्षक मीना राम के घर में तेंदुआ घुस गया। बताया जा रहा है कि वह घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में कुत्ते का शिकार करने पहुंचा था। इसी दौरान तेंदुए और कुत्ते के बीच झड़प हुई और कमरे का दरवाजा बंद हो गया। इस बीच तेंदुआ अंदर फंस गया। जब परिवार को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने दरवाजा अच्छी तरह बंद कर दिया।

इसके बाद परिवार के सामने घर में घुसे तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकालने की चुनौती थी। किसी अनहोनी की आशंका के चलते परिवार के लोग कमरे के आसपास जाने से बचते रहे। लिहाजा, घटना की सूचना वन विभाग को सूचना दी गई। घर में तेंदुआ होने की खबर फैलते ही गांव में भी लोगों की आवाजाही और उत्सुकता बढ़ गई।

सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी संगड़ाह सत्य प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंची। तेंदुए को सुरक्षित काबू में लेने के लिए ट्रेंकुलाइजर और शार्प शूटर की व्यवस्था की गई। इन्हें बाहर से बुलाए जाने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन को पूरा करने में करीब 36 घंटे का समय लग गया। शनिवार देर शाम आखिरकार वन विभाग की टीम तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू करने में सफल रही। इसके बाद उसे साथ लगते जंगल में उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। तेंदुए के घर से बाहर निकलने और जंगल में पहुंचने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली।

अनिरुद्ध सिंह को लोक निर्माण, धर्माणी को शहरी विकास का जिम्मा

विक्रमादित्य सिंह के ब्राजील दौरे के बीच बदली विभागीय कमान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल सरकार के कामकाज की रफ्तार पर किसी तरह का विराम न लगे, इसके लिए मंत्री के विदेश दौरे के दौरान विभागीय जिम्मेदारियों की अस्थायी व्यवस्था कर दी गई है। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह इन दिनों अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ ब्राजील के आधिकारिक दौरे पर हैं। ऐसे में उनकी अनुपस्थिति के दौरान सरकार ने प्रशासनिक पहियों को लगातार गति देते हुए दोनों महत्वपूर्ण विभागों की कमान दो अन्य मंत्रियों को सौंप दी है।

जानकारी के अनुसार विक्रमादित्य सिंह 17 से 28 सितंबर तक ब्राजील के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। उनके विदेश प्रवास को देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने अंतरिम व्यवस्था संबंधी अधिसूचना जारी की है। इसके तहत लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह संभालेंगे। लोक निर्माण विभाग प्रदेश में सड़कों, पुलों और अन्य आधारभूत ढांचे से जुड़े कार्यों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में विभागीय निर्णयों और प्रशासनिक कामकाज में निरंतरता बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता रहेगी।

इसी क्रम में शहरी विकास विभाग का अतिरिक्त दायित्व नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी को सौंपा गया है। शहरों के विकास, नगरीय योजनाओं और संबंधित प्रशासनिक मामलों से जुड़े इस विभाग की जिम्मेदारी अब विक्रमादित्य सिंह की वापसी तक राजेश धर्माणी संभालेंगे। सरकार की ओर से की गई यह व्यवस्था पूरी तरह अंतरिम है, जिसका उद्देश्य मंत्री की अनुपस्थिति में विभागीय कामकाज को सुचारू बनाए रखना है।

शिमला लौटते ही वापस मिलेगी दोनों विभागों की जिम्मेदारी

विक्रमादित्य सिंह के शिमला लौटते ही लोक निर्माण एवं शहरी विकास विभागों का प्रभार पुनः उन्हें सौंप दिया जाएगा। यानी विदेश दौरे की अवधि में भले ही विभागीय जिम्मेदारियों का चेहरा बदला है, मगर यह बदलाव स्थायी नहीं है।

न्यूज ब्रीफ

मटौर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा मटौर, कांगड़ा में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव से किया गया। महात्मा अश्विनी ने प्रभु महिमा के भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को प्रेम और समर्पण का संदेश दिया। इसके बाद स्वामी मनप्रीत ने गुरु भक्ति एवं गुरु आज्ञा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु मनुष्य को जीवन के वास्तविक उद्देश्य से परिचित करवाकर आध्यात्मिक मार्ग पर सही दिशा प्रदान करते हैं।

ढलियारा कॉलेज के छात्र अभिकेत का दुबई में प्लेसमेंट

अनंत ज्ञान, परागपुर। राजकीय महाविद्यालय ढलियारा के बीवॉक हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग के छात्र अभिकेत राणा का दुबई के प्रतिष्ठित रिसॉर्ट वन एंड ओनली द पाम में एसोसिएट पद पर चयन हुआ है। उनकी उपलब्धि से महाविद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य प्रो. सुशील कुमार ने उन्हें बधाई दी। नोडल अधिकारी प्रो. कंचन रणौत ने इसे व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग से जुड़ाव का परिणाम बताया।

गरली दंगल: 2.61 लाख की मुख्य कुश्ती का नहीं निकला नतीजा, नीरज-रोहित संयुक्त विजेता

अनंत ज्ञान, परागपुर। गरली के ऐतिहासिक मैदान में शनिवार रात आयोजित कुश्ती दंगल में 2.61 लाख रुपए की मुख्य कुश्ती महाकाल अखाड़ा रोहतक के नीरज और मिर्चपुर हरियाणा के रोहित के बीच हुई। करीब 25 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में दोनों पहलवान बराबरी पर रहे। आयोजकों ने दोनों को संयुक्त विजेता घोषित कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ठाकुर बिक्रम सिंह ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलकूद में आगे बढ़ने का आह्वान किया। विधायक अमित वालिया विशेष अतिथि रहे।

विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें अधिकारी : मलेंद्र

अनंत ज्ञान, इंदौरा। उपमंडल स्तरीय योजना, विकास एवं 20-सूत्री कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक 21 सितंबर को सुबह 11 बजे राजकीय डिग्री कॉलेज इंदौरा में होगी। अध्यक्षता विधायक मलेंद्र राजन करेंगे। बैठक में विकास योजनाओं, 20-सूत्री कार्यक्रम, लंबित कार्यों और विभागीय समस्याओं की समीक्षा होगी। विधायक ने अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट व एटीआर सहित उपस्थित रहने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, सिंचाई और बिजली संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

कलियाडा में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलियाडा में चार दिवसीय अंडर-मेजर खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। उप शिक्षा निदेशक अजय समयाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उत्कृष्ट खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने कांगड़ा-चंबा के लोकनृत्य, भांगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत किए। अजय समयाल ने खिलाड़ियों से खेलों के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देने का आह्वान किया।

चंदरोट पंचायत के पूर्व सैनिक गरीब दास का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। विकास खंड बडोह की चंदरोट पंचायत के गलू गांव निवासी 84 वर्षीय सेवानिवृत्त सैनिक गरीब दास का शनिवार शाम को निधन हो गया। रविवार को टोपु नाला स्थित श्मशान घाट में उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गरीब दास ग्राम पंचायत चंदरोट के पूर्व में प्रधान भी रह चुके थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

डीएलएड परीक्षा : नकल हुई तो रद्द होगा सेंटर सीसीटीवी रिकॉर्डिंग 6 माह रखनी होगी सुरक्षित

प्रदेश में 26 केंद्र निर्धारित, शिक्षा बोर्ड ने अक्तूबर-नवंबर की परीक्षाओं के लिए जारी की अधिसूचना

अनंत ज्ञान

◆ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश की दो टूक- परीक्षा स्टाफ ने नकल में मदद की तो होगी कड़ी कार्रवाई

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अक्तूबर-नवंबर 2026 में होने वाली डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेशभर के 26 सरकारी और निजी संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

बोर्ड ने परीक्षाओं को लेकर अपना सख्त रुख साफ कर दिया है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी परीक्षा केंद्र पर सामूहिक नकल या नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया, तो उस केंद्र की मान्यता बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी जाएगी। परीक्षाओं को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सीसीटीवी को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों को कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम छह महीने तक सुरक्षित रखनी होगी। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत या अनियमितता की भनक लगने पर बोर्ड तुरंत संबंधित केंद्र से सीसीटीवी फुटेज तलब कर सकता है। यदि कोई केंद्र रिकॉर्डिंग उपलब्ध करवाने में विफल रहता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का पारदर्शी संचालन बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि निरीक्षण के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग, सामूहिक नकल या परीक्षा स्टाफ द्वारा परीक्षार्थियों की मदद करने का कोई भी मामला सामने आता है, तो केवल छात्रों पर ही नहीं, बल्कि संबंधित केंद्र और वहां तैनात स्टाफ पर भी गाज गिरेगी। केंद्राध्यक्षों और परीक्षा प्रभारियों को बोर्ड के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

अगली परीक्षाओं के लिए 'परफॉर्मेंस' ही होगा पैमाना

अधिसूचना में एक अहम नियम यह भी जोड़ा गया है कि किसी संस्थान का इस बार परीक्षा केंद्र बनना आगामी परीक्षाओं के लिए गारंटी नहीं होगा। अगली बार केंद्र बनाया जाएगा या नहीं, यह पूरी तरह से इस बात पर निर्भर करेगा कि मौजूदा परीक्षा कितनी गुणवत्ता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई गई। बोर्ड की औपचारिकताओं और नियमों पर खरा उतरने वाले केंद्रों को ही भविष्य में यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

छात्रों से अनुशासन की अपील: डॉ. शर्मा ने परीक्षार्थियों से भी अपील की है कि वे परीक्षा की गरिमा बनाए रखें और किसी भी तरह के अनुचित साधनों का प्रयोग न करें। 26 केंद्रों की पूरी सूची और विस्तृत अधिसूचना बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

सीबीएसई काउंसलिंग में 90 प्रतिशत स्कूल विकल्प से बाहर

अनंत ज्ञान

◆ 409 टीजीटी कला शिक्षकों को नियुक्ति के लिए जताया आभार

ब्यूरो, धर्मशाला। सीबीएसई इन-सर्विस शिक्षक काउंसलिंग में केवल 14 से 17 स्कूलों के विकल्प दिए जाने पर शिक्षकों ने चिंता जताई है। राजकीय टीजीटी कला संघ का कहना है कि भर्ती विज्ञापन में सभी सीबीएसई स्कूलों में मेरिट के आधार पर स्कूल चयन का अवसर देने का प्रावधान था। ऐसे में 145 स्कूलों में से सीमित विकल्प उपलब्ध होने से मेरिट में आए शिक्षक निराश हैं।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 5263 पदों के लिए 22 मार्च 2026 को लिखित परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें करीब दस हजार शिक्षकों ने भाग लिया। 7 मई 2026 को मेरिट सूची और परिणाम जारी किए गए। अब हाईकोर्ट के आदेशानुसार काउंसलिंग प्रस्तावित है, लेकिन सीमित स्कूल विकल्प को लेकर शिक्षक संघ ने व्यवस्था की उपयोगिता पर सवाल उठाए हैं।

संघ ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और शिक्षा निदेशक से मांग की है कि कैबिनेट सब-कमेटी के सुझावों के अनुसार अंतिम की गई नीति को स्पष्ट रूप से अधिसूचित करने के साथ इसकी खामियों की समीक्षा की जाए। प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल सहित पदाधिकारियों ने कहा कि केवल 10 प्रतिशत स्कूलों में नियुक्ति का विकल्प देना व्यावहारिक नहीं है। संघ ने 414 में से 409 टीजीटी कला शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। संघ के अनुसार मुख्यमंत्री ने तीन दिन में नियुक्तियां करने का आश्वासन दिया था। साथ ही टीजीटी से हेडमास्टर पदोन्नति सूची जारी करने का भी आश्वासन दिया गया है, जिसके इसी माह जारी होने की संभावना है।

विधायक काजल ने बैदी में किया बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने रविवार को बैदी गांव में लगभग पंद्रह लाख रुपए की लागत से बनाए गए बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। काजल ने कहा कि वे ग्रामीण स्तर पर युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिश कर रहे हैं।

विधायक काजल ने अपनी निधि से बैदी गांव में लगभग तीन लाख रुपए से बने पंचायत घर, दो लाख रुपये से शिव मंदिर परिसर के प्रांगण में टाइल और 70 हजार रुपए की लागत से बनाए गए बैडमिंटन कोर्ट का भी उद्घाटन किया। उन्होंने युवाओं से नशे और मोबाइल फोन से दूर रहकर खेलों और पढ़ाई में आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि गांव में सही जगह मिलने पर युवा छात्रों के लिए लाइब्रेरी का निर्माण करवाया जाएगा। काजल ने बताया कि बैदी गांव में लगभग 18 करोड़ रुपए की लागत से नई पीने के पानी की योजना के तहत वाटर स्टोरेज बनकर तैयार है। इस योजना से बैदी गांव और उससे लगे आधा दर्जन गांवों को भरपूर पीने का पानी मिलेगा। ग्रामीणों की सुविधा के लिए 15 बिजली मोटर से चलने वाले हैंडपंप भी लगाए गए हैं।

साइकिल चलाकर दिया फिटनेस का संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार सुबह धर्मशाला स्थित साई हॉस्टल से पत्रकारों के लिए 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकारों के साथ साई हॉस्टल के खिलाड़ियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइकिल चलाकर फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। धर्मशाला एनसीओई के सहायक निदेशक जयप्रकाश साहनी ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट वर्ष 2019 से संचालित किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक रविवार निर्धारित थीम के अनुसार 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इस बार पत्रकारों और मीडिया साथियों के साथ साइकिल रैली आयोजित करने की थीम रखी गई थी। पत्रकारों को फिट इंडिया मूवमेंट से जोड़ने का उद्देश्य फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कार्यक्रम में पत्रकारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे सक्रिय जीवनशैली का संदेश व्यापक स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

वर्किंग वूमेन हॉस्टल व गर्ल्स हॉस्टल से होगा नगरोटा की महिलाओं का जीवन सुदृढ़

◆ रौंखर में 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में बोले आरएस बाली

अनंत ज्ञान

कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं और बेटियों के लिए सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। राजियाणा में वर्किंग वूमेन हॉस्टल तथा डिग्री कॉलेज नगरोटा में गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कार्य जारी है। जल्द ही दोनों सुविधाएं महिलाओं और बेटियों को समर्पित की जाएंगी। यह बात विधायक नगरोटा एवं पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने रौंखर पंचायत में आयोजित 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं घर-द्वार पर सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत में करवाए गए विकास कार्यों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। आरएस बाली ने बताया कि विकास खंड के माध्यम से पंचायत में विभिन्न योजनाओं के तहत 164 विकास कार्यों पर करीब 1 करोड़ 43 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। पंचायत की मांग पर उन्होंने ग्राउंड निर्माण के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को ग्राउंड में वॉलीबॉल, बास्केटबाल, बैडमिंटन और कबड्डी की सुविधाएं विकसित करने के साथ बुजुर्गों के लिए ओपन एयर जिम तथा स्टेज बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर नाले के ऊपर पैदल आवागमन के लिए पुलिया निर्माण को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा-2 में उमड़ा ओबीसी समाज, जगह-जगह भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। ओबीसी संघर्ष समिति, हिमाचल प्रदेश द्वारा ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों को लागू करवाने तथा सरकार का ध्यान लंबे समय से लंबित मांगों की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से रविवार को आयोजित ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा-2 सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

पालमपुर से शाहपुर तक आयोजित इस कार-बाइक रैली में ओबीसी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रैली का आयोजन पालमपुर से शाहपुर रखा किया गया। पुराना मटौर में विधाकय काजल ने यात्रा को समर्थन देकर स्वागत किया। ओबीसी संघर्ष समिति ने कहा कि यह यात्रा केवल एक रैली नहीं, बल्कि ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों, समान अवसर और सामाजिक न्याय की मांग को सरकार तक पहुंचाने का लोकतांत्रिक माध्यम है। शाहपुर में रैली के समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ओबीसी समाज लंबे समय से अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। ओबीसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष सौरभ कौंडल ने कहा कि पिछले वर्ष आज के दिन सरकार को भेजे गए 21 सूत्री मांग पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति की प्रमुख मांगों में हिमाचल प्रदेश में 93वें संविधान संशोधन को प्रभावी रूप से लागू करना, ओबीसी वर्ग के लिए शिक्षा एवं रोजगार में प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना, ओबीसी प्रमाण-पत्र की वैधता अवधि बढ़ाना, सभी लंबित बैकलॉग पदों को शीघ्र भरना, रोस्टर व्यवस्था को सही तरीके से लागू करना, ओबीसी वर्ग की जनगणना करवाना, ओबीसी कल्याण के लिए पृथक बजट का प्रावधान करना तथा छात्रावास सहित अन्य शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना शामिल हैं।

सत्ता के मद में जनसरोकार भूली कांग्रेस सरकार, अब जनता मांग रही हर वादे का हिसाब: परमार

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। वरिष्ठ नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सत्ता के मद में डूबी प्रदेश सरकार आज जनसरोकारों से पूरी तरह विमुख होती दिखाई दे रही है। सरकार ने सत्ता में आने से पहले जनता से बड़े वादे किए थे, लेकिन अब वही वादे सरकार के लिए असहज प्रश्न बन चुके हैं। प्रदेश की जनता अब भाषण और घोषणाएं नहीं, बल्कि अपने प्रत्येक वादे का स्पष्ट हिसाब मांग रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में आर्थिक दबाव की चर्चा स्वयं सरकारी स्तर पर होती रही है। ऐसे समय में सरकार की प्रत्येक नीति और प्रत्येक व्यय का जनहित की कसौटी पर परीक्षण होना आवश्यक है। प्रदेश के कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभ, युवाओं के रोजगार, महिलाओं से किए गए वादे, किसानों-बागवानों की समस्याएं तथा ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाएं सरकार के समक्ष गंभीर प्रश्न बनकर खड़ी हैं। विपिन सिंह परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का युवा रोजगार के अवसरों की प्रतीक्षा कर रहा है। बेरोजगार युवाओं के सामने भविष्य की चिंता है। दूसरी ओर कर्मचारी अपने लंबित अधिकारों और वित्तीय लाभों को लेकर सरकार की ओर देख रहे हैं। परमार ने सरकार को घोषणाओं का मायाजाल छोड़कर जनसरोकारों की ओर लौटना होगा और जनता से किए प्रत्येक वादे का स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं सार्वजनिक हिसाब देना होगा।

भरदोया के जंगल में खैर के पेड़ों पर फिर चली कुल्हाड़ी, 37 मोच्छे बरामद

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। वन परिक्षेत्र भदरोया के तहत वन विभाग ने खैर की लकड़ी की तस्करी की एक और कोशिश को नाकाम कर दिया। वन माफिया द्वारा खैर के पेड़ काटकर लकड़ी को जंगल में छिपाकर रखा गया था, जिसे तस्कर सुबह तड़के ठिकाने लगाने की तैयारी में थे।

गुप्त सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खैर के 37 मोच्छे बरामद कर अपने कब्जे में ले लिए। वन परिक्षेत्र अधिकारी भदरोया अब्दुल हमीद ने बताया कि सूचना के आधार पर टीम ने क्षेत्र में दबिश दी। मौके पर खैर के पेड़ों के कटे हुए अवशेष मिले। प्रारंभिक जांच में कुल पांच खैर के पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई है। इनमें चार पेड़ रामगोपाल मंदिर की भूमि तथा एक पेड़ वन विभाग की भूमि से काटा गया था। पेड़ों को काटकर उनके मोच्छे तैयार किए गए थे। अधिकारियों के अनुसार तस्कर लकड़ी को जंगल में छोड़कर चले गए थे और बाद में बेचने की तैयारी थी। वन विभाग ने लकड़ी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अब्दुल हमीद ने बताया कि मामले में शामिल लोगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद है।

चंबा में कल से जुटेंगे देशभर से इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक

◆ 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 से अधिक चिकित्सक होंगे शामिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। विश्व प्रसिद्ध हर्बल आधारित चिकित्सा पद्धति-इलेक्ट्रो होम्योपैथी पर चंबा में 22-27 सितंबर तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसमें देशभर से करीब 150 से अधिक चिकित्सक शामिल होंगे, जो इस चिकित्सा पद्धति की बारीकियों और विशेषताओं से रू-ब-रू होंगे। प्रेस बयान में हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक एसोसिएशन (हेडा) के राज्य संयोजक सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश में पिछले तीन दशकों से लगातार चिकित्सा पद्धति में विकास एवं शोध कार्य चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि रबिसन इंडिया इलेक्ट्रोहोम्यो फार्मा के माध्यम से भारत में लोगों को गुणवत्तापूर्ण औषधि उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे देश के विभिन्न राज्यों में कार्यरत स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को लाभ मिल रहा है। इस चिकित्सा पद्धति में हर प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, जिससे देश में दिनोंदिन ख्याति बढ़ती जा रही है। राज्य संयोजक ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति इन दिनों देशभर में भ्रमण करके गहन जांच कर रही है, ताकि जल्द ही केंद्र सरकार की मंजूरी प्राप्त की जाए। बहरहाल एसोसिएशन और रबिसन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

सादिक खान प्रदेश वक्फ बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में चुने मेंबर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सादिक खान को हिमाचल प्रदेश वक्फ बोर्ड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में सदस्य चुना गया है। कांगड़ा जिले के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत घरोह पंचायत के रहने वाले सादिक खान लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं और विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। सादिक खान ने धर्मशाला कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की है। वह हिमाचल में सड़क, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक मसलों से जुड़े विषयों पर अपनी बेबाक राय रखने के लिए जाने जाते हैं। सादिक खान ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन हैं। इसके साथ ही वह ऑल इंडिया कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। वक्फ बोर्ड में सदस्य चुने जाने पर सादिक खान ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

दलाई लामा की दीर्घायु के लिए हवन, विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने की प्रार्थना

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मगुरु दलाई लामा की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना को लेकर रविवार को हनुमान मंदिर, कचहरी अड्डा धर्मशाला में विशेष प्रार्थना एवं हवन का आयोजन किया गया। धर्मशाला हिंदू चैप्टर- धार्मिक सद्भाव एवं विश्व शांति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने अपनी-अपनी धार्मिक परंपराओं के अनुसार प्रार्थना कर दलाई लामा के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में धार्मिक सद्भाव, करुणा, मैत्री, अहिंसा और विश्व शांति का संदेश दिया गया। विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों का एक मंच पर एकत्रित होना आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर सभी धर्मों के प्रति सम्मान और मानव कल्याण की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। मुख्य यजमान एवं हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि दलाई लामा का जीवन करुणा, प्रेम, अहिंसा और मानवीय मूल्यों का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मानवता, धार्मिक सद्भाव और विश्व शांति के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना पर जोर देते हुए सभी से भाईचारा, परस्पर सम्मान और शांति को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

समापन सांसद अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अंडर-19 छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

वॉलीबॉल में ज्वालामुखी व खो-खो में जवाली जोन विजेता

◆ बोले- खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण

अनंत ज्ञान

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। बक्शी प्रताप सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चढ़ियार में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 छात्राओं की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ।

समापन समारोह में राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। समारोह में मुख्यातिथि ने मार्च पास्ट की सलामी ली। विद्यालय प्रशासन एवं स्थानीय लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में जिले के 15 जोनों से लगभग 540 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान कबड्डरी, खो-खो, वॉलीबॉल तथा कुश्ती की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि आज महिलाएं और बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे बढ़ रही हैं। खेलों के क्षेत्र में भी छात्राओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश की बेटियों की क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए क्योंकि खेल स्वस्थ जीवनशैली और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता के दौरान भोजन व्यवस्था के लिए 11 हजार रुपए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों के प्रोत्साहन स्वरूप 5 हजार रुपए देने की घोषणा की। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी में जवाली जोन विजेता तथा फतेहपुर उपविजेता रहा।

वॉलीबॉल में ज्वालामुखी विजेता तथा जवाली उपविजेता रहा। खो-खो में जवाली ने विजेता तथा शाहपुर ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। कुश्ती के विभिन्न वर्गों में फतेहपुर जोन विजेता तथा हारचकियां जोन उपविजेता रहा।

न्यूज ब्रीफ

विधायक रणजीत 23 को टौणी देवी में सुनेंगे समस्याएं

अनंत ज्ञान, टौणी देवी। टौणी देवी मंदिर सभागार में 23 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे 'विधायक जनता के दरबार' कार्यक्रम आयोजित होगा। सुजानपुर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित जनता की समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजिंद्र वर्मा ने बताया कि हर माह की 23 तारीख को यह कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखने का आग्रह किया।

चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। पीएम श्री सीबीएसई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टिहरा में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का समापन हुआ। प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और जिज्ञासा व रचनात्मकता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। ब्लॉक समन्वयक हकीम चंद के मार्गदर्शन में विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि प्रदर्शित की।

सुजानपुर कॉलेज में मतदान अधिकार का बताया महत्व

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप प्राचार्य डॉ. प्रमोज कुमार शर्मा ने युवाओं को लोकतंत्र में उनकी भूमिका और मतदान अधिकार के महत्व से अवगत करवाया। नोडल अधिकारी प्रो. राजीव ठाकुर ने मतदाता पंजीकरण, मतदान प्रक्रिया और जिम्मेदारियों की जानकारी दी। प्रो. वंदना सूद ने बताया कि जल्द ही महाविद्यालय में मतदाता पंजीकरण कैंप लगाया जाएगा। विद्यार्थियों से इसका लाभ उठाने का आग्रह किया गया।

जिप सदस्य रजनी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज की ग्राम पंचायत बजडोह के गांव बड़ोह वार्ड नंबर-5 में जिला परिषद सदस्य रजनी देवी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। रजनी देवी ने लोगों का आभार जताते हुए क्षेत्र के विकास के लिए ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की बात कही। ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याएं उनके समक्ष रखीं। उन्होंने मौके पर पहुंचकर समस्याओं का निरीक्षण किया और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

बलदेव सिंह के निधन से पेंशनर्स समाज में शोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। हिम-आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर के वरिष्ठ सदस्य बलदेव सिंह ठाकुर, निवासी वार्ड नंबर-9, का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पेंशनर समाज में शोक की लहर है। संघ पदाधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताते हुए परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने बलदेव सिंह को कर्मठ, मिलनसार, मधुरभाषी और शांत स्वभाव का व्यक्ति बताया। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त बलदेव सिंह का पेंशनर भवन की देखरेख में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

20000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किए गुफा के दर्शन, सुबह से ही लग गई थी लाइनें

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ धाम दियोटसिद्ध मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं के बहुत ज्यादा भीड़ देखने को मिली। रविवार को 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बालक नाथ की पवित्र गुफा में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। सुबह पांच बजे आरती के समय से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो दोपहर तक जारी रहीं। दिनभर मंदिर परिसर बाबा के जयकारों से गूंजता रहा।रविवार को सुबह से ही पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का

सिलसिला शुरू हो गया था। देखते ही देखते मंदिर परिसर और दर्शन मार्ग श्रद्धालुओं से भर गया। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन करवाए गए। भारी भीड़ के चलते दोपहर तक दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं में बाबा के दर्शन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बीते दिनों श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आ रही थी, लेकिन रविवार को एक बार फिर से श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हो गया। मंदिर परिसर और आसपास दुकानें चलाने वाले व्यापारियों को भी इह भीड़ का फायदा हो रहा है।

पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन को भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस जवानों ने दर्शन मार्ग और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। मंदिर प्रबंधन की ओर से भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी गई। मंदिर अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि रविवार को करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बालक नाथ की पवित्र गुफा के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को दर्शन, भोजन और अन्य सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध करवाने के लिए मंदिर प्रशासन लगातार प्रयासरत रहा।

पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट चुनाव

हमीरपुर में भी पड़े वोट, 350 में से 100 वोटरों ने किया मतदान

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। पंजाब विश्वविद्यालय सीनेट चुनाव-2026 के लिए शनिवार को हमीरपुर में भी मतदान हुआ। करीब चार साल बाद हो रहे इन चुनावों के लिए हमीरपुर को भी पोलिंग सेंटर बनाया गया था। यहां पंजीकृत ग्रेजुएट और एफिलिएटेड आर्ट्स कॉलेज कोटे के लिए वोट डाले गए।

जानकारी के अनुसार हमीरपुर केंद्र में करीब 350 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से लगभग 100 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गौरतलब है कि पंजाब यूनिवर्सिटी की 91 सदस्यीय सीनेट में 49 सीटों पर चुनाव हो रहा है। पिछली सीनेट का कार्यकाल अक्तूबर 2024 में समाप्त हो गया था और लंबे छात्र आंदोलन के बाद उपराष्ट्रपति एवं कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने चुनाव कार्यक्रम को मंजूरी दी थी। 7 सितंबर को टेक्निकल और प्रोफेशनल कॉलेजों के प्रिंसिपल व स्टाफ, 14 सितंबर को टीचिंग डिपार्टमेंट के प्रोफेसर, एसोसिएट व असिस्टेंट प्रोफेसर और 20 सितंबर को एफिलिएटेड आर्ट्स कॉलेजों के प्रमुख, फैकल्टी और रजिस्टर्ड ग्रेजुएट के लिए मतदान तय किया गया था। इसी क्रम में आज हमीरपुर में भी वोट डाले गए। इस चरण के वोटों की गिनती 23 सितंबर से शुरू होगी। जबकि विभिन्न संकायों की अंतिम चरण की वोटिंग चंडीगढ़ कैंपस में होगी और उसी दिन परिणाम आएगा।

हमीरपुर के सन्नी खान बने प्रदेश वक्फ बोर्ड के सदस्य

अनंत ज्ञान

◆ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जताया आभार

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हमीरपुर के सन्नी खान को हिमाचल प्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर सन्नी खान ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

सन्नी खान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य के रूप में मुझे नियुक्त किए जाने पर मैं माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। सन्नी खान पूर्व में एनएसयूआई, जवाहर बाल मंच और यूथ कांग्रेस सहित कांग्रेस संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।

बताया गया कि उन्होंने करीब 15 वर्षों तक एनएसयूआई और कांग्रेस संगठन के साथ जुड़कर अपनी सेवाएं दी हैं। उनकी नियुक्ति पर समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। समर्थकों ने उनके सफल एवं सार्थक कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड के सदस्य के रूप में सन्नी खान को मिली यह नई जिम्मेदारी उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव के अनुरूप महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगी। सन्नी खान ने भी नई जिम्मेदारी के लिए विश्वास जताने पर मुख्यमंत्री सहित सरकार का आभार व्यक्त किया और जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने की बात कही।

रूफटॉप सोलर और स्मार्ट मीटर के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, भोरंज। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उपमंडल भोरंज की ओर से 19 सितंबर को उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की प्रक्रिया, बिजली बचत और इसके लाभों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, बिजली खपत की निगरानी और बिलिंग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। इस दौरान उपभोक्ताओं ने विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका समाधान करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विद्युत उपमंडल भरेड़ी के सहायक अभियंता संजय कुमार, बैंक प्रतिनिधि आर. अधिकारी, विद्युत उपमंडल भोरंज के सहायक अभियंता वीरेंद्र कुमार सहित उपभोक्ता मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से सौर ऊर्जा अपनाने और स्मार्ट मीटर से जुड़ी सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने गसोता महादेव मंदिर में शीश नवाया

हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने गसोता महादेव मंदिर में शीश नवाया। तत्पश्चात विधायक हमीरपुर सदर आशीष शर्मा के निवास स्थान पधारकर सभी से आत्मीय भेंट की। अनंत ज्ञान

नगर निगम के कर्मचारियों, महिलाओं और स्वच्छता साथियों ने की सफाई

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। नगर निगम क्षेत्र हमीरपुर में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई की मुहिम चलाई गई है।

नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा की ओर से इस अभियान के शुभारंभ के बाद निगम के अधिकारी, कर्मचारी, शहर के विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य और स्वच्छता साथी विभिन्न वार्डों में जाकर सफाई कर रहे हैं। इस दौरान कूड़े के हॉट स्पॉट्स पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है।

इसी कड़ी में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रिलायंस स्मार्ट प्वॉइंट के पास भी सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों और नगर निगम के स्वच्छता साथियों ने जहां-तहां बिखरे कूड़े को उठाया तथा पूरे क्षेत्र की सफाई की। इस दौरान स्थानीय लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया तथा उनसे भविष्य में कूड़ा जहां-तहां न फैंकने की अपील भी की गई।

नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने हमीरपुर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने के लिए सभी नागरिकों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया है।

आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों के खाली पदों को बैचवाइज और कमीशन से भरने की मांग

अनंत ज्ञान, जाहू। प्रदेश की आयुर्वेदिक डिस्पेंसरियों में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के करीब 150 से 200 पद खाली चल रहे हैं। फार्मासिस्टों के पद रिक्त होने के कारण लोगों को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाएं सही ढंग से नहीं मिल पा रही हैं। इन पदों को जल्द न भरने की को लेकर बेरोजगार आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों में प्रदेश सरकार के प्रति रोष है। इसमें आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट प्रदेश में लगभग तीन हजार से अधिक बेरोजगार है। बेरोजगार आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि खाली पदों को बैचवाइज और कमीशन के माध्यम से भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी भर्ती नहीं हो पाई है। बेरोजगार फार्मासिस्टों पदमा शर्मा, राजेश कुमार, सतीश कुमार, राकेश कुमार, कमलेश कुमारी, सरोज कुमारी, हेमंत शर्मा, कुलदीप कुमार, प्रदीप कुमार, शंकर देवी, सिमरो देवी, कमला देवी, आशा कुमारी, अनिता कुमारी, संतोष कुमारी, प्रकाश देवी, वैष्णो देवी, रतन चंद और सुरेश कुमार ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बैचवाइज और कमीशन के माध्यम से आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के रिक्त पदों को भरने की अधिसूचना जल्द जारी की जाए। इन रोजगार फार्मासिस्ट का कहना है कि प्रदेश सरकार के द्वारा कमिश्नर और बैच वाइज की भर्ती न होने की वजह से अधिकतर आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट ओवरेज हो रहे हैं।आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट की ट्रेनिंग के लिए लाखो रुपए खर्च करने के बावजूद भी रोजगार समय पर नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग की, ताकि लोगों को घर-द्वार पर बेहतर आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

जयराम के सम्मान समारोह के बहाने राजेंद्र राणा ने फिर दिखाई ताकत

अनंत ज्ञान

◆ जियाणा में जुटी भारी भीड़ ने बढ़ाई सियासी सरगर्मी

ब्यूरो, हमीरपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के 'सम्मान समारोह' के बहाने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने एक बार फिर सुजानपुर में अपनी ताकत का अहसास करा दिया। सुजानपुर के जियाणा में आयोजित इस कार्यक्रम में जुटी भारी भीड़ ने न केवल कार्यक्रम को सफल बनाया, बल्कि सियासी गलियारों में भी चर्चाओं को तेज कर दिया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर रहे, लेकिन पूरा आयोजन राजेंद्र राणा के समर्थकों के जिम्मे रहा। सुबह से ही जियाणा में भाजपा कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों का आना शुरू हो गया था। दोपहर तक पंडाल खचाखच भर गया। भीड़ का आलम यह था कि कई लोग पंडाल के बाहर खड़े होकर भाषण सुनते रहे। राणा समर्थकों ने जयराम ठाकुर के स्वागत में जगह-जगह तोरण द्वार लगाए और बाइक रैली निकालकर काफिले का स्वागत किया।मंच संचालन के दौरान जब राजेंद्र राणा ने जयराम ठाकुर का स्वागत किया तो पूरे पंडाल में नारेबाजी गूंज उठी। राजनीतिक जानकार इसे राणा की ओर से शक्ति प्रदर्शन के रूप में देख रहे हैं। विधानसभा चुनाव में हार के बाद भी राणा का जनाधार बरकरार है, इसका संदेश इस भीड़ के जरिए देने की कोशिश की गई। पंचायत चुनाव में सुजानपुर ब्लॉक में भाजपा समर्थित 80 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधियों की जीत को भी राणा खेमे की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। अपने संबोधन में राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर की जनता ने हमेशा विकास की राजनीति को तरजीह दी है और पंचायत चुनाव के नतीजों ने साबित कर दिया है कि लोग कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा और मजबूत होगी। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने राजेंद्र राणा की मेहनत और सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों में बढ़ती रुचि को दर्शाती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि उमड़ा जनसैलाब बदलाव का संकेत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों की सहभागिता की भी सराहना की। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से लोग पहुंचे और आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, कमलेश धीमान, डॉ. अनिल धीमान, विनोद कुमार, अभिषेक राणा सहित पंच, सरपंच, बीडीसी, जिप सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विनीत कालिया और कैप्टन तिलक बने भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कैप्टन मदन लाल बनयाल ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श करने के उपरांत भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ मंडल शहरी एवं ग्रामीण हमीरपुर के संयोजकों की नियुक्ति कर दी है। भाजपा मंडल ग्रामीण पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का संयोजक कैप्टन तिलक राज शर्मा निवासी लंबलू को बनाया गया है। वहीं, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ शहरी मंडल हमीरपुर का संयोजक विनीत कुमार कालिया निवासी सासन को बनाया गया है। जिला संयोजक मदन बनयाल ने बताया कि बजूरी पंचायत निवासी कैप्टन मनोहर लाल जसवाल को प्रदेश पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की तरफ से पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला हमीरपुर का सह संयोजक बनाया गया है। विधायक आशीष शर्मा ने दोनों मंडलों के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नए दायित्व की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी को और मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों को जोड़ेंगे एवं पार्टी के कार्यक्रमों व गतिविधियों में बढ़चढ़कर भाग लेंगे।

◆ भाजपा मंडल शहरी एवं ग्रामीण पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक, सह संयोजक घोषित

◆ विधायक आशीष शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दीं शुभकामनाएं

एनएससीबीएम कॉलेज हमीरपुर ने रचा इतिहास, टियर-1 रैंकिंग व लाइब्रेरी ग्रेडिंग में प्रदेशभर में अव्वल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर ने प्रदेश की उच्च शिक्षा में इतिहास रचते हुए दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आयोजित टियर वाइज इंटरनल रैंकिंग ऑफ गवर्नमेंट कॉलेजेज में महाविद्यालय ने टियर-1 श्रेणी में प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश के 142 राजकीय महाविद्यालयों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें हमीरपुर कॉलेज ने 1100 में से 1034.5 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पाया।

इसके साथ ही महाविद्यालय के पुस्तकालय ने भी सरकारी डिग्री कॉलेजों की लाइब्रेरी ग्रेडिंग में लेवल-4 में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। पुस्तकालय को संसाधनों की उपलब्धता, डिजिटल एकीकरण, संचालन दक्षता, उपयोगकर्ता संतुष्टि और उत्कृष्ट आधारभूत संरचना के लिए सराहा गया है। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी के कार्यकाल में अकादमिक गुणवत्ता और प्रशासनिक सुधारों की दिशा में किए गए प्रयासों ने इन उपलब्धियों की नींव रखी। वर्तमान प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह ने कहा कि यह सम्मान सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। महाविद्यालय परिवार ने दोनों प्राचार्यों के नेतृत्व पर आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री झूठ बोलना बंद करें, थोड़ा इतिहास के पन्ने भी पलट लीजिए: विजय अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान

◆ मेडिकल कॉलेज को लेकर सीएम के दावे पर पूर्व विधायक का पलटवार

हमीरपुर। भाजपा नेता एवं नादौन के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को सार्वजनिक मंचों से बयान देने से पहले इतिहास के पन्ने पलटकर तथ्यों की जानकारी अवश्य ले लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री झूठ बोलना बंद करें और जनता को गुमराह करने के बजाय वास्तविक तथ्यों के आधार पर बात करें।

विजय अग्निहोत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने हालिया नादौन दौरे के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर (डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज) को लेकर जिस तरह के दावे कर रहे हैं, वे उस समय की राजनीतिक स्थिति से मेल नहीं खाते। वर्ष 2014 में न तो सुक्खू नादौन के विधायक थे और न ही उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। उस दौरान प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, जबकि वर्ष 2012 से 2017 तक नादौन विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व स्वयं विजय अग्निहोत्री कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनसभा में दावा किया था कि 22 फरवरी 2014 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने मेडिकल कॉलेज को स्वीकृति दी थी, 1 मार्च 2014 को इसके लिए 179 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया था और वन स्वीकृति भी उनके विधायक रहते हुए दिलवाई गई थी। विजय अग्निहोत्री ने इन दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि जब वर्ष 2014 में नादौन से विधायक विजय अग्निहोत्री थे, तो वे किस हैसियत से अपने विधायक रहते वन स्वीकृति दिलवाने का दावा कर रहे हैं? अग्निहोत्री ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 393 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध करवाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने मेडिकल कॉलेज के लिए आवश्यक भूमि और अन्य वैधानिक स्वीकृतियां उपलब्ध नहीं करवाई थीं। वर्ष 2017 में जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद ही इन आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने की दिशा में कार्य हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को विकास कार्यों का श्रेय लेने की जल्दबाजी में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री को यह समझना चाहिए कि सार्वजनिक जीवन में बयानबाजी से अधिक महत्व तथ्यों और ऐतिहासिक सच्चाई का होता है।

भोरंज महाविद्यालय की बड़ी उपलब्धि टियर-टू श्रेणी में प्रदेशभर में दूसरा स्थान

अनंत ज्ञान, जाहू। भोरंज कॉलेज ने प्रदेश की वार्षिक महाविद्यालय रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है। सरकार और शिक्षा विभाग की ओर से महाविद्यालयों की स्वमूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर जारी नवीनतम वार्षिक रैंकिंग में राजकीय महाविद्यालय भोरंज ने टियर-टू श्रेणी में प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। महाविद्यालय के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ओवरऑल राज्य रैंकिंग में भी संस्थान ने पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ष 12वें स्थान पर रहा महाविद्यालय इस बार चार पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार रैंकिंग में सुधार शैक्षणिक उपलब्धियों, प्रशासनिक व्यवस्था और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। मनाली में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्राचार्य सम्मेलन के दौरान राजकीय महाविद्यालय भोरंज के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर ने महाविद्यालय की उपलब्धियों से जुड़ी प्रस्तुति दी। डॉ. विजय ठाकुर ने इस उपलब्धि का श्रेय महाविद्यालय के समूचे परिवार को देते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे महाविद्यालय परिवार की सामूहिक मेहनत, समर्पण और प्रयासों का परिणाम है। टियर-टू श्रेणी में प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल करने के साथ ओवरऑल रैंकिंग में 12वें से आठवें स्थान पर पहुंचना महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। महाविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है।

अमनेड में लगाई जाएंगी सोलर लाइटें रास्तों की करवाई जाएगी मरम्मत: बिट्टू

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। सुनील शर्मा बिट्टू ने शनिवार शाम को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव अमनेड का दौरा करके स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। बिट्टू का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया तथा अपनी समस्याएं एवं मांगें उनके समक्ष रखीं। बिट्टू ने कहा कि गांव के क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर करवाई जाएगी। गांव के लिए सोलर लाइटों की व्यवस्था भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि गांव में सभी आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि लोगों को भविष्य में किसी भी तरह समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अमनेड की डिस्पेंसरी का दर्जा बढ़ाने का मामला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में कई बड़ी विकासात्मक परियोजनाएं मंजूर की गई हैं, जिससे यह जिला विकास के कई बड़े आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम के बाद सुनील शर्मा बिट्टू ने स्थानीय निवासी मदन लाल के घर में गो दान पूजन कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस अवसर पर प्रधान राकेश कुमार, उपप्रधान अजय, वार्ड पंच सुमित, रणवीर, एसएल ठाकुर, साक्षी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

किसान फार्मर आईडी बनवाएं, योजना का लाभ पाएं: कृषि विभाग

अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। कृषि विभाग सुंदरनगर, जिला मंडी द्वारा किसानों को एग्रीस्टैक के तहत फार्मर आईडी पंजीकरण करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभाग के अनुसार इससे किसानों की भूमि, फसल व अन्य कृषि संबंधी जानकारी डिजिटल रूप से एकीकृत होगी और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी। किसान नजदीकी सीएससी केंद्र या कृषि विभाग के कार्यालय में पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और भूमि संबंधी दस्तावेज आवश्यक होंगे। विभाग ने किसानों से अधिकृत केंद्रों पर ही जानकारी साझा करने और जल्द फार्मर आईडी बनवाने की अपील की है। ब्लॉक स्तर पर पंजीकरण शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानकारी सुंदरनगर के विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. शमशेर सिंह ने दी।

देव पशाकोट के पूर्व गुर रमेश चंद का निधन

अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट। चौहार घाटी में देवादि देव पशाकोट के पूर्व गुर एवं पूर्व सैनिक लुंडरा गांव निवासी रमेश चंद का गत दिन हाई फीवर इंफेक्शन के चलते आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से देव समाज सहित चौहार घाटी में शोक की लहर है। रविवार को स्थानीय श्मशान घाट में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय जिला परिषद सदस्य रोशन लाल ने बताया कि रमेश चंद ने देव पशाकोट के गुर का दायित्व संभालते हुए देव समाज और लोगों की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुर का दायित्व छोड़ने के बाद भी उनके घर पर जरूरतमंद और दीन-दुखी लोगों की सेवा का सिलसिला जारी रहा। रोशन लाल ने कहा कि रमेश चंद का जीवन देव और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। उनके निधन से देव समाज और चौहार घाटी को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने अपनी ओर से, देव समाज तथा चौहार घाटी के समस्त लोगों की ओर से शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

नाबालिग की मौत पर 20.85 लाख मुआवजा देने के आदेश

अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल, सुंदरनगर ने सड़क हादसे में नाबालिग बच्ची की मौत के मामले में उसके माता-पिता को 20,84,888 रुपए मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। ट्रिब्यूनल ने मुआवजा राशि पर 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के भी निर्देश दिए हैं। मामला 11 मई 2023 को तारोट स्थित पेट्रोल पंप के पास हुए सड़क हादसे से जुड़ा है। मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर ट्रिब्यूनल ने वाहन चालक की लापरवाही को हादसे का कारण माना। मुआवजा राशि निर्धारित करते समय 13,062 रुपये मासिक न्यूनतम मजदूरी, भविष्य की संभावनाओं के लिए 40 प्रतिशत वृद्धि और 18 के गुणक को आधार बनाया गया। वाहन का बीमा हादसे के समय वैध पाए जाने के बाद ट्रिब्यूनल ने जूनो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को निर्धारित मुआवजा राशि जमा करने के निर्देश दिए। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता ललित ठाकुर ने पैरवी की।

मोहन सिंह बने जलशक्ति कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष

अनंत ज्ञान,महादेव। जलशक्ति विभाग अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला मंडी की त्रैवार्षिक चुनाव प्रक्रिया रविवार को विश्राम गृह बग्गी के हॉल में संपन्न हुई।

चुनाव प्रदेशाध्यक्ष एलडी चौहान की अध्यक्षता में करवाए गए। महासंघ की ओर से भरत सिंह धौलटा को चुनाव पर्यवेक्षक तथा गुरदेव सिंह चौधरी को सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। चुनाव में मोहन सिंह को जिला मंडी का प्रधान, लोकपाल को महासचिव, विनोद कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देस राज को कोषाध्यक्ष, सरन लाल को मुख्य सलाहकार तथा देव राज को प्रेस सचिव चुना गया। वहीं पुकार सिंह और मुकेश कुमार को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित प्रधान मोहन सिंह और महासचिव लोकपाल ने कहा कि कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि विभाग में कार्यरत हर वर्ग के कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को उचित मंच पर प्रमुखता से उठाया जाएगा तथा उनके समाधान के लिए प्रयास जारी रहेंगे। प्रदेशाध्यक्ष एलडी चौहान ने बताया कि प्रदेश के आठ जिलों में महासंघ की त्रैवार्षिक चुनाव प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष चार जिलों में कार्यकारिणी के गठन के बाद राज्य कार्यकारिणी के त्रैवार्षिक चुनाव भी जल्द करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

पवन ठाकुर ने किया मुख्यमंत्री की योजनाओं का गुणगान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। भद्रोता क्षेत्र की ग्राम पंचायत भद्रवाड़, रिस्सा, पिंगला एवं चंदेश में महासचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पवन कुमार ने महिलाओं एवं स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री 'अपना परिवार सुखी परिवार' योजना के बारे में जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2026 से इस योजना को शुरू करने की घोषणा की गई है। योजना के तहत पात्र गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों की महिलाओं को ₹1,500 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। इस अवसर पर पवन कुमार ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे योजना की पात्रता एवं लाभ से संबंधित जानकारी प्राप्त करें तथा पात्र परिवार इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाएं। महिलाओं का सम्मान – परिवारों का सशक्तिकरण – जनकल्याण की दिशा में मजबूत कदम।

एचआरटीसी की ई-बसों से सफर हुआ आरामदायक

मंडी में ई-बसों ने बचाए 19.32 लाख रुपए, डीजल के मुकाबले परिचालन लागत में बड़ी बचत

अनंत ज्ञान

अनिल शर्मा, मंडी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल से हिमाचल में स्वच्छ और हरित सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मंडी में भी दिखने लगे हैं। जिले में पहुंची 25 नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन महत्वपूर्ण लंबी दूरी और लोकल रूटों पर किया जा रहा है। इससे यात्रियों को शांत, आरामदायक सफर की सुविधा मिल रही है, वहीं हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की परिचालन लागत में भी कमी आई है।

प्रदेश सरकार ने अगले पांच वर्षों में एचआरटीसी को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से डीजल बसों की तुलना में ऊर्जा लागत में करीब 12 से 13 रुपए प्रति किलोमीटर तक की बचत हो रही है।

मुख्यमंत्री ने 17 अगस्त को वर्चुअल माध्यम से मंडी जिले के लिए 25 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई थी। इसके बाद मंडी-शिमला, मंडी-पालमपुर, मंडी-शिमला-तुलाह और मंडी-चंडीगढ़ के अलावा मंडी-सुंदरनगर, मंडी-बटाहर, मंडी-तांदी, मंडी-पाली, मंडी-रोपा, मंडी-रिवालसर-नैनादेवी, मंडी-कोट, मंडी-कोटली, मंडी-माहन और मंडी-दुर्गापुर सहित कई रूटों पर इनका संचालन शुरू किया गया है।

यात्रियों को पसंद आ रहा शांत सफर

मंडी के ज्वालापुर निवासी इंद्र ठाकुर ने मंडी-शिमला यात्रा को आरामदायक बताया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बस पर्यावरण के लिए भी बेहतर है। वंशिका जम्वाल ने मंडी-दुर्गापुर रूट पर सफर को सुखद बताते हुए बस की आरामदायक सीटों की सराहना की। जसवंत कुमार ने मंडी-तुलाह यात्रा के दौरान बस में शोर नहीं होने को खास अनुभव बताया। कोटली निवासी किरण राणा ने भी ई-बसों की सुविधा को बेहतर बताया।

मंडी इकाई को 11.34 लाख रुपए की बचत

एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक उत्तम सिंह के अनुसार, 17 अगस्त से 10 सितंबर 2026 तक मंडी डिपो की 15 इलेक्ट्रिक बसों ने 60,060 किलोमीटर की दूरी तय की। चार्जिंग पर 7,95,795 रुपए खर्च हुए, जबकि इतनी दूरी के लिए डीजल बसों पर 19,30,055 रुपए खर्च होते। इससे मंडी इकाई को 11,34,260 रुपए की बचत हुई।

सुंदरनगर में 7.98 लाख रुपए की बचत

सुंदरनगर डिपो की 10 इलेक्ट्रिक बसों ने 35,044 किलोमीटर की दूरी तय की। चार्जिंग पर 2,10,037 रुपए खर्च हुए, जबकि डीजल पर 10,07,732 रुपए खर्च होते। इससे 7,97,695 रुपए की बचत हुई। दोनों इकाइयों ने मिलकर 19,31,955 रुपए की बचत दर्ज की।

चार्जिंग ढांचा हो रहा मजबूत

मंडी बस स्टैंड, मंडी वर्कशॉप और सुंदरनगर बस स्टैंड में चार्जिंग स्टेशन स्थापित हो चुके हैं, जबकि जंजैहली में स्टेशन प्रस्तावित है। निगम चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों का दायरा बढ़ा रहा है। इससे ईंधन पर निर्भरता घटाने और स्वच्छ एवं हरित सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

भरनाल बाल आश्रम में 63 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत दीनबंधु सेवा मंडल बाल देखभाल संस्थान (बाल आश्रम), भरनाल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया। आस्था हॉस्पिटल की एमडी वंदना जग्गी चंदेल के सौजन्य से आयोजित शिविर में संस्थान और आसपास के क्षेत्रों के 63 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा मुफ्त दवाइयां बांटी गईं। बच्चों को 40 बेडशीट और ताजे फल भी वितरित किए गए। शिविर में चिकित्सक डॉ. अरुण चंदेल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्ष गौरव, सेवानिवृत्त उप-निदेशक शिक्षा सुशील शर्मा और अस्पताल का पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। वंदना जग्गी चंदेल ने बच्चों को भविष्य में भी हरसंभव चिकित्सा सहायता का भरोसा दिलाया। सुशील शर्मा ने बाल आश्रम की टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को सही दिशा और संस्कार देना समाज व राष्ट्र की महत्वपूर्ण सेवा है। संस्थान प्रभारी प्रेम सिंह ने मेडिकल टीम का आभार जताया।

नलवाड़ में गूंजे पहाड़ी गीत, झूमे दर्शक

राखी गौतम, कियारा चौधरी और नरेंद्र पहाड़िया की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

अनंत ज्ञान

सुनील शर्मा, गोहर। जिला स्तरीय नलवाड़ मेला ख्योड़ की दूसरी सांस्कृतिक संध्या गीत-संगीत और नृत्य से सराबोर रही। शाम ढलते ही मेला परिसर में दर्शकों की भीड़ बढ़ने लगी। स्टार कलाकार राखी गौतम और कियारा चौधरी की प्रस्तुतियों पर खूब तालियां बजीं, जबकि नरेंद्र पहाड़िया के पहाड़ी गीतों ने युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों से हुई। महाबीर कला मंच बासा, नागेंद्र भारद्वाज कनैड और रोशन म्यूजिकल ग्रुप सरोआ के कलाकारों ने गीत पेश किए। खुशबू जाच्छ और आराध्या लेयोटी के नृत्य को भी दर्शकों ने खूब सराहा। इसके बाद नरेंद्र पहाड़िया ने पहाड़ी लोकगीतों से माहौल में रंग भर दिया। उनके गीतों पर युवा दर्शक अपनी सीटों से उठकर नाचते नजर आए। राखी गौतम और कियारा चौधरी ने 'देवा श्री गणेशा' से स्टार प्रस्तुतियों की शुरुआत की। इसके बाद 'सरारा सरारा', 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं', 'दिल्ली से मनाली' और 'गुलाबी सरारा' सहित कई गीतों पर प्रस्तुतियां दीं। कियारा चौधरी ने 'अंबरसरिया', 'तेरे मेरे होंठों पे', 'करी लैनी करी लैनी पहाड़' और 'हो बाबुआ' जैसे गीत प्रस्तुत किए। 'पाणी री टांकी', 'शालू रे क्वाटरा' और 'पतली कमर' जैसे पहाड़ी गीतों पर युवा, महिलाएं और बच्चे भी झूमते दिखे। जलशक्ति विभाग गोहर के सहायक अभियंता किशोरी लाल चौहान मुख्यातिथि रहे। मेला कमेटी और ग्राम पंचायत बासा की ओर से पंचायत प्रधान गायत्री देवी व उपप्रधान ने उन्हें हिमाचली टोपी और शाल पहनाकर सम्मानित किया।

एमएलएसएम में नशे के खिलाफ हुंकार

शिक्षा सचिव ने दिया विद्यार्थियों को 'किताबों का मंत्र'

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। एमएलएसएम महाविद्यालय सुंदरनगर के स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत शनिवार को 'नशे को ना, पुस्तकों को हां' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'धार बिरसा' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार राकेश कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि निदेशक तकनीकी शिक्षा रोहित राठौर विशिष्ट अतिथि रहे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते शिक्षा सचिव राकेश कंवर।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राकेश कंवर ने कहा कि युवा पीढ़ी का नशे की ओर बढ़ना चिंताजनक है। नशा जीवन को बर्बाद करता है, जबकि किताबें जीवन को नई दिशा देती हैं। उन्होंने युवाओं से खाली समय को नशे जैसी बुराइयों में गंवाने के बजाय पुस्तकों को अपना साथी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, अध्ययन और सकारात्मक गतिविधियां युवाओं के भविष्य को मजबूत आधार दे सकती हैं।

तकनीकी शिक्षा निदेशक रोहित राठौर ने कहा कि तकनीक और पुस्तकों का सही उपयोग युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन कुमारी कटोच ने मुख्यातिथि राकेश कंवर और विशिष्ट अतिथि रोहित राठौर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी, सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रेखा वशिष्ठ, प्रसिद्ध लेखक गंगा राम राजी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशे से दूर रहने और शिक्षा व पुस्तकों को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया।

गंगाराम राजी के उपन्यास 'जीवट' का विमोचन

किताबों की दुनिया धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे: कंवर

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। हिमाचल के प्रमुख उपन्यासकार गंगाराम राजी के नवीनतम उपन्यास 'जीवट' का विमोचन शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल कॉलेज के सभागार में किया। इस अवसर पर उन्होंने 'नशे को न, किताबों को हां' अभियान का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रेखा वशिष्ठ ने की, जबकि तकनीकी शिक्षा निदेशक रोहित राठौर विशिष्ट अतिथि रहे।

उपन्यास 'जीवट' का विमोचन करते राकेश कंवर।

राकेश कंवर ने कहा कि कहानियां इंसान को इतिहास, धर्म और समाज से जोड़ती हैं, जबकि किताबों की दुनिया धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर पुस्तकों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'जीवट' जीवन की चुनौतियों का हिम्मत से सामना करने की प्रेरणा देता है। कवि-कथाकार मुरारी शर्मा ने कहा कि उपन्यास संकटों से उबरने का आत्मबल देता है। कवि-आलोचक डॉ. विजय विशाल ने इसे जीवन जीने की प्रेरणा देने वाली कृति बताया। साहित्यकार पवन चौहान ने राजी की रचनात्मक ऊर्जा को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। लेखक गंगाराम राजी ने कहा कि 'जीवट' युवाओं को चुनौतियों से जूझते हुए साहस के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी, एमएलएसएम कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. सुमन कटोच सहित साहित्यकार, शिक्षक और साहित्य प्रेमी मौजूद रहे। संचालन प्रो. डॉ. लतेश कपूर ने किया, जबकि सुकेत साहित्य परिषद की ओर से पवन चौहान ने आभार जताया।

छेरना में ग्रामीणों को दिए बैंकिंग और बीमा योजनाओं के टिप्स

अनंत ज्ञान, बरोट। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा बरोट की ओर से शनिवार को छोटाभंगाल घाटी के छेरना गांव में नाबार्ड के सहयोग से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक अमन शर्मा ने की। शिविर में करीब 50 महिला और पुरुषों ने भाग लिया। शाखा प्रबंधक अमन शर्मा ने उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा बैंक की 'सपनों का संचय योजना' सहित विभिन्न बैंकिंग और बचत योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीमा और बचत योजनाओं का लाभ उठाकर लोग अपने परिवार के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। इस दौरान ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करने के साथ उनकी बैंकिंग संबंधी आशंकाओं और सवालों का भी समाधान किया गया।

कबीर पंथ महासंघ की नई कार्यकारिणी गठित, रूप सिंह कौंडल बने अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की राज्य स्तरीय बैठक मंडी के टारना हिल स्थित सद्गुरु कबीर साहेब गुरुद्वारा के सत्संग हाल में आयोजित हुई। बैठक में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा, काशी के महंत चूड़ामणि साहेब, उपाध्यक्ष महंत राधाकृष्ण साहेब, जीएल भगत, महासचिव फकीर चंद भगत तथा पाठी मनी राम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य।

महंत चूड़ामणि साहेब ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब की शिक्षाएं आज भी समाज को मानवता, समानता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की राह दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब का संदेश किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणादायक है।

पाठी मनी राम ने कहा कि मनुष्य को सद्गुरु से सच्ची प्रीत जोड़कर नाम सुमिरन और भजन में मन लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्ति के बिना मानव जीवन की सार्थकता अधूरी है। बैठक में हिमाचल प्रदेश में महासंघ की गतिविधियों को प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर तक मजबूत करने पर चर्चा हुई। इस दौरान राज्य समिति का गठन करते हुए रूप सिंह कौंडल को अध्यक्ष, रूपलाल कौंडल को उपाध्यक्ष और खेम चंद को महासचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने महासंघ के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और सद्गुरु कबीर साहेब के मानवतावादी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गोबिंद राम कौंडल, धर्म सिंह कश्यप, दीप कुमार, वीर सिंह कश्यप, दत्त राम, बालक राम, रत्न चंद सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

चोलथरा-गल्लू सड़क बदहाल, राहगीर परेशान

विभाग और ठेकेदार की लापरवाही में पिस रही हजारों आबादी

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। सरकाघाट-चोलथरा वाया कोठी, रसैन-गल्लू सड़क की बदहाल हालत से क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कोठी के पास सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे वाहन चालकों को परेशानी के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर पिछले करीब छह वर्षों से तारकोल का पैचवर्क नहीं हुआ है। बारिश और वाहनों की आवाजाही से सड़क लगातार खराब होती गई। पिछले वर्षों की आपदा से हुए नुकसान के निशान भी कई जगह अब तक मौजूद हैं।

वहीं, लोगों के अनुसार पिछले वर्ष करीब दो किलोमीटर सड़क के सुधार कार्य का टेंडर हुआ था, लेकिन लंबे समय बाद भी मौके पर काम शुरू नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि तारकोल के बढ़े रेट के कारण ठेकेदार काम शुरू करने में असमर्थता जता रहा था। टेंडर की दर और मौजूदा निर्माण लागत के बीच के इस पेंच का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। यह मार्ग दर्जनों गांवों को जोड़ता है। सरकाघाट, कोठी, बहल, चोलथरा, हरलोट, बसंतपुर, जंधरू, भलवान, रखोह, भटवान और रसैन-गल्लू समेत कई क्षेत्रों के लोग रोजाना इसी सड़क से आवागमन करते हैं। खराब सड़क के कारण वाहनों को नुकसान और लोगों को अतिरिक्त समय व खर्च उठाना पड़ रहा है।

बदहाल चोलथरा गल्लू सड़क मार्ग।

कनिष्ठ अभियंता बोले-ठेकेदार जल्द शुरू करेगा काम

सड़क मार्ग लोक निर्माण विभाग धर्मपुर डिविजन के टिहरा सब-डिवीजन के सधोट सेक्शन के तहत आता है। क्षेत्रवासियों ने सड़क सुधार कार्य जल्द शुरू करवाने की मांग की है। सधोट सेक्शन के कनिष्ठ अभियंता यशपाल शर्मा ने बताया कि ठेकेदार अब काम करने के लिए राजी हो गया है और जल्द सड़क को ठीक करवाया जाएगा।

मेले के घटनाक्रम से जोड़कर देख रही जनता, विभागीय आदेश में निर्देशों की अवहेलना का जिक्र

बीडीओ गोहर के निलंबन पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

सुनील शर्मा, गोहर। विकास खंड अधिकारी गोहर पवन कुमार के निलंबन के बाद इसके कारणों को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं। खासकर जिला स्तरीय ख्योड़ नलवाड़ मेले के कार्यक्रमों के साथ निलंबन के समय को जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, ग्रामीण विकास विभाग के निलंबन आदेश में केवल सक्षम उच्चाधिकारी के वैध निर्देशों का अनुपालन न करने का उल्लेख है। किसी विशेष घटना या निर्देश का विवरण आदेश में नहीं दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, ग्राम पंचायत बासा और सेरी में कार्यरत पंचायत सचिवों के तबादले के आदेश 11 सितंबर को गोहर विकास खंड कार्यालय पहुंचे थे। 12 सितंबर को बीडीओ ने दोनों सचिवों को दो दिन के भीतर संबंधित पंचायतों का कार्यभार सौंपने के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि दोनों सचिवों के पास दो-दो पंचायतों का अतिरिक्त कार्यभार होने के कारण कार्यभार हस्तांतरण में व्यावहारिक दिक्कतें आईं। इसी बीच दोनों मेडिकल लीव पर चले गए। 19 सितंबर को बीडीओ की ओर से दोनों सचिवों को कार्यभारमुक्त करने की कार्रवाई की गई। इसी दिन उनके निलंबन का आदेश भी जारी हुआ। दोनों घटनाक्रम एक ही दिन सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाएं और तेज हो गई हैं।

बीडीओ बोले—आदेश मिला, विशेष कारण नहीं बताया

निलंबित बीडीओ पवन कुमार ने कहा कि उन्हें निलंबन संबंधी आदेश प्राप्त हुआ है, लेकिन उसमें विशेष कारण का उल्लेख नहीं है। नाचन विधायक विनोद कुमार ने कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया है। वहीं नरेश चौहान ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी देर शाम मिली और पूरी जानकारी लेने के बाद ही वह अपनी बात रखेंगे। फिलहाल विभागीय आदेश में उच्चाधिकारी के निर्देशों का अनुपालन न करना निलंबन का आधार बताया गया है। वास्तविक कारणों की स्थिति विभागीय जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

मेले के कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा

जिला स्तरीय ख्योड़ नलवाड़ मेले का शुभारंभ स्थानीय विधायक विनोद कुमार ने किया था। वहीं विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष नरेश चौहान ने की। बीडीओ पवन कुमार मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि भी रहे थे। इसके अगले दिन निलंबन आदेश सामने आने के बाद इसे लेकर क्षेत्र में चर्चाएं शुरू हो गईं। मेले के विभिन्न कार्यक्रमों में राजनीतिक स्तर पर किसे प्रमुखता मिली और किसे नहीं, इसे लेकर कथित मतभेदों को भी कुछ लोग घटनाक्रम से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि, इन चर्चाओं की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और विभागीय आदेश में मेले का कोई उल्लेख नहीं है।

बरोट-छोटाभंगाल में 23 से 26 तक बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट। विद्युत उपमंडल बरोट के सहायक अभियंता राहुल ठाकुर ने बताया कि 11 केवी छोटाभंगाल फीडर में लगे जीओ स्विच को बदलने और मरम्मत का कार्य 23 और 25 सितंबर को किया जाएगा। इसके चलते ग्राम पंचायत लोआई, पोलिंग और स्वाड़ के अधीन आने वाले सभी गांवों के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। इसी प्रकार 11 केवी बरोट फीडर में लगे जीओ स्विच को बदलने और मरम्मत का कार्य 24 और 26 सितंबर को किया जाएगा।

इस दौरान ग्राम पंचायत वरधान, लपास, बरोट, खलैहल, मुल्थान, धरमाण, कोठी कोहड़ और बड़ा ग्रां के साथ टिक्कन बाजार, चैलिंग, सरवाण, शौधगण तथा दलौसा गांवों के सभी उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथियों पर मौसम खराब रहने की स्थिति में कार्य अगले दिन किया जाएगा। सहायक अभियंता राहुल ठाकुर ने जियो, एयरटेल, वोडाफोन तथा बीएसएनएल टावरों और अन्य डीजी सेट मालिकों से विशेष रूप से आग्रह किया है कि बिजली बंद रहने के दौरान डीजी सेट की सप्लाई वापस लाइन में न आए। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से विभागीय कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

'**शुरुआत** ही किसी भी कार्य का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होती है।'
— प्लेटो

संपादकीय

बदलते दौर में रोजगार

प्रधानमंत्री ने बीसवें रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए यह प्रतिबद्धता जताई कि उनकी सरकार रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए हर मोर्चे पर काम कर रही है। यह निश्चित रूप से सकारात्मक पहल है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में रोजगार मेले की शुरुआत करते हुए 2023 के अंत तक दस लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा था और अब तक 12.75 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाने की जानकारी दी गई है। सरकारी क्षेत्र में नियुक्तियों का यह सिलसिला आगे भी जारी रहना स्वाभाविक है, लेकिन देश की विशाल युवा आबादी को देखते हुए केवल सरकारी नौकरियों के माध्यम से रोजगार की समस्या का समाधान संभव नहीं है। किसी भी सरकार के लिए नौकरी की तलाश कर रहे प्रत्येक युवा को सरकारी रोजगार उपलब्ध कराना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं हो सकता। ऐसे में रोजगार की व्यापक समस्या का समाधान निजी क्षेत्र में अधिकाधिक अवसर पैदा करने और युवाओं को बदलती अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करने में ही निहित है।

तकनीक के तेजी से विस्तार और विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते इस्तेमाल ने रोजगार के स्वरूप को बदलना शुरू कर दिया है। आने वाले समय में कई पारंपरिक कार्यों की आवश्यकता कम हो सकती है, वहीं नई तकनीक से जुड़े अनेक नए रोजगार भी पैदा होंगे। चुनौती यह है कि इन नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए युवाओं के पास आवश्यक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक कौशल होना चाहिए। केवल पारंपरिक डिग्री हासिल कर लेना रोजगार की गारंटी नहीं रह गया है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था को भी बदलती औद्योगिक और तकनीकी जरूरतों के अनुरूप ढालना समय की मांग बन चुकी है।

वर्तमान में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उच्च शिक्षा संस्थानों से ऐसी डिग्रियां लेकर निकल रहे हैं, जिनकी रोजगार बाजार में उपयोगिता लगातार सीमित होती जा रही है। सामान्य डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं के सामने आने वाले वर्षों में रोजगार की चुनौती और बढ़ सकती है। ऐसे में सरकार को शिक्षा व्यवस्था में व्यापक और समयबद्ध बदलाव करने की आवश्यकता है। विद्यालय स्तर से ही विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और कौशल की पहचान कर उन्हें उसी दिशा में आगे बढ़ाने की व्यवस्था विकसित करनी होगी। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कर डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार योग्य बनाना होना चाहिए।

हाल ही में नीति आयोग की रिपोर्ट में रोजगार और शिक्षा के बीच मौजूद इस अंतर की ओर ध्यान दिलाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार आठ करोड़ से अधिक युवा ऐसे हैं, जो न तो शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, न रोजगार में हैं और न ही किसी प्रकार का प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह स्थिति देश की युवा आबादी के लिए गंभीर चुनौती को दर्शाती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ही ऐसे काम में लगे हैं, जो उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप है। इसका अर्थ है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद बड़ी संख्या में युवा अपनी योग्यता के अनुरूप काम नहीं पा रहे हैं। यह स्थिति शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगार बाजार और कौशल प्रशिक्षण के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में स्टार्टअप और कौशल विकास कार्यक्रमों का उल्लेख किया है। स्टार्टअप संस्कृति युवाओं के लिए नौकरी तलाशने के साथ-साथ रोजगार देने की संभावनाएं भी पैदा कर सकती है। लेकिन इसके लिए केवल योजनाएं शुरू करना पर्याप्त नहीं होगा। युवाओं को उद्योगों की वास्तविक जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण देना भी उतना ही आवश्यक है।

आज की प्रमुख हस्ती

बॉलीवुड की बेबो का सफर

करीना कपूर खान हिंदी सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जिन्होंने दो दशक से अधिक लंबे करियर में अपने अभिनय के साथ-साथ फैशन और व्यक्तित्व से भी अलग पहचान बनाई है। 21 सितंबर 1980 को जन्मीं करीना कपूर प्रसिद्ध कपूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वह अभिनेता रणधीर कपूर और अभिनेत्री बबीता की बेटी तथा अभिनेत्री करिश्मा कपूर की छोटी बहन हैं। वर्ष 2000 में फिल्म 'रिफ्यूजी' से अभिनय की शुरुआत करने के बाद उन्होंने धीरे-धीरे हिंदी फिल्म जगत में अपनी मजबूत जगह बनाई।

करीना कपूर
जन्म : 21 सितंबर 1980

वर्ष 2001 में आई 'कभी खुशी कभी गम' ने उन्हें बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाया और इसके बाद उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। शुरुआती दौर में कुछ फिल्मों में एक जैसे किरदार निभाने के कारण उन्हें आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा, लेकिन वर्ष 2004 की 'चमेली' ने उनके अभिनय के नए पक्ष को सामने रखा। फिल्म में उन्होंने एक यौनकर्मी का किरदार निभाया, जिसके लिए उन्हें आलोचनात्मक सराहना मिली। इसके बाद 'देव' और 'ओमकारा' जैसी फिल्मों में गंभीर भूमिकाओं ने उनकी अभिनय क्षमता को और स्थापित किया।

वर्ष 2007 में 'जब वी मेट' में गीत के चुलबुले और आत्मविश्वासी किरदार ने उन्हें व्यापक लोकप्रियता दिलाई और उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। इसके बाद उन्होंने 'कुर्बान', 'तलाश', 'हीरोइन', 'उड़ता पंजाब' और 'लाल सिंह चड्ढा' जैसी फिल्मों में अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाईं। व्यावसायिक रूप से भी 'थ्री इडियट्स', 'बजरंगी भाईजान', 'बॉडीगार्ड', 'सिंघम रिटर्न्स', 'गोलमाल 3' और 'गुड न्यूज' जैसी फिल्मों ने उन्हें बड़ी सफलता दिलाई। महिला केंद्रित फिल्मों में भी उन्होंने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, जिनमें 'वीरे दी वेडिंग' और 'क्रू' प्रमुख हैं।

करीना ने अभिनेता सैफ अली खान से विवाह किया और दोनों के दो बेटे हैं। फिल्मों के अलावा वह मंचीय कार्यक्रमों, रेडियो और लेखन से भी जुड़ी रही हैं। उन्होंने आत्मकथात्मक संस्मरणों और पोषण संबंधी पुस्तकों में सहलेखक के रूप में योगदान दिया है। वह महिलाओं के लिए कपड़ों और सौंदर्य प्रसाधनों से जुड़े अपने ब्रांड भी शुरू कर चुकी हैं। सामाजिक क्षेत्र में भी करीना सक्रिय रही हैं और वर्ष 2014 से यूनिसेफ के साथ जुड़कर बालिकाओं की शिक्षा तथा भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही हैं।

कविता

आधुनिक रिश्ते

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
लोअर अरनियाला, ऊना

ये रिश्ते कैसे हैं रिश्ते, अपने होकर भी पराये
कोई बचपन के रिश्ते, कोई जवानी के रिश्ते
बुढ़ापा में मिलन की चाह, प्रेम सौहार्द भ्रातृत्व कहां
दुखद परिस्थितियां में हों, तो काम आते हैं सच्चे रिश्ते
रिश्तों में कौन बड़ा कौन छोटा, पर हर समस्या के समाधान पर
आधारित हैं ये परस्पर रिश्ते, आधुनिक रिश्ते क्या कहलाते हैं
काम पड़ा तब ही रिश्ता जुड़ा,
अन्यथा गुमनाम हैं ये रिश्ते
मां-बाप ही हैं सर्वोत्तम रिश्ते, शेष सब स्वार्थी हैं यहाँ रिश्ते
रिश्ते में कभी पड़ी दरार,
तो हुए दरकिनार ये रिश्ते
दो दिन की है यह जिंदगानी, फिर क्यों हो रही है बेईमानी
अहं ने मार दिए अब ये रिश्ते, अरे इंसान! दुख-सुख के हैं रिश्ते
मत नादान बनो सच्चे इन्सान बनो, अपने-पराये में न तुम फर्क गिनो
प्यार की ज्योति स जलाओ रिश्ते,
प्रभु ने ही तो बनाये हैं ये प्यारे रिश्ते

जलवायु संकट और बच्चों का भविष्य : एक अनदेखा वैश्विक आपातकाल

जलवायु परिवर्तन की चर्चा प्रायः बढ़ते तापमान, पिघलते हिमनदों, चरम मौसमी घटनाओं और आर्थिक क्षति के संदर्भ में की जाती है, किंतु इसके सबसे गंभीर प्रभावों में से एक, बच्चों पर पड़ने वाला प्रभाव, अक्सर चर्चा से बाहर रह जाता है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा प्रकाशित चिल्ड्रन्स क्लाइमेट रिस्क रिपोर्ट (ष्ष्ट,,) 2026 इस वास्तविकता को स्पष्ट रूप से सामने लाती है।

डॉ. बलदेव सिंह नेगी
संकाय सदस्य (ग्रामीण विकास) अंतर्विषयक अध्ययन विभाग, एचपीयू

रिपोर्ट का तर्क है कि जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय चुनौती नहीं है, बल्कि यह बच्चों के अधिकारों और उनके समग्र विकास से जुड़ा गंभीर प्रश्न भी है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से अधिक संवेदनशील होने के कारण बच्चे जलवायु संकट का अनुपातहीन बोझ वहन कर रहे हैं, जबकि इस संकट के लिए उनकी जिम्मेदारी सबसे कम है। इसके माध्यम से यह पता लगाया गया है कि बच्चे कहाँ रहते हैं और वे किन जलवायु खतरों के संपर्क में हैं। जोखिम, अनावरण और संवेदनशीलता को एकीकृत कर यह रिपोर्ट बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अधिक सटीक और व्यापक आकलन प्रस्तुत करती है। इसमें नदीय एवं तटीय बाढ़, सूखा, चक्रवात, हीटवेव, अत्यधिक तापमान, वनाग्नि, धूल-आंधी, वायु प्रदूषण तथा मलेरिया सहित दस प्रमुख खतरों का अध्ययन किया गया है।

संकट की चपेट में एक पीढ़ी : रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में 2.3 अरब बच्चे कम-से-कम एक प्रमुख जलवायु खतरे का सामना कर रहे हैं, जबकि 2 अरब बच्चे दो या अधिक खतरों से प्रभावित हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि 1.1 अरब से अधिक बच्चे तीन या उससे अधिक जलवायु जोखिमों की चपेट में हैं। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन बच्चों के जीवन, स्वास्थ्य और भविष्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है।

सूखा सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है, जिससे लगभग 1.8 अरब बच्चे प्रभावित हैं। इसके कारण जल संकट, खाद्य असुरक्षा और कुपोषण बढ़ रहा है। वहीं 1.5 अरब बच्चे हीटवेव और 1.2 अरब बच्चे अत्यधिक तापमान का सामना कर रहे हैं। करोड़ों बच्चे बाढ़, च, वात, वनाग्नि और धूल भरे तूफानों से भी प्रभावित हैं।

रिपोर्ट यह भी बताती है कि 2.3 अरब बच्चे वायु प्रदूषण और लगभग 1 अरब बच्चे मलेरिया के खतरे से जूझ रहे हैं। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि जलवायु परिवर्तन अब

केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और सुरक्षित भविष्य से जुड़ा वैश्विक मानवीय संकट बन चुका है, जिस पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक है।

अग्रिम मोर्चे पर भारत : चिल्ड्रन्स क्लाइमेट रिस्क रिपोर्ट 2026 के अनुसार भारत उन देशों में शामिल है जहां जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है। विशाल बाल आबादी और विविध जलवायु चुनौतियों के कारण करोड़ों भारतीय बच्चे बाढ़, सूखा, हीटवेव और वायु प्रदूषण जैसे खतरों का सामना कर रहे हैं। गंगा-ब्रह्मपुत्र-इंडस नदी तंत्र के कारण भारत नदीय बाढ़ का प्रमुख वैश्विक केंद्र माना जाता है, जबकि राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य भारत के कई क्षेत्र लगातार सूखे से प्रभावित हैं। गर्मी से जुड़े खतरे विशेष रूप से गंभीर हैं। दक्षिण एशिया में दीर्घकालिक और बार-बार आने वाली हीटवेव से प्रभावित करोड़ों बच्चों में सबसे बड़ा हिस्सा भारत का है। इसके अलावा अत्यधिक तापमान, जल संकट और खाद्य असुरक्षा बच्चों के स्वास्थ्य और विकास को प्रभावित कर रहे हैं।

भारत का लंबा समुद्री तट भी बच्चों को च, वातों और समुद्री तूफानों के खतरे में डालता है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्यों में प्राकृतिक आपदाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सेवाओं को प्रभावित करती हैं। बढ़ता वायु प्रदूषण स्थिति को और गंभीर बना रहा है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि भारतीय बच्चे एक साथ कई जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अधिक जोखिमपूर्ण बनता जा रहा है।

बाल-केंद्रित जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता : चिल्ड्रन्स क्लाइमेट रिस्क रिपोर्ट 2026 के अनुसार जलवायु परिवर्तन अब सीधे बच्चों के विकास से जुड़ा संकट बन चुका है। हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर हिमाचल प्रदेश, भले ही चक्रवातों से सुरक्षित हो, लेकिन बादल फटना, भूस्खलन, बाढ़, वनाग्नि और अनियमित वर्षा जैसी आपदाएं यहां लगातार बढ़ रही हैं। इनका सबसे अधिक असर बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर पड़ता है।

रिपोर्ट का मुख्य संदेश है कि बच्चों की सुरक्षा को केंद्र में रखकर जलवायु नीतियां बनानी होंगी। इसके लिए सुरक्षित स्कूल, मजबूत स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल, बेहतर आपदा चेतावनी प्रणाली और सामाजिक सुरक्षा ढांचे जरूरी हैं। साथ ही, विकास और आपदा प्रबंधन योजनाओं में बच्चों की जरूरतों को प्राथमिकता देनी होगी। जलवायु कार्रवाई की सफलता इसी में है कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग-बच्चों को कितना सुरक्षित रख पाते हैं, क्योंकि उनका सुरक्षित भविष्य ही समाज के भविष्य की गारंटी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

तो इसलिये अमेरिका को तेल उत्पादक देशों में अपनी पिट्ठू सरकार चाहिये ?

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को 3 जनवरी 2026 को अमेरिकी सैन्य अभियान के दौरान काराकास से हिरासत में लिया गया। इसके बाद दोनों को अमेरिका लाया गया और उन पर मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए। अमेरिकी अभियोजन पक्ष का आरोप है कि मादुरो ने कोकीन की तस्करी के लिए कोलंबिया के एफएआरसी और अन्य आपराधिक नेटवर्कों के साथ साजिश की। मादुरो और उनकी पत्नी ने इन आरोपों से इनकार करते हुए खुद को निर्दोष बताया है। अमेरिकी अदालत ने इस मामले में मुकदमे की शुरुआत 1 जून 2027 से निर्धारित की है।

तनवीर जाफ़री

इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू वेनेजुएला का विशाल तेल भंडार भी है। अगस्त 2026 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका को वेनेजुएला के 65 अरब बैरल से अधिक प्रमाणित तेल भंडार पर बहुमत नियंत्रण हासिल हुआ है। अमेरिकी प्रशासन इसे वेनेजुएला की तेल अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और अमेरिकी ऊर्जा आपूर्ति मजबूत करने वाला समझौता बता रहा है।

यहीं से इस पूरे घटनाक्रम को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवाल भी उठते हैं। क्या वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप का उद्देश्य केवल मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई था, या इसके पीछे ऊर्जा और भू-राजनीतिक हित भी महत्वपूर्ण थे? इस प्रश्न का अंतिम उत्तर राजनीतिक दावों से नहीं, बल्कि आने वाले समय में सामने आने वाले दस्तावेजों, समझौतों और उनके वास्तविक आर्थिक प्रभावों से मिलेगा। इतना जरूर है कि सैन्य कार्रवाई के बाद तेल संसाधनों पर अमेरिकी प्रभाव का विस्तार हुआ है। अमेरिकी प्रशासन स्वयं 65 अरब बैरल के भंडार पर



नियंत्रण को अपनी ऊर्जा रणनीति की बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

वेनेजुएला के बाद ईरान का उदाहरण भी इस बहस को और जटिल बनाता है। ईरान दुनिया के बड़े प्रमाणित तेल भंडार वाले देशों में शामिल है और अमेरिका तथा ईरान के बीच लंबे समय से प्रतिबंधों, परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय सुरक्षा और ऊर्जा हितों को लेकर टकराव चला आ रहा है। 2026 में दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष ने इस तनाव को और बढ़ाया। इस दौरान खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरानी हमले भी हुए।

मध्य पूर्व में सऊदी अरब, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे तेल उत्पादक देशों के साथ अमेरिका के व्यापक आर्थिक और सुरक्षा संबंध हैं। दूसरी ओर ईरान अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण अमेरिकी ऊर्जा बाजार से लगभग अलग है। यही अंतर इस क्षेत्र की भू-राजनीति को समझने में महत्वपूर्ण है। तेल केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति, सुरक्षा और आर्थिक शक्ति का भी साधन है।

वेनेजुएला के मामले में 65 अरब बैरल के तेल भंडार पर अमेरिकी नियंत्रण की घोषणा ने इस तथ्य को फिर सामने ला दिया है कि ऊर्जा संसाधनों पर प्रभाव स्थापित करना वैश्विक शक्ति-संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हालांकि अमेरिका इस समझौते को आर्थिक पुनर्निर्माण और ऊर्जा सुरक्षा के रूप में प्रस्तुत करता है, वहीं इसके आलोचक इसे अमेरिकी रणनीतिक और ऊर्जा हितों के विस्तार के रूप में देखते हैं।

इसलिए वेनेजुएला से ईरान तक के घटनाक्रम को केवल सैन्य संघर्ष या मादक पदार्थों के मुद्दे तक सीमित करके देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ तेल, प्रतिबंध, व्यापार मार्ग, सैन्य उपस्थिति और भू-राजनीतिक प्रभाव जैसे कई पहलू जुड़े हुए हैं। आने वाले वर्षों में असली सवाल यही रहेगा कि इन हस्तक्षेपों और समझौतों से संबंधित देशों की संप्रभुता, जनता की अर्थव्यवस्था और वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था पर क्या दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

स्कूल खाली होते गए, शिक्षा पर खर्च बढ़ता गया

सरकारी स्कूलों में लगातार घटती छात्रों की संख्या चिंता का विषय बनती जा रही है। एक ओर विद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन कम हो रहा है, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों के वेतन और अन्य व्यवस्थाओं पर होने वाला खर्च लगातार बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021-22 में हिमाचल प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में पहली से पांचवीं कक्षा तक 3,04,132 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जबकि वर्ष 2025-26 में यह संख्या घटकर 2,18,969 रह गई। यानी पांच वर्षों में 85,163 विद्यार्थियों की कमी दर्ज की गई। इसी अवधि में प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षकों के वेतन पर 8,397.35 करोड़ रुपये खर्च हुए। प्राथमिक स्तर पर प्रति विद्यार्थी औसतन 5,219 रुपये प्रतिमाह खर्च हो रहा है। अपर प्राथमिक स्तर पर भी स्थिति बहुत अलग नहीं है। वर्ष 2021 में जहां विद्यार्थियों की संख्या 3,50,650 थी, वहीं 2025-26 में यह घटकर 3,19,289 रह गई। इस अवधि में टीजीटी, एलटी, शास्त्री, पीईटी और डीएम के वेतन पर 7,948.48 करोड़ रुपये खर्च किए गए। घटते नामांकन और बढ़ते खर्च के बीच सरकारी स्कूलों का संचालन और रखरखाव सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

सुखदेव सिंह
नूरपुर

सरकार निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार कानून के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 25 प्रतिशत विद्यार्थियों की शिक्षा का खर्च भी वहन करती है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में घटते नामांकन के आंकड़े सरकार के शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे दावों पर सवाल खड़े करते हैं। पर्याप्त सुविधाओं और शिक्षकों की कमी के कारण प्रदेश में कई सरकारी स्कूल बंद किए गए हैं। कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों को पूरे सत्र के दौरान आवश्यक विषयों के शिक्षक और व्याख्याता तक उपलब्ध नहीं हो पाते। महाविद्यालयों में भी प्राध्यापकों के रिक्त पदों का खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। पीटीए निधि

के सहारे शिक्षण संस्थानों का संचालन करने की व्यवस्था भी शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सवाल पैदा करती है। स्कूलों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों से विभिन्न मदों में बढ़ता शुल्क भी अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डाल रहा है।

दूसरी ओर निजी स्कूलों की मनमानी फीस, वर्दी, बस किराया और अन्य शुल्कों को लेकर अभिभावकों की चिंताएं लगातार बनी हुई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ता व्यवसायीकरण गंभीर विषय है। विद्यार्थियों को जुराब से लेकर अन्य आवश्यक वस्तुओं तक के लिए निर्धारित दुकानों से खरीदारी करने के लिए बाध्य किए जाने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। शिक्षा व्यवस्था में समय-समय पर नए विषय जोड़े जाते हैं, लेकिन कई जगह इन विषयों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इसका सीधा असर विद्यार्थियों के परिणाम पर पड़ता है और उन्हें परीक्षा में असफलता अथवा कंपार्टमेंट का सामना करना पड़ता है।

शिक्षकों की भूमिका केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को चुनाव, जनगणना, सर्वेक्षण और अन्य प्रशासनिक कार्यों में लगाए जाने से शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। शारीरिक शिक्षकों के रिक्त पदों के कारण विद्यार्थियों के शारीरिक विकास पर भी असर पड़ रहा है। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थी का मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक और सामाजिक विकास करना भी है। इसके लिए विद्यालयों में खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां, भाषण, वाद-विवाद, रंगोली, राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देना जरूरी है।

स्मार्ट मोबाइल फोन का बढ़ता उपयोग भी शिक्षा व्यवस्था के सामने नई चुनौती है। स्कूलों और महाविद्यालयों में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए वाट्सऐप जैसी एप्लीकेशन पर निर्भरता बढ़ रही है। कक्षा और पीरियड की जानकारी भी कई स्थानों पर मोबाइल के माध्यम से दी जाती है। ऐसे में सूचना पट की उपयोगिता घट रही है और विद्यार्थियों के लिए मोबाइल से दूरी बनाए रखना कठिन होता जा रहा है। मोबाइल की लत, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और पढ़ाई के प्रति घटती रुचि को देखते हुए विद्यार्थियों को सही दिशा देने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

संतान प्राप्ति की मान्यता से प्रसिद्ध है मां सिमसा मंदिर

हिमाचल प्रदेश को देवभूमि यूं ही नहीं कहा जाता। यहां अनेक पौराणिक एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल हैं, जिनसे दिव्य शक्तियों, चमत्कारों और लोक आस्थाओं की अनेक कथाएं जुड़ी हैं। मंडी जनपद के जोगिन्दर नगर उपमंडल के लडभड़ोल स्थित सिमस गांव भी ऐसा ही आस्था का केंद्र है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस क्षेत्र में माता सिमसा का प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। लोकमान्यता है कि मां सिमसा अपने दरबार में आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं और उन्हें विशेष रूप से संतान प्राप्ति का आशीर्वाद देने वाली देवी माना जाता है।

तुलसी राम डोगरा
(स्वतंत्र लेखक), पालमपुर।

माता सिमसा मंदिर से जुड़ी कई पौराणिक एवं लोककथाएं प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार जब भगवान शिव सती के वियोग में तीनों लोकों में विचरण कर रहे थे, तब भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर के अंगों को अलग किया। जहां-जहां उनके अंग गिरे, वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। लोकश्रुति है कि सिमस गांव में माता सती का सिर गिरा था और इसी कारण यह स्थान माता के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

एक अन्य लोककथा टोभा नामक व्यक्ति से जुड़ी है। शिवरात्रि के दिन वह जमीन के भीतर उगने वाली तरड़ी की सब्जी खोदने गया था। खुदाई के दौरान पहले पानी, फिर दूध और तीसरी बार खून की धारा निकलने की बात कही जाती है। इससे भयभीत टोभा को रात में स्वप्न में माता के दर्शन हुए। माता ने उसे दोबारा खुदाई करने और वहां मिलने वाली मूर्ति को पालकी में रखकर गांव की परिक्रमा करवाने का आदेश दिया। अगले दिन खुदाई में एक अलौकिक मूर्ति मिलने की लोकमान्यता है। टोभा उसे पालकी में रखकर ग्रामीणों के साथ आगे बढ़ा, लेकिन एक बावड़ी के पास विश्राम के बाद पालकी दोबारा उठ नहीं सकी। इसे माता की इच्छा मानकर उसी स्थान पर मूर्ति स्थापित कर मंदिर निर्माण की परंपरा शुरू होने की

बात कही जाती है।

आज माता सिमसा का मंदिर विशेष रूप से नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं का प्रमुख केंद्र बन जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों से महिलाएं यहां संतान प्राप्ति की मनोकामना लेकर पहुंचती हैं। लोकमान्यता के अनुसार नवरात्र में महिलाएं मंदिर परिसर में रात को बिना कुछ खाए सोती हैं और माता स्वप्न में उन्हें फल प्रदान करती हैं। जिस प्रकार का फल स्वप्न में मिलने की मान्यता है, उसे संतान प्राप्ति से जोड़ा जाता है। इस परंपरा के कारण नवरात्र के दिनों में मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मंदिर के समीप स्थित बावड़ी भी आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। मान्यता है कि संतान प्राप्ति की कामना से आने वाली महिलाओं को प्रातः यहां स्नान करना चाहिए। स्थानीय जनश्रुति में यह भी कहा जाता है कि माता स्वयं इस बावड़ी में स्नान करती हैं। मंदिर के समीप स्थित एक विशाल चट्टान को भी माता के विश्राम स्थल या झूले से जोड़कर देखा जाता है। श्रद्धालुओं के अनुसार इसे उंगलियों से धकेलने पर पत्थर हिलता है, जिसे वे माता का दिव्य चमत्कार मानते हैं।

नवरात्र के अवसर पर यहां भव्य मेले का आयोजन होता है, जो लडभड़ोल क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शामिल है। मंदिर समिति और प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था के लिए व्यवस्थाएं करते हैं। मंदिर परिसर में लंगर तथा श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए धर्मशाला की व्यवस्था भी उपलब्ध रहती है।

सिमस पहुंचने के लिए जोगिन्दर नगर तक पठानकोट से रेल और सड़क मार्ग की सुविधा उपलब्ध है। कांगड़ा हवाई अड्डे से भी सड़क मार्ग द्वारा यहां पहुंचा जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

सेब मंडी में गिरने लगे रॉयल डिलीशियस के दाम

भंडारण शुरू होते ही बदली बाजार की चाल; 91.20 लाख पेटियां ही पहुंचीं, बागवानों को बेहतर भाव की चिंता

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल के सेब बाजार में अब सीजन अपने उस मोड़ पर पहुंच गया है, जहां मंडियों की चहल-पहल धीरे-धीरे भंडारण गृहों की ओर मुड़ने लगी है।

बागवानों के लिए इस बार सबसे बड़ा सवाल केवल यह नहीं है कि सेब कितना पैदा हुआ, बल्कि यह है कि कम फसल के बावजूद आने वाले दिनों में बाजार किस दिशा में जाएगा। मंडियों में आवक पिछले साल के मुकाबले बहुत कम है, फिर भी कई जगह अच्छे भाव के बाद अब 400 से 500 रुपए प्रति पेटी तक की नरमी दिखाई देने लगी है। भट्टाकुफर मंडी में हाल के दिनों में रॉयल के भाव में करीब 500 से 600 रुपए तक की कमी दर्ज की गई।

इस पूरे घटनाक्रम को आंकड़ों की रोशनी में देखें तो इस साल का सेब सीजन हिमाचल के लिए असाधारण रूप से कमजोर रहा है। बागवानी विभाग के आंकड़ों के अनुसार 13 सितंबर तक प्रदेश की विभिन्न मंडियों में करीब 91.20 लाख पेटियां ही पहुंची थीं, जबकि पिछले साल इसी अवधि तक

यह आंकड़ा लगभग 1.62 करोड़ पेटियों का था। यानी करीब 70.80 लाख पेटियां कम मंडियों तक पहुंचीं और आवक में लगभग 44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई।

दिलचस्प यह है कि कम फसल के बावजूद बाजार ने लंबे समय तक बागवानों का साथ दिया। ऊंचाई वाले क्षेत्रों से आने वाले अच्छी गुणवत्ता के सेब को अभी भी लगभग 1,800 से 2,800 रुपए प्रति पेटी तक के भाव मिलने की रिपोर्ट है, जबकि सीजन के शुरुआती दौर में बेहतरीन गुणवत्ता वाले सेब 5,000 से 5,500 रुपए प्रति पेटी तक भी बिके।

मगर बाजार हमेशा एक ही सुर में नहीं गाता। भट्टाकुफर में कुछ दिन पहले 3,500 से 3,600 रुपए तक बिक रहा रॉयल अब कई खेपों में 2,600 से 2,800 रुपए तक आ गया। बहुत अच्छी गुणवत्ता वाले माल को 3,000 से 3,100 रुपए तक भाव मिलने की बात सामने आई है।

यहीं से सेब कारोबार की अगली कहानी शुरू होती है। मंडियों में आने वाला प्रत्येक सेब तत्काल बिक्री के लिए नहीं है। कुछ माल बाजार में खपता है, जबकि बेहतर गुणवत्ता का एक हिस्सा नियंत्रित वातावरण वाले भंडारों में जाता है, ताकि उसे बाद के महीनों में बाजार में उतारा जा सके। इस साल एचपीएमसी ने नियंत्रित वातावरण भंडारों में सेब रखने की दर 1.60 रुपए प्रति किलो प्रति माह और क्रेट अथवा बॉक्स सहित 1.70 रुपए प्रति किलो प्रति माह तय की है। कुल क्षमता का 20 प्रतिशत हिस्सा बागवानों के लिए आरक्षित रखा गया था।

यानी अब मंडी और भंडारण के बीच एक नया संतुलन बन रहा है। यदि बाजार में आने वाली अच्छी गुणवत्ता की खेप का एक हिस्सा भंडारण में चला जाता है तो तत्काल मंडी आपूर्ति पर उसका असर पड़ सकता है। दूसरी ओर, यदि कमजोर या मध्यम गुणवत्ता का माल अपेक्षा से अधिक मात्रा में मंडियों में पहुंचा तो भाव पर दबाव बना रह सकता है। यही वजह है कि आने वाले दिनों में केवल कुल आवक नहीं, बल्कि गुणवत्ता के अनुसार आवक और भंडारण में जाने वाले माल की मात्रा भी बाजार की दिशा तय करेगी।

सेब उत्पादन में आई कमी ने बढाई बागवानों की मुश्किलें

इस वर्ष उत्पादन में आई कमी ने इस समीकरण को और पेचीदा बना दिया है। शिमला जिले की मंडियों में 7 सितंबर तक 51.03 लाख बॉक्स पहुंचे थे, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 93.71 लाख बॉक्स पहुंच चुके थे। यानी अकेले शिमला जिले में करीब 42.68 लाख बॉक्स की कमी दर्ज की गई। कम और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीजन लगभग समाप्ति की ओर है, जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में तुड़ान अभी जारी है। सोलन और परवाणू की मंडियां भी इस बदली तस्वीर की गवाही दे रही हैं। यहां पिछले साल के मुकाबले करीब एक-तिहाई आवक ही दर्ज हुई है, हालांकि, कम आवक के बीच दोनों मंडियों में अब तक करीब 112.19 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है। इससे साफ है कि पेटियों की संख्या कम होने के बावजूद गुणवत्ता और भाव ने कुल कारोबार को सहारा दिया है।

बीसीएस में बढ़ते नशे पर नकेल की तैयारी

कोचिंग संस्थानों और पीजी में सीसीटीवी अनिवार्य

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। बीसीएस क्षेत्र में बढ़ते नशाखोरी के मामलों को देखते हुए नशा निवारण समिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवारो को तहसीलदार शिमला (ग्रामीण) संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वार्ड पार्षद सहित क्षेत्र के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान बीसीएस क्षेत्र को नशाखोरी के मामले में रेड जोन के रूप में चिन्हित किए जाने के बाद प्रभावी निगरानी और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि बीसीएस क्षेत्र में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र के सभी पीजी आवासों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कोचिंग संस्थानों के मुख्य द्वार के सामने भी निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया है, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नजर रखी जा सके और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित एजेंसियां समय पर कार्रवाई कर सकें।

अभिभावकों से सहयोग की अपील: समिति ने क्षेत्र में चौबीसों घंटे नियमित और प्रभावी पुलिस गश्त सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। समिति ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ अभियान में समिति और पुलिस का पूरा सहयोग करें। समिति का कहना है कि सामूहिक प्रयासों से बीसीएस क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के साथ युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

जुन्गा बटालियन में सखी सम्मेलन, महिलाओं ने दिखाया हुनर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रथम हिमाचल प्रदेश सशस्त्र पुलिस बटालियन जुन्गा में पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय एवं आपसी मेलजोल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सखी सम्मेलन आयोजित किया गया। बटालियन के कमांडेंट भूपेंद्र नेगी की पहल पर हुए सम्मेलन में बटालियन की महिला कर्मचारियों सहित आसपास की पंचायतों की करीब 100 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यातिथि सीमा नेगी ने प्रतिभागी महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। सम्मेलन में सिलाई-कढ़ाई, मेहंदी, चित्रकला, क्रोशिया, स्वादिष्ट एवं पारंपरिक व्यंजन बनाने जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मटकी फोड़ और रस्साकशी में भी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कमांडेंट भूपेंद्र नेगी ने कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस और जनता के बीच विश्वास, संवाद एवं आपसी सामंजस्य मजबूत करने के साथ महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं। स्थानीय महिलाओं ने सम्मेलन को उत्साहवर्धक पहल बताते हुए बटालियन प्रबंधन का आभार जताया।

तारों के सहारे झूलता रहा बिजली का खंभा, मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शहर के व्यस्त लोअर बाजार में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बिजली का एक खंभा अचानक उखड़कर हवा में झूलने लगा और तारों के सहारे टिक गया। संकरे बाजार में उस समय बड़ी संख्या में खरीदार और दुकानदार मौजूद थे। गनीमत रही कि खंभा जमीन पर नहीं गिरा और तारों ने उसका भार संभाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष देखा गया। लोगों का कहना है कि यदि खंभा गिर जाता या बिजली की तारें टूट जातीं तो बाजार में गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से ऐसे संवेदनशील स्थानों पर बिजली के खंभों तथा तारों की तत्काल जांच करवाने और जरूरी सुरक्षा कदम उठाने की मांग की है। साथ ही सवाल उठाया कि किसी अनहोनी की स्थिति में जिम्मेदारी आखिर किसकी होती।

फोरलेन ब्लास्टिंग से 12 भवनों में पड़ी दरारें

अनंत ज्ञान, शिमला। राजधानी के सिमटी क्षेत्र में फोरलेन सुरंग निर्माण के दौरान हो रही ब्लास्टिंग से आसपास के करीब 12 रिहायशी भवनों में दरारें आने की शिकायत सामने आई है। ढली-संजौली बाईपास सड़क पर भी कई स्थानों पर दरारें दिखाई देने से निर्माण की तकनीकी सुरक्षा को लेकर सवाल उठे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार रात के समय ब्लास्टिंग से जमीन में कंपन महसूस होता है और इसका असर भवनों की दीवारों व फर्श पर दिखाई दे रहा है। पूर्व महापौर संजय चौहान ने मामले को गंभीर बताते हुए सुरंग निर्माण रोककर नए सिरे से सर्वे और तकनीकी जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में हुए सर्वे में सिमटी-ढली क्षेत्र को संवेदनशील बताया गया था। उन्होंने मौजूदा और पुराने सर्वे का तकनीकी मिलान कराने की मांग की। शिकायतों के बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया है। एनएचएआई ने ब्लास्टिंग से होने वाले कंपन की तीव्रता मापने के लिए उपकरण लगाए हैं। प्रभावित भवनों की वीडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। क्षेत्र में करीब 300 से 400 भवन सुरंग के ऊपर स्थित बताए जा रहे हैं।

◆ **सिमटी में निर्माण कार्य रोका, कंपन की तीव्रता मापने को लगाए उपकरण**

कवालिया में गूंजा आस्था का जयकारा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। जुन्गा तहसील की करीब आठ हजार फुट ऊंची सुरम्य कवालिया चोटी पर भैंस पालकों का पारंपरिक जातर मेला रविवार को कवालिया देवता की पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत पीरन और सतलाई के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। परंपरा के अनुसार देवता की पूजा के अवसर पर भैंस के दूध से विशेष खीर तैयार कर श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित की गई।

कवालिया प्राचीन समय से क्षेत्र के भैंस पालकों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। पशुपालक वर्ष में करीब छह माह भैंसों के साथ यहां अस्थायी शिविरों में रहते हैं और दशहरे के बाद ठंड बढ़ने पर घर लौट जाते हैं। इस दौरान पशु खुले वन क्षेत्र में विचरण करते हैं और पशुपालक

कवालिया पीक का विहंगम प्राकृतिक दृश्य। अनंत ज्ञान

◆ **पारंपरिक जातर मेला संपन्न**

घास-फूस से अस्थायी शैड बनाकर रहते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार इन शैड में दरवाजा लगाना वर्जित है और देवता की कृपा से चोरी अथवा अनहोनी का भय नहीं रहता।

कवालिया की प्राकृतिक सुंदरता इसे धार्मिक आस्था के साथ पर्यटन की दृष्टि से भी खास बनाती है। ग्राम पंचायत पीरन के पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा ने कहा कि यदि कवालिया चोटी को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए तो यह प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में पहचान बना सकती है। चायल और कुफरी आने वाले पर्यटक पजौली घाटी से करीब तीन किलोमीटर पैदल सफर कर कवालिया पहुंच सकते हैं। चोटी से हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों, मैदानी क्षेत्रों और आसपास की प्राकृतिक वादियों का विहंगम दृश्य दिखाई देता है। मूलभूत सुविधाएं विकसित होने पर कवालिया धार्मिक पर्यटन के साथ प्रकृति, ग्रामीण जीवन और साहसिक पर्यटन का आकर्षक केंद्र बन सकता है।

एचआईवी जागरूकता की दौड़ में दौड़ा शिमला

80 युवाओं ने लिया रेड रन मैराथन में हिस्सा, युवाओं ने दौड़कर दिया जागरूकता का संदेश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला शिमला की ओर से युवा उत्सव गतिविधियों के तहत रविवार को जिला स्तरीय रेड रन मैराथन का आयोजन किया गया। प्रातः 7 बजे चौड़ा मैदान से शुरू हुई मैराथन में शिमला जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें 40 लड़के और 40 लड़कियां शामिल रहीं। प्रतिभागियों ने चौड़ा मैदान से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, समरहिल तक दौड़ लगाई और वापस चौड़ा मैदान पहुंचे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला शिमला डॉ. यशपाल रांटा ने कहा कि रेड रन मैराथन का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति

जागरूकता बढ़ाना और इसके बचाव एवं रोकथाम को लेकर सही जानकारी समाज तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सही जानकारी ही एचआईवी/एड्स की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण माध्यम हैं। मैराथन में महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने अभियान को व्यापक संदेश देने में अहम भूमिका निभाई।

लड़कों की श्रेणी में राजीव गांधी राजकीय डिग्री कॉलेज, कोटशेरा के जतिन ने प्रथम, देव ने द्वितीय और राम कृष्ण ने तृतीय स्थान हासिल किया। लड़कियों की श्रेणी में राजकीय कन्या महाविद्यालय, शिमला की अनामिका प्रथम, बिपाशा द्वितीय और कुसुम तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिमला डॉ. तहसीन भी उपस्थित रहे।

नखड़ी में खाई में गिरी पिकअप एक व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले के ननखड़ी क्षेत्र के गाहन में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। यहां एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना गंभीर था कि वाहन में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

क्षतिग्रस्त पिकअप वाहन। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों को जैसे ही हादसे की सूचना मिली, उन्होंने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायल को खाई से बाहर निकालने का प्रयास किया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसा किस कारण से हुआ, इसका तत्काल पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना से जुड़े तथ्यों को जुटाया जा रहा है।

बगीचे में घास काट रहे बुजुर्ग पर झपटा भालू

अनंत ज्ञान, सत्यदेव भारद्वाज। शिमला। जिले के रामपुर बुशहर क्षेत्र की मशनू पंचायत में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बगीचे में काम कर रहे 64 वर्षीय बुजुर्ग पर झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले में बुजुर्ग के सिर, मुंह और टांगों पर गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को किसी तरह सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल ठोस सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग उठाई है।

जानकारी के अनुसार मशनू गांव निवासी नरम लाल हस्टा रविवार सुबह रोजाना की तरह अपने बगीचे की ओर गए थे। बताया गया कि वह भेड़-बकरियों के लिए घास लेने के उद्देश्य से बगीचे में पहुंचे थे। करीब सुबह साढ़े नौ बजे जब वह बगीचे में काम कर रहे थे, तभी झाड़ियों में छिपे भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया। बुजुर्ग को संभलने तक का मौका नहीं मिला और भालू ने उन्हें जमीन पर गिराकर बुरी तरह घायल कर दिया। हमले के दौरान बुजुर्ग के सिर, मुंह और टांगों पर गंभीर चोटें आईं। नरम लाल के चीखने की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों के पहुंचने के बाद भालू वहां से जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद ग्रामीणों ने घायल बुजुर्ग को बगीचे से सड़क तक पहुंचाया और निजी वाहन के माध्यम से उपचार के लिए महात्मा गांधी खनेरी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया।

नाथपा झाकड़ी में शपथ के साथ स्वच्छता पखवाड़े का हुआ आगाज

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार और एसजेवीएन निगम मुख्यालय शिमला के दिशा-निर्देशों के तहत नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में 'स्वच्छता पखवाड़ा-2026' का आयोजन 2 अक्तूबर तक किया जा रहा है। पखवाड़े की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई। परियोजना परिसर झाकड़ी में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

◆ **स्कूलों में क्विज पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिताओं से होगा जागरूकता अभियान**

परियोजना प्रमुख एनजेएचपीएस ई. राजीव कपूर ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वहीं, हेल्पएज इंडिया की मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से गांव बसारा के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। पखवाड़े के दौरान स्वच्छता अभियान, स्वच्छ जल, वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण को लेकर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए क्विज, पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं भी होंगी। इसके अलावा स्वच्छता रैली और अन्य जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इन गतिविधियों का उद्देश्य परियोजना के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ स्थानीय समुदाय और विद्यार्थियों में स्वच्छता, जल संरक्षण तथा स्वच्छ जल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

शिमला बस अड्डे की लिफ्ट में फंसे 10 लोग

अचानक लिफ्ट रुकने से मची अफरा-तफरी, प्लास्टिक शीट तोड़कर निकाला बाहर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला के अंतरराज्यीय बस अड्डा टूटीकंडी में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लिफ्ट में अचानक तकनीकी खराबी आने से करीब 10 लोग अंदर फंस गए। बताया जा रहा है कि लिफ्ट बीच में रुक गई और काफी प्रयास के बावजूद सामान्य तरीके से नहीं खुल सकी। करीब 20 मिनट तक अंदर फंसे रहने से लोगों में घबराहट बढ़ने लगी, जबकि बाहर मौजूद लोग उन्हें सुरक्षित निकालने के प्रयास में जुट गए।

लिफ्ट का दरवाजा नहीं खुलने पर आखिरकार लोगों को बाहर निकालने के लिए लिफ्ट के हिस्से में लगी प्लास्टिक शीट को तोड़ना पड़ा। इसके बाद एक-एक कर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने भी फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की।

लिफ्ट में फंसे लोगों को प्लास्टिक शीट तोड़कर सुरक्षित बाहर निकालते लोग।

घटना के बाद बस अड्डे की लिफ्ट की तकनीकी स्थिति और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे हैं। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने संबंधित विभाग से लिफ्ट की तकनीकी खराबी की जांच करवाने तथा ऐसी स्थिति दोबारा पैदा न हो, इसके लिए सुरक्षा और आपातकालीन बचाव व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

उपलब्धि 11 महीने में 20 से 800 लीटर प्रतिदिन पहुंचा उत्पादन, सालाना कारोबार 70 लाख रुपए

दूध के छोटे कारोबार को कविता ने बनाया बड़ा उद्यम

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिमला जिले के दुर्गम ग्रामीण क्षेत्र छौहारा के थाना-जांगला की कविता शर्मा ने मेहनत, आत्मविश्वास और उद्यमशीलता के दम पर छोटी शुरुआत को बड़ी सफलता की कहानी में बदल दिया है। अक्तूबर 2025 में महज 20 लीटर प्रतिदिन दूध के प्रसंस्करण से शुरू हुआ उनका दुग्ध प्रसंस्करण उद्यम आज करीब 800 लीटर प्रतिदिन तक पहुंच गया है।

घी, पनीर, दही और मक्खन जैसे उत्पाद तैयार करने वाली यह इकाई अब केवल परिवार की आजीविका का साधन नहीं रही, बल्कि आसपास की 100 से अधिक महिला दुग्ध उत्पादकों के लिए नियमित बाजार का मजबूत माध्यम भी बन गई है। करीब 11 महीनों में कारोबार का यह विस्तार ग्रामीण हिमाचल में महिला उद्यमिता की उभरती तस्वीर को सामने रखता है। कविता शर्मा वर्ष

2020 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी थीं। सरस मेले, दिल्ली हाट, अंतरराष्ट्रीय शिमला समर फेस्टिवल और स्थानीय मेलों में उत्पादों के स्टॉल लगाने के दौरान उन्हें ग्राहकों की पसंद, गुणवत्ता, पैकेजिंग और बाजार की मांग को करीब से समझने का अवसर मिला। इसी अनुभव ने उन्हें अपना उद्यम स्थापित करने का आत्मविश्वास दिया। एसएचजी नंदला के माध्यम से शुरू की गई दुग्ध प्रसंस्करण इकाई के विस्तार में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत मिली 7 लाख रुपए की वित्तीय सहायता महत्वपूर्ण साबित हुई। इस सहयोग से बीएमसी, बैच पाश्चराइजर, होमोजेनाइजर, कल्चर टैंक, क्रीम सेपरेटर, फिलिंग और वैक्यूम पैकेजिंग मशीन सहित आधुनिक उपकरण स्थापित किए गए, जिससे उत्पादन क्षमता और कार्यकुशलता में बढ़ोतरी हुई।

किसी भी नए उद्यम के सामने उत्पादन के साथ बाजार खड़ा करने की चुनौती होती है। कविता शर्मा ने इस चुनौती का सामना दुकान-दुकान जाकर किया। स्थानीय दुकानदारों से संपर्क बढ़ाया, ग्राहकों की प्रतिक्रिया को समझा और उत्पादों की गुणवत्ता व प्रस्तुति पर लगातार काम किया।

इसका परिणाम यह रहा कि रोहड़ू, चिड़गांव, जुब्बल और आसपास के बाजारों में उनके उत्पादों की पहचान बनने लगी। वर्तमान में इकाई का अनुमानित वार्षिक कारोबार करीब 70 लाख रुपये तक पहुंच गया है। उद्यम की बढ़ती मांग का असर स्थानीय स्तर पर भी दिखाई दे रहा है। 100 से अधिक महिलाएं प्रतिदिन इस इकाई को दूध उपलब्ध करवा रही हैं, जिसके एवज में करीब 7 लाख रुपये प्रतिमाह का भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा दो स्थानीय महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार भी मिला है।

सरकारी सहयोग से पूरा हुआ सपना

कविता शर्मा का कहना है कि उनका सपना शुरुआत से ही अपना उद्यम खड़ा करने का था, लेकिन स्वयं सहायता समूह, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना से मिले सहयोग ने इस सपने को जमीन पर उतारने का रास्ता आसान किया। उनका कहना है कि 20 लीटर प्रतिदिन से शुरू हुई यात्रा अब 800 लीटर प्रतिदिन तक पहुंच चुकी है, फिर भी बाजार की पूरी मांग को पूरा करना संभव नहीं हो पा रहा है। आने वाले समय में उत्पादन क्षमता बढ़ाने की तैयारी है।

सैंज में पार्वती प्रोजेक्ट की टनल में रिसाव

डंपिंग साइट के मलबे और पानी के सैलाब से पालचरा गांव में तबाही

अनंत ज्ञान

सैंज। कुल्लू जिले की सैंज घाटी स्थित पार्वती जल विद्युत परियोजना (चरण-दो) के एडिट-5 में प्रेशर वॉल अचानक लीक होने से शनिवार देर रात भारी तबाही मच गई। टनल से निकले पानी के तेज बहाव ने एनएचपीसी की डंपिंग साइट पर जमा भारी मलबे को अपने साथ बहा लिया, जिससे नीचे बसे रैला पंचायत के पालचरा गांव में अचानक सैलाब आ गया। बिना बारिश के आधी रात को आए इस सैलाब के कारण लगभग 15 परिवारों के घरों, दुकानों और होमस्टे में मलबा व पानी घुस गया। अचानक बने इस खतरे से अफरा-तफरी फैल गई और ग्रामीणों ने आधी रात को भागकर अपनी जान बचाई तथा रिश्तेदारों व सुरक्षित स्थानों पर शरण ली।

पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-दो के सियूंड स्थित पावर हाउस के पीछे पहाड़ी से पानी का रिसाव काफी समय से हो रहा था। हाल ही में की गई तकनीकी जांच के दौरान लीकेज के मुख्य स्रोत की पहचान कर

ली गई थी। जांच के लिए दो नंबर प्रेशर शाफ्ट से पानी की आपूर्ति बंद की गई थी और टरबाइन-3 व 4 से बिजली उत्पादन अस्थायी रूप से रोका गया था। तकनीकी जांच में पाया गया था कि पावर हाउस के निचले हिस्से में कुछ स्थानों पर वेल्डिंग खुल गई थी और ग्राउटिंग होल से पानी का रिसाव हो रहा था। निचले हिस्से में लगभग 600 ग्राउटिंग होल मौजूद हैं, जिनसे लगातार रिसाव होने के कारण अंदरूनी दबाव बढ़ गया। यह पानी बॉटम के आसपास 25 मीटर की ऊंचाई पर बने वीप होल्स से होकर पहाड़ी के बाहर निकलने लगा और अंततः शनिवार रात एडिट-5 की प्रेशर वॉल लीक होने से अचानक बड़ा सैलाब आ गया।

पहचान के बावजूद नहीं हुई मरम्मत: घटना के बाद रैला, रूमरा, जीवा, शुलगा, वागीधार और खड़ोआ सहित आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने परियोजना प्रबंधन और प्रशासन की लापरवाही पर कड़ा रोष जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ी से हो रहे रिसाव के संबंध में ग्रामीणों ने पहले

> **मौके** पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और घटना किस कारण हुई और परियोजना क्षेत्र में पानी व मलबा रिहायशी क्षेत्र तक कैसे पहुंचा, इसे लेकर परियोजना अधिकारियों से भी जानकारी ली गई। मलबा हटाने के लिए मशीनरी तैनात की गई है। साथ ही स्थिति पर पूरी नजर रखी जा रही है।
>
> **-पंकज शर्मा, एसडीएम, बंजार।**

ही एडीएम और एनएचपीसी के अधिकारियों से मिलकर समस्या रखी थी। तकनीकी जांच में रिसाव का स्रोत भी पता चल गया था, लेकिन इसके बावजूद मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया और यह हादसा हो गया। ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि प्रभावितों को जल्द राहत व सुरक्षित आवास दिए जाएं और डंपिंग साइट से मलबा नीचे आने से रोकने के लिए स्थायी सुरक्षा दीवार बनाई जाए। उधर, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन की टीम प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंची। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए त्वरित राहत और नुकसान के आकलन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

पार्वती परियोजना की टनल में रिसाव पर प्रशासन ने शुरू की त्वरित कार्रवाई

अनंत ज्ञान

◆ **मौके पर पहुंची अधिकारियों की टीम, रिसाव रोका; मलबा हटाने के लिए मशीनरी तैनात**

ब्यूरो, कुल्लू। पार्वती जलविद्युत परियोजना की टनल से सैंज क्षेत्र की रैला पंचायत में एक स्थान पर हुए रिसाव का जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्यवाहक उपायुक्त एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुरजीत सिंह राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही उपमंडलाधिकारी (नागरिक), बंजार तथा एनएचपीसी पार्वती परियोजना के महाप्रबंधक सहित संबंधित अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन कर रही है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्तर पर टनल से हो रहे रिसाव को पूरी तरह रोक लिया गया है। रिसाव के कारण जमा हुए मलबे को हटाने के लिए मौके पर आवश्यक मशीनरी तैनात कर दी गई है। एडीएम ने बताया कि प्रशासन द्वारा स्थानीय परिस्थितियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। संबंधित अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने तथा रिसाव से हुई संभावित क्षति का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं।निरीक्षण के बाद एसडीएम बंजार पूरे मामले की विस्तृत एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपेंगे। रिपोर्ट के आधार पर क्षति और अन्य संबंधित पहलुओं का आकलन करते हुए आवश्यक आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

टनल में रिसाव की हो उच्चस्तरीय भूगर्भीय जांच: गुमान सिंह

अनंत ज्ञान, बंजार। हिमालय नीति अभियान के संयोजक गुमान सिंह ने सैंज घाटी के पालचरा गांव में एनएचपीसी की पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-2 की टनल से हो रहे पानी के रिसाव पर चिंता जताई है। उन्होंने तकनीकी खामियों की आशंका जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय भूगर्भीय जांच की मांग की।उनके अनुसार शनिवार रात एडिट-5 के नीचे टनल से अचानक भारी रिसाव शुरू हुआ, जिससे पालचरा और रैला के कुछ घर प्रभावित हुए। पालचरा के पीछे स्थित एनएचपीसी की डंपिंग साइट पर 2025 में भूस्खलन से दो घर तबाह होने का भी उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि टनल में पानी छोड़े जाने के बाद रैला, शुलगा, डाहरा, रुंबरा, खड़ोहा, बागीधार और राख सहित कई गांवों में घरों व जमीन पर दरारें आई हैं। सिउंड पावर हाउस के ऊपर पहाड़ से भी रिसाव की बात कही गई है। उन्होंने जांच, प्रभावितों को उचित मुआवजा व सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की।

हितेंद्र साहसी बने राज्य कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू के अधिवेशन में कर्मचारी नेता हितेंद्र साहसी को जिला अध्यक्ष चुना गया। प्रतिनिधियों ने उनके नेतृत्व में कर्मचारियों की समस्याएं और लंबित मांगें प्रभावी ढंग से सरकार के समक्ष उठाने का विश्वास जताया। अधिवेशन में डीए की लंबित किस्तें, वेतन व एरियर का भुगतान, न्यूनतम वेतन में वृद्धि, 4-9-14 एसीपी सहित वित्तीय लाभ देने की मांग उठाई गई। रिक्त पद भरने तथा पदोन्नति और स्थानांतरण से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर भी जोर दिया गया। टीईटी प्रभावित शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके मामलों को मानवीय दृष्टिकोण से हल करने की मांग की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष हितेंद्र साहसी ने कहा कि कर्मचारी हित सर्वोपरि रहेगा। संगठन सरकार के साथ संवाद और रचनात्मक वार्ता के माध्यम से जायज मांगों के समाधान के लिए प्रयास करेगा। उन्होंने कर्मचारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

युवाओं को संस्कृति और समाज से जोड़ना आवश्यक: राकेश

◆ **कुल्लू में संपन्न हुआ दो दिवसीय सम्मेलन, शिक्षा सचिव ने की अध्यक्षता**

◆ **प्लास्टिक मुक्त परिसर और हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की**

अनंत ज्ञान

मनाली। उच्चतर शिक्षा में सुधार विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह की अध्यक्षता सचिव शिक्षा राकेश कंवर ने की। उन्होंने उच्चतर शिक्षा विभाग को सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे मंच संस्थानों को एक-दूसरे की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों और नवाचारों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने महाविद्यालयों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि सफल पहलों को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए अनुभव साझा करना जरूरी है। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त परिसर, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहनीय बताया तथा हरित ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उच्चतर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नवाचार, संसाधनों का बेहतर उपयोग, तकनीक का समावेश और विद्यार्थियों को समाज से जोड़ना आवश्यक है। राकेश कंवर ने महाविद्यालयों और विद्यालयों के बीच संसाधनों की साझेदारी विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों में खेल एवं शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग व्यवस्था शुरू की गई है, जिससे संस्थानों को स्व-मूल्यांकन में सहायता मिलेगी। उन्होंने प्राध्यापकों से ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था मजबूत करने और विषय विशेषज्ञों को इससे जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सोच और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए एक्सपोजर विजिट शुरू किए गए हैं। उन्होंने शिक्षकों को भी ऐसे अवसर देने के सुझाव का स्वागत किया।

सचिव शिक्षा ने नशे के दुरुपयोग के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने, नवाचारों की ऑनलाइन निगरानी और युवाओं को स्थानीय संस्कृति व समुदाय से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। सम्मेलन में प्राचार्यों के साथ खुला संवाद हुआ। इस अवसर पर निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. सुनीता सिंह सहित विभागीय अधिकारी, प्राचार्य और प्राध्यापक मौजूद रहे।

भुंतर से जम्मू के लिए जल्द शुरू होगी हवाई सेवा भुंतर एयरपोर्ट से हिसार होते हुए भरेगी उड़ान

अनंत ज्ञान

भुंतर। कुल्लू जिले के भुंतर स्थित कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट से जम्मू के लिए नई हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है, जिससे यात्रियों और पर्यटकों को बड़ी राहत मिलने वाली है। यह उड़ान भुंतर से हिसार के रास्ते जम्मू के बीच संचालित की जाएगी, जिसके लिए वर्तमान में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस रूट पर एलायंस एयर का 48 सीटर विमान चलाया जाना प्रस्तावित है।

भुंतर एयरपोर्ट के निदेशक सिद्धार्थ कदम्ब ने पुष्टि की है कि इस सेवा के शुरू होने से न केवल कनेक्टिविटी बढ़ेगी, बल्कि सप्ताह में उड़ानों के संचालन के दिन और समय की जानकारी भी जल्द ही स्पष्ट कर दी जाएगी। वर्तमान में भुंतर एयरपोर्ट से दिल्ली, अमृतसर और जयपुर के लिए उड़ानें संचालित हो रही हैं, हालांकि देहरादून के लिए चलने वाली सेवा पिछले कुछ महीनों से बंद है। ऐसे में जम्मू और हिसार के लिए यह नया हवाई विकल्प जुड़ने से कुल्लू-मनाली के पर्यटन कारोबार को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है। वैष्णो

देवी जाने वाले श्रद्धालुओं और जम्मू से आने वाले पर्यटकों के लिए यह यात्रा बेहद सुगम और समय बचाने वाली साबित होगी। मनाली के स्थानीय होटल व्यवसायियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि इस नई हवाई सेवा से सैलानी आसानी से वैष्णो देवी के दर्शन के साथ-साथ मनाली की वादियों का भी लुत्फ उठा सकेंगे।

शमशर-पनेई सड़क का भूमिपूजन

निर्माण कार्य शुरू, 18 करोड़ की लागत से बनेगी 9.3 किलोमीटर सड़क

◆ **दशकों पुरानी मांग पूरी होने से ग्रामीणों में खुशी**

अनंत ज्ञान

आनी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के तहत बनने वाली शमशर-पनेई सड़क का रविवार को विधिवत भूमिपूजन किया गया। तीन पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर हवन-पाठ किया। इसके बाद संबंधित ठेकेदार ने सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

दशकों से सड़क सुविधा की राह देख रहे क्षेत्रवासियों ने निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताई। शमशर-पनेई सड़क की लंबाई 9.3 किलोमीटर है और इसके निर्माण पर करीब 18 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनने से उपमंडल मुख्यालय आनी तक पहुंचने की दूरी करीब 20 किलोमीटर कम हो जाएगी। इससे हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ समय और यात्रा खर्च की भी बचत होगी। सड़क बनने से कराणा, कराणा-1, कुंगश, बिनन, मुंडदल, कमांद, खनी, चवाई और कोहिला सहित आसपास की पंचायतों के हजारों लोग लाभान्वित होंगे। वहीं, शुहच, पलैनी और तनोडा क्षेत्रों के सैकड़ों ग्रामीणों को भी सड़क सुविधा से जुड़ने का लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण उनकी वर्षों पुरानी मांग थी, जिसके पूरा होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। सड़क निर्माण कर रही साईं कंस्ट्रक्शन के डीजीएमओ संजीव पठानिया ने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। लोनिवि एसडीओ मनीष कुमार का कहना है कि शमशर- पनेई सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू कर लिया है। 9.3 किमी लंबी सड़क करीब 18 लाख की लागत से बनेगी। शमशर में जहां यह सड़क एनएच 305 से बनेगी वहां इसके अलावा साढ़े 3 करोड़ रुपए से एक पुल बनेगा, जिसका टेंडर बहुत जल्द अवार्ड किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कराणा-1 के प्रधान चुनी लाल राठौर, उपप्रधान प्रवेश शर्मा, कराणा के प्रधान शांता कुमार, उपप्रधान मनोज कुमार, कुंगश पंचायत प्रधान सीमा देवी, उपप्रधान लच्छी राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में कलाकारों को हुनर दिखाने का मिलेगा मौका

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव-2026 में अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करने के इच्छुक कलाकारों और कला दलों के लिए जिला प्रशासन ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के द्वार खोल दिए हैं। उत्सव के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए स्थानीय और बाहरी कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त कुल्लू जयबंती ठाकुर ने बताया कि गायन और नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अपने आवेदन उपायुक्त कुल्लू के आधिकारिक ईमेल dc-kul-hp@nic.in पर ऑनलाइन भेज सकते हैं। वहीं, जिला स्तरीय लोक नृत्य, शास्त्रीय संगीत एवं नाटक के साथ-साथ गायन और नृत्य के अतिरिक्त अन्य पारंपरिक, लोक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपना आवेदन जिला भाषा अधिकारी कार्यालय, कुल्लू में व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से जमा करवाना होगा। जिला प्रशासन ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों और कला दलों से निर्धारित अंतिम तिथि से पहले सही माध्यम से आवेदन जमा करवाने का आग्रह किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अधूरी जानकारी वाले अथवा निर्धारित माध्यम के विपरीत भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा देश-विदेश में हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और कला का परिचय कराने वाला प्रमुख उत्सव है। ऐसे में विभिन्न प्रतियोगिताएं कलाकारों और उभरती प्रतिभाओं को अपनी कला को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेंगी। अधिक जानकारी के लिए जिला भाषा अधिकारी कार्यालय कुल्लू से संपर्क किया जा सकता है।

◆ **गायन-नृत्य के लिए ऑनलाइन करें आवेदन**

नवनीत सूद बने हिमाचल कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता और मीडिया पैनलिस्ट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा की ओर से हिमाचल कांग्रेस कमेटी के पुनर्गठित मीडिया विभाग की आधिकारिक सूची जारी की गई है। इस नई कार्यकारिणी में कुल्लू के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अधिवक्ता नवनीत सूद को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश प्रवक्ता तथा मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है।

नवनीत सूद कि इस ताजपोषी पर कुल्लू जिला कांग्रेस, अधिवक्ता परिषद तथा विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

छात्र राजनीति से शुरू होकर प्रदेश संगठन तक का सफर: नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता नवनीत सूद का राजनीतिक व सामाजिक अनुभव अत्यंत व्यापक और निष्ठापूर्ण रहा है। उन्होंने वर्ष 1997 से 1999 के दौरान छात्र संगठन एनएसयूआई के कार्यकर्ता के रूप में अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2004 से 2008 तक शहरी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद की कमान संभाली और युवाओं को संगठन से जोड़ा।

वर्ष 2008 से 2011 तक वह कुल्लू विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष रहे। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें वर्ष 2012 से 2018 तक जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू के महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके उपरांत वर्ष 2018 से 2021 तक उन्होंने किसान कांग्रेस कुल्लू के जिलाध्यक्ष के रूप में किसानों के अधिकारों के लिए कार्य किया। वकालत के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है, जिसके चलते वर्ष 2021 से 2023 तक वे जिला बार एसोसिएशन कुल्लू के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए। वर्तमान में वह वर्ष 2023 से 2026 के कार्यकाल के लिए हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं।

पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

अपनी इस नई जिम्मेदारी पर नवनीत सूद ने कांग्रेस आलाकमान, प्रदेश नेतृत्व और संगठन के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जता कर उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उस पर वह खरा उतरने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे और प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और नीतियों को आम जनता तक पहुंचाएंगे। नवनीत ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार जन-हितैषी निर्णय ले रही है और विभिन्न क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। वह मीडिया के माध्यम से सरकार की इन उपलब्धियों को प्रमुखता से जनता के सामने रखेंगे तथा विपक्षी दलों के आधारहीन और झूठे दावों का मुंहतोड़ जवाब देकर पार्टी की विचारधारा को मजबूती प्रदान करेंगे।

शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक अनुराधा राणा ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को किया रवाना

दारचा गोंपा से 'पर्यावरण संरक्षण पदयात्रा' का आगाज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। वाईडीए (युवा बौद्ध संघ) गरशा के तत्वावधान में आयोजित 'पर्यावरण संरक्षण पदयात्रा' का दारचा गोंपा से विधिवत शुभारंभ हो गया है। यह पदयात्रा श्रद्धेय ग्यालवा दोखम्पा रिनपोछे, श्रद्धेय खमतक रिनपोछे और श्रद्धेय सोमांग रिनपोछे के पावन आशीर्वाद से शुरू की गई।

इस विशेष अवसर पर लाहौल-स्पीति की विधायक, आदिवासी कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस की वरिष्ठ प्रवक्ता अनुराधा राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक अनुराधा राणा ने इस पुनीत कार्य के लिए सभी पदयात्रियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने आयोजन समिति को यात्रा के सफल संचालन के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से एक

लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की। शुभारंभ समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष दोरजे लारजे, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष शशिकिरण, जिला जनसंपर्क एवं संचार (सोशल मीडिया) समन्वयक राहुल ठाकुर और पंचायती राज के खंड अध्यक्ष टशी केसंग समेत कई गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। हिमालय की पवित्र भूमि, प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण और विश्व शांति के उद्देश्य से शुरू की गई वाईडीए गार्शा की यह पहल अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक मानी जा रही है। स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित हिमालय के निर्माण की दिशा में उठाया गया यह कदम प्रकृति के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के संकल्प को दर्शाता है।

कार्यक्रम के अंत में आयोजन टीम और सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

पर्यटन के साथ पर्यावरण संरक्षण को मिले प्राथमिकता: रवि ठाकुर

पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली पदयात्रा का किया स्वागत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरण और मानव जीवन का गहरा संबंध है। हमारी नदियां, ग्लेशियर, जलस्रोत, खेत-खलिहान और जैव विविधता आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

उन्होंने पूज्य खमट्रुल रिम्पोछे, सोमा रिम्पोछे एवं कट्रक रिम्पोछे के नेतृत्व में रविवार को पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से निकाली जा रही पदयात्रा में सहभागिता कर उनका स्वागत किया। दारचा से प्रारंभ हुई यह पदयात्रा लाहौल-स्पीति के विभिन्न क्षेत्रों से होकर आगे बढ़ी। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को

हिमालय, ग्लेशियरों, जलस्रोतों, जीव-जंतुओं व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा लाहौल-स्पीति में पर्यटन एवं कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बेहतर कनेक्टिविटी और बढ़ते पर्यटन से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है, लेकिन इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी और बढ़ जाती है।

रवि ठाकुर ने प्रदेश सरकार एवं प्रशासन से आग्रह किया कि पर्यटन विकास के साथ शौचालय, स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन, पेयजल, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी जाए, ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और पर्यावरण पर अनावश्यक दबाव न पड़े। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति का विकास ऐसा हो, जिसमें पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था आगे बढ़ने के साथ-साथ हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता, पर्यावरण, संस्कृति और विरासत भी सुरक्षित रहे। इसके लिए सरकार, प्रशासन, स्थानीय समुदाय और पर्यटकों-सभी को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी।

भुंतर में ऑटो से बैग चोरी, 20 हजार नकद और दस्तावेज गायब

अनंत ज्ञान, भुंतर। भुंतर सब्जी मंडी चौक स्थित पार्किंग में खड़े ऑटो रिक्शा से एक बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। बैग में करीब 20 हजार रुपए नकद, हिल ऑटो रिक्शा यूनियन भुंतर के महत्वपूर्ण दस्तावेज, रजिस्टर और मुहरें होने की जानकारी है। यूनियन प्रधान प्रेम चंद वर्धन ने पुलिस थाना भुंतर में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार 17 सितंबर को प्रेम चंद वर्धन ने अपने ऑटो में तीन बैग रखे थे। दोपहर करीब 12 बजे वह सब्जी मंडी पार्किंग पहुंचे, जहां दोपहर दो बजे तक तीनों बैग ऑटो में रहे। रात करीब साढ़े नौ बजे वह ऑटो लॉक कर घर चले गए। अगले दिन सुबह करीब 10 बजे सफाई के दौरान एक बैग गायब मिला, जबकि अन्य दो बैग सुरक्षित थे। शिकायतकर्ता ने अज्ञात व्यक्ति पर चोरी की आशंका जताई है। यूनियन में करीब 130 सदस्य हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

गणेश महोत्सव की छठी भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। ऐतिहासिक शिवनगरी बैजनाथ में आयोजित 16वें 'शिव बाग का राजा' गणेश महोत्सव के तहत छठी भजन संध्या श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित हुई। राधा अष्टमी के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण और कान्हा के विभिन्न रूपों में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। माखन चोरी तथा राधा-कृष्ण की जीवंत झांकियां विशेष आकर्षण रहीं। प्रसिद्ध भजन गायक दिनेश चंदेल और उदय सूफी ने भजनों की प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय बना दिया। 'नचना श्याम दे नाल' भजन पर श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे झूम उठे। कार्यक्रम में गद्दी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष गोकुल ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। आयोजन समिति ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने गणेश महोत्सव और राधा अष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखने तथा युवा पीढ़ी को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कभी चांदी का बाजार थी ट्यालू मेले की खासियत विवाह शादियों के लिए खरीददारी को आते थे लोग

डल से शुरू होकर भागसूनाग, मैक्लोडगंज और कोतवाली बाजार तक लगता था मेला

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। पर्यटन नगरी मैक्लॉडगंज में लगने वाले ट्यालू मेले में कभी चांदी का बाजार भी लगता था, जोकि इसकी खासियत थी, जहां लोग विवाह शादियों के लिए खरीददारी करते थे। पूर्व में डल से शुरू होकर भागसूनाग, मैक्लोडगंज और कोतवाली बाजार तक यह मेला लगता था।

ट्यालू मतलब ऐसा जंक्शन, जहां सभी लोग आपस में जुड़ सकें। मेले में दूर-दूर से सोना-चांदी के व्यापारी और सुनार यहां पहुंचकर कारोबार करते थे। स्थानीय लोग विवाह-शादियों और अन्य शुभ अवसरों के लिए सोना-चांदी की खरीदारी मेले में लगी दुकानों से ही करते थे। ट्यालू मेला कमेटी के अध्यक्ष दिनेश कपूर ने बताया कि ट्यालू मेला ब्रिटिशकाल से चला आ रहा है। उन्होंने बताया कि जब क्षेत्र के संपर्क मार्ग आपस में जुड़े नहीं थे, तब कांगड़ा, चंबा और भरमौर को जोड़ने वाला यह मार्ग ट्यालू से होकर त्रियुंड क्षेत्र की जोत के रास्ते एक शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल होता था।

◆ **ट्यालू मतलब ऐसा जंक्शन, जहां सभी लोग आपस में जुड़ सकें**

अनंत ज्ञान खास खबर

पहले काफी विस्तृत था मेला

कपूर ने कहा कि खरेड़ी से लेकर खन्यारा, नरोणा, धर्मकोट, नड्डी और भागसूनाग सहित ऊपरी क्षेत्रों की आबादी इस मेले को आपसी मिलन और उत्सव के रूप में मनाती आ रही है। इसी कारण इसका नाम ट्यालू मेला पड़ा। ट्यालू का अर्थ एक ऐसे जंक्शन से है, जहां सभी लोग आपस में जुड़ सकें। उन्होंने बताया कि पूर्व में इस मेले का काफी विस्तार था।

मेले में होती थी चांदी की खरीद

ट्यालू मेले की एक प्रमुख विशेषता इसका चांदी का बाजार भी रहा है। कपूर के अनुसार, दूर-दूर से सोना-चांदी के व्यापारी और सुनार यहां पहुंचकर कारोबार करते थे। स्थानीय लोग विवाह-शादियों और अन्य शुभ अवसरों के लिए सोना-चांदी की खरीदारी मेले में लगी दुकानों से ही करते थे।

मनोरंजन के लिए दंगल की शुरुआत

दिनेश कपूर ने उन्होंने बताया कि मेले में खान-पान और अन्य सामग्री के साथ मनोरंजन के लिए दंगल की परंपरा भी शुरू हुई थी, जो आज बड़े कुश्ती दंगल का रूप ले चुकी है। इसमें जिला, प्रदेश और पड़ोसी राज्यों से नामी तथा विजेता पहलवान पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।

पूर्वजों की परंपरा को रखा कायम

कपूर ने कहा कि पूर्वजों द्वारा शुरू की गई इस परंपरा को कायम रखते हुए वर्तमान में पंजीकृत मेला कमेटी इसका आयोजन कर रही है। बच्चों को प्रोत्साहित करने, संस्कृति को जीवित रखने और नए कलाकारों को मंच देने के उद्देश्य से कुछ वर्षों से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हालांकि ट्यालू मेला बरसात के मौसम में आयोजित होता है, इसके बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं आती।

भारत की महान ज्ञान परंपरा ही हमारी पहचान है: राज्यपाल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शनिवार सायं सिद्धबाड़ी स्थित चिन्मय तपोवन आश्रम, संदीपनी हिमालय में आयोजित चिन्मय अमृत महोत्सव में भाग लिया। कार्यक्रम चिन्मय मिशन की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तथा पूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी के प्रेरणादायी जीवन और योगदान को समर्पित रहा।

इस दौरान मिशन की आध्यात्मिक गतिविधियों और समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को स्मरण किया गया। राज्यपाल ने कहा कि चिन्मय मिशन ने भारतीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्वामी चिन्मयानंद जी के विचारों ने देश-विदेश में लोगों को भारतीय दर्शन, संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन से जोड़ा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश की सबसे बड़ी शक्ति है। युवाओं में संस्कार, राष्ट्रभक्ति, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत करना आवश्यक है। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज भी उपस्थित रहे तथा दलाई लामा का संदेश पढ़ा गया।

एचपीटीडीसी कर्मचारियों को अब तक नहीं मिला अगस्त का वेतन, फूटा गुस्सा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के कर्मचारी इन दिनों खुद भारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

सितंबर का महीना खत्म होने की कगार पर है, लेकिन निगम के नियमित और आउटसोर्स कर्मचारियों को अगस्त माह का वेतन अब तक नसीब नहीं हुआ है। महीने भर काम करने के बाद भी जेब खाली होने से कर्मचारियों में प्रदेश सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ भारी आक्रोश पनप रहा है। राज्य पर्यटन निगम कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष शशि पाल शर्मा ने बताया कि समय पर वेतन न मिलने से कर्मचारियों के सामने घर चलाने का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन के अभाव में परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना, बच्चों की स्कूल फीस भरना और अन्य जरूरी किस्तों का भुगतान करना मुश्किल हो गया है। खासकर आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए वेतन ही आय का इकलौता साधन है, ऐसे में वेतन में लगातार हो रही इस देरी ने उनकी मुश्किलें दोगुनी कर दी हैं।

जुलाई का वेतन भी 25 अगस्त को मिला था

वेतन भुगतान में देरी की यह समस्या नई नहीं है। शशि पाल शर्मा ने बताया कि इससे पहले जुलाई महीने का वेतन भी समय पर नहीं मिला था और करीब 25 अगस्त को जाकर इसका एकमुश्त भुगतान किया गया था। अब अगस्त का वेतन भी लटकने से कर्मचारियों का सब्र जवाब दे रहा है। इसी गंभीर मुद्दे को लेकर 15 सितंबर को बिलासपुर के एक होटल में एचपीटीडीसी कर्मचारी संगठन की कार्यकारिणी की अहम बैठक हुई। इस बैठक में 50 से 60 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जहां वेतन में हो रही देरी का मुद्दा सबसे प्रमुखता से उठाया गया और इसके खिलाफ असंतोष जाहिर किया गया।

समय पर भुगतान की गारंटी दे सरकार: कर्मचारियों ने हिमाचल सरकार और एचपीटीडीसी प्रबंधन से मांग की है कि अगस्त माह के लंबित वेतन का बिना किसी देरी के तुरंत भुगतान किया जाए। साथ ही, उन्होंने एक स्थायी व्यवस्था की मांग उठाई है ताकि भविष्य में वेतन का भुगतान हर महीने एक निर्धारित समय पर हो सके। कर्मचारियों ने दोटूक कहा है कि जब वे नियमित रूप से अपनी सेवाएं देने में कोई कोताही नहीं बरतते, तो उनके वेतन का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना भी निगम और संबंधित एजेंसी की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल में इंडोर स्विमिंग पूल का निर्माण शुरू

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, इंदौरा। प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर में विद्यार्थियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में इंडोर ऑल-वेदर स्विमिंग पूल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के चेयरमैन भारत भूषण ने निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस सुविधा से विद्यार्थियों को गर्मी, बारिश और सर्दी में वर्षभर सुरक्षित वातावरण में तैराकी प्रशिक्षण एवं अभ्यास का अवसर मिलेगा। चेयरमैन भारत भूषण ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल एवं शारीरिक गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्विमिंग पूल विद्यार्थियों को तैराकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के बेहतर अवसर प्रदान करेगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार पूल को विद्यार्थियों की सुरक्षा, सुविधा और प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया जाएगा। इससे फिटनेस, अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रेनू परमार, एमडी डॉ. रिचा महाजन, डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में थुरल स्कूल का दबदबा, संचिता मैथमेटिकल ओलंपियाड में प्रथम

अनंत ज्ञान

राकेश डोगरा, डरोह। उपमंडल स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस धीरा का आयोजन 18 से 19 सितंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाटी में किया गया।

इस आयोजन में धीरा उपमंडल के 30 विद्यालयों के 292 नन्हे वैज्ञानिकों ने भाग लिया। यह आयोजन उपमंडल समन्वयक सिकंदर मिन्हास एवं सुचारिता कटोच की देखरेख में संपन्न हुआ। चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का आयोजन 'साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टेनेबिलिटी' थीम के तहत अंतर्गत करवाया गया, जिसमें उपमंडल स्तर पर चार मुख्य इवेंट प्रश्नोत्तरी, मैथ ओलंपियाड, साइंस एक्टिविटी कॉर्नर तथा साइंस मॉडल सम्मिलित किए गए। सीनियर सेकेंडरी वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल का दबदबा रहा। मैथ ओलंपियाड में संचिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इनोवेटिव साइंस मॉडल में कनिका जम्वाल एवं तनिशी वालिया प्रथम, साइंस एक्टिविटी कॉर्नर में साकेत द्वितीय तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रितिका और कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या अनुपम बाला, सिकंदर मिन्हास प्रवक्ता रसायन विज्ञान, लेख राज हीर प्रवक्ता भौतिकी, प्रवीण कुमार प्रवक्ता जीव विज्ञान, राजीव कुमार प्रवक्ता गणित एवं समस्त विद्यालय के प्रवक्ताओं, अन्य अध्यापकों तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा जिला स्तर पर उपमंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने मुख्यमंत्री से उठाई मांग

किलाड़ के बाद अब भरमौर, गैहरा और होली स्कूल को मिले सीबीएसई का दर्जा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। दुर्गम एवं जनजातीय क्षेत्र भरमौर-पांगी में शिक्षा की तस्वीर बदलने की दिशा में अब तीन और प्रमुख सरकारी विद्यालयों को सीबीएसई का दर्जा देने की मांग जोर पकड़ने लगी है। एपीएमसी चंबा के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन आदिवासी कांग्रेस ललित ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके सरकारी आवास ओक ओवर में मुलाकात कर उन्हें मांग-पत्र सौंपते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर, गैहरा और होली को सीबीएसई विद्यालय घोषित करने की मांग उठाई है।

यह मांग ऐसे समय में सामने आई है जब पांगी घाटी के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किलाड़ को सीबीएसई का दर्जा मिलने के बाद वहां विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

किलाड़ में 225 से बढ़कर 500 हुई छात्रों की संख्या

मुख्यमंत्री को सौंपे मांगपत्र में ललित ठाकुर ने कहा कि पांगी घाटी के किलाड़ विद्यालय को सीबीएसई का दर्जा मिलने के बाद विद्यार्थियों की संख्या करीब 225 से बढ़कर 500 के आसपास पहुंच गई है। उनके अनुसार यह बदलाव दुर्गम क्षेत्र में अभिभावकों और विद्यार्थियों के बीच आधुनिक एवं राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा की बढ़ती मांग को दर्शाता है। ललित ठाकुर ने इसी उदाहरण को आधार बनाते हुए मुख्यमंत्री से भरमौर-पांगी के तीन महत्वपूर्ण विद्यालयों को भी सीबीएसई के दायरे में लाने का आग्रह किया है।

तीनों स्कूल में पढ़ रहे 1170 विद्यार्थी

तीनों विद्यालयों में वर्तमान में करीब 1170 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर में करीब 470, गैहरा में करीब 400 और होली में करीब 300 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। ललित ठाकुर ने कहा कि इन विद्यालयों को सीबीएसई का दर्जा मिलने से विद्यार्थियों को दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र छोड़कर अन्य स्थानों पर जाने के बजाय अपने ही क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम और बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

प्रश्नोत्तरी में चंबा कॉलेज की टीम बनी विजेता

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव समूह-1 (सृजनात्मकता) की प्रतिष्ठित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान, शिमला में 16 से 18 सितंबर तक आयोजित युवा उत्सव में प्रदेशभर से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्ध करीब 60 महाविद्यालयों की लगभग 600 प्रतिभागियों ने विभिन्न सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। राजकीय महाविद्यालय चंबा की 10 सदस्यीय टीम ने वाग्मिता, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पोस्टर निर्माण, कार्टून निर्माण, मूर्तिकला, कोलाज, स्पॉट पेंटिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की सबसे प्रतिष्ठित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चंबा महाविद्यालय की टीम ने प्रारंभिक चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के 60 महाविद्यालयों की टीमों को पीछे छोड़कर अंतिम पांच टीमों में जगह बनाई। इसके बाद मुख्यातिथि के समक्ष आयोजित फाइनल राउंड में हितेश कुमार, रोहित कुमार और राहुल देवल की तीन सदस्यीय टीम ने सभी पांच राउंड में अपनी बढ़त बनाए रखी। चंबा की टीम ने 135 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान हासिल किया और विजेता का खिताब अपने नाम किया। युवा उत्सव के समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

32 लाख मंजूर, दो साल से अधर में सड़क निर्माण

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग को दिया एक सप्ताह का अल्टीमेटम

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क सुविधा से जोड़ने के दावों के बीच सम्मला-कलमला सड़क की स्थिति विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। वर्ष 2024 में सड़क निर्माण के लिए 32 लाख रुपए स्वीकृत होने के बावजूद करीब दो वर्ष बीत जाने पर भी निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शुरुआती स्तर पर मिट्टी डालने के बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया और उसके बाद से सड़क निर्माण कार्य ठप पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार, दो वर्ष के लंबे अंतराल में 50 मीटर तक सड़क का निर्माण भी पूरा नहीं हो पाया है। बरसात के दौरान अधूरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क के अधूरे रहने से आसपास के कई गांवों की आबादी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के लिए धनराशि स्वीकृत होने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि वर्षों पुरानी आवाजाही की समस्या का समाधान होगा, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद बीच में ही बंद हो गया। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने का दावा किया, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिलते रहे। इससे स्थानीय लोगों में विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने अब लोक निर्माण विभाग को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर सम्मला-कलमला सड़क का निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया गया तो 28 सितंबर को सुबह 10 बजे लोक निर्माण विभाग के राख स्थित कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

बोले-28 को राख में विभाग के कार्यालय का करेंगे घेराव

दो साल में 50 मीटर सड़क भी नहीं बन पाई: प्रधान

ग्राम पंचायत कलमला के प्रधान विपिन शर्मा ने कहा कि सम्मला-कलमला सड़क के लिए वर्ष 2024 में ग्रामीण सड़क योजना के तहत 32 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। इससे ग्रामीणों में सड़क निर्माण को लेकर उम्मीद जगी थी, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बावजूद सड़क निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पाया है। उन्होंने कहा कि 50 मीटर तक भी सड़क निर्माण पूरा नहीं हो सका है। ग्रामीण कई बार संबंधित विभाग से निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। विपिन शर्मा ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो 28 सितंबर को सुबह 10 बजे ग्रामीण लोक निर्माण विभाग राख के कार्यालय में धरना-प्रदर्शन कर घेराव करेंगे।

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों का अटका वेतन

अनंत ज्ञान

चंबा/डलहौजी। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चंबा-डलहौजी परिसर में कार्यरत कर्मचारियों को अभी तक अगस्त माह का वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों के अनुसार नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ बाहरी स्रोत से नियुक्त कर्मचारियों को भी अगस्त माह का वेतन नहीं मिला है। समय पर वेतन न मिलने से कर्मचारियों के सामने परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन वेतन में देरी के कारण उनके घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ रहा है। बच्चों की विद्यालय फीस, पढ़ाई से जुड़े खर्च, घर के जरूरी सामान और अन्य दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। वहीं, बैंक की मासिक ऋण किस्तें जमा करने में भी परेशानी पेश आ रही है। कर्मचारियों के मुताबिक वेतन में देरी लगातार उनकी आर्थिक परेशानियां बढ़ा रही है। उनका कहना है कि महीने की आय पर निर्भर परिवारों के लिए समय पर वेतन मिलना बेहद जरूरी है। वेतन लंबित होने के कारण कई कर्मचारियों को जरूरी खर्च पूरे करने के लिए उधार तक लेना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने संबंधित अधिकारियों और प्रदेश सरकार से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर अगस्त माह का लंबित वेतन शीघ्र जारी करने की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें किसी प्रकार की अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि उनके द्वारा की गई सेवाओं का समय पर वेतन भुगतान चाहिए, ताकि वे अपने परिवार की आवश्यक जरूरतें, बच्चों की पढ़ाई और बैंक की मासिक किस्तें समय पर पूरी कर सकें। कर्मचारियों ने निगम प्रबंधन और सरकार से आग्रह किया है कि वेतन भुगतान में देरी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

बच्चों की स्कूल फीस और ऋण की किस्त देना हुआ मुश्किल

चंबा डिपो के कायाकल्प का खाका तैयार: अजय वर्मा

ई-बसों के बाद चंबा को मिनी व अतिरिक्त डीजल बसें दिलाने का दिया आश्वसान

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। चंबा की परिवहन व्यवस्था को आने वाले दशकों के लिए मजबूत आधार देने की दिशा में हिमाचल पथ परिवहन निगम ने अपनी नजरें तात्कालिक जरूरतों से आगे भविष्य की योजना पर केंद्रित कर दी हैं। चंबा डिपो को 10 इलेक्ट्रिक और 10 डीजल बसों के बड़े बेड़े के मिलने बाद अब डिपो के विस्तार, संसाधनों और भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर दीर्घकालिक रोडमैप तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है। एचआरटीसी के वाइस चेयरमैन अजय वर्मा ने साफ किया है कि लक्ष्य केवल कुछ नई बसें जोड़ना नहीं, बल्कि चंबा डिपो को ऐसा मजबूत आधार देना है जिससे आगामी 25 से 30 वर्षों तक परिवहन जरूरतों को पूरा करने में परेशानी न आए।

'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में अजय वर्मा ने कहा कि एचआरटीसी हिमाचल प्रदेश की लाइफलाइन है और चंबा जैसे भौगोलिक रूप से कठिन जिले में इसकी जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने बताया कि पदभार संभालने के बाद वह पांचवीं बार चंबा का दौरा कर चुके हैं। उनके अनुसार, इन दौरों का उद्देश्य केवल औपचारिक निरीक्षण नहीं, बल्कि बस स्टैंड, वर्कशॉप और डिपो की वास्तविक स्थिति को मौके पर समझना तथा यात्रियों और कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं की जमीनी जानकारी लेना रहा है। उन्होंने कहा कि ई-बसों के बाद आने वाले समय में मिनी बसों तथा अन्य डीजल बसों की खरीद की योजना भी है और इसमें चंबा को उसकी जरूरत के मुताबिक हिस्सा देने के प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा किपरिवहन व्यवस्था को केवल वर्तमान जरूरतों के आधार पर नहीं चलाया जा सकता। चंबा में आने वाले वर्षों में यात्रियों की संख्या, नए रूटों की मांग और परिवहन आवश्यकताओं को देखते हुए अभी से तैयारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रयास यह है कि चंबा डिपो को अगले 25 से 30 वर्षों की जरूरतों के अनुरूप मजबूत किया जाए। इसके लिए बसों की उपलब्धता के साथ-साथ वर्कशॉप, डिपो और अन्य जरूरी संसाधनों को भी मजबूत करने की दिशा में काम किया जाएगा।

शिमला-चंबा वोल्वो को मिलेगा नया समय

चंबा-शिमला वोल्वो सेवा को लेकर भी अजय वर्मा ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल वोल्वो सेवा बंद है और उसके स्थान पर डीलक्स बस संचालित की जा रही है, लेकिन वोल्वो को दोबारा सड़क पर उतारने को लेकर निगम गंभीरता से विचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि पहले चंबा से शिमला के लिए वोल्वो बस सुबह संचालित होती थी। अब यात्रियों की जरूरत और उनके कामकाज को ध्यान में रखते हुए इसके समय में बदलाव का प्रस्ताव सामने आया है। अजय वर्मा के अनुसार, चंबा के काफी लोग शिमला सचिवालय, आईजीएमसी और अन्य सरकारी कार्यालयों में अपने जरूरी कार्यों के लिए जाते हैं। ऐसे यात्रियों की मांग है कि वोल्वो को सुबह चंबा से शिमला भेजने के बजाय शाम के समय शिमला से चंबा की ओर चलाया जाए। इससे यात्री सुबह शिमला पहुंचकर अपने जरूरी कार्य निपटा सकेंगे और शाम को चंबा लौटने के लिए उन्हें आरामदायक वोल्वो सेवा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों के इस सुझाव को गंभीरता से देखा जा रहा है और शिमला-चंबा वोल्वो सेवा को नए समय के साथ पुनः शुरू करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

बाबा श्रीचंद के प्रकाशोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। चंबा की ऐतिहासिक धरती रविवार को आस्था, अध्यात्म और संत परंपरा के रंग में रंगी नजर आई। गुरु नानक देव के ज्येष्ठ पुत्र बाबा श्रीचंद के 532वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर उनके प्राचीन मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। चंबा सहित देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से पहुंची संगत ने मंदिर में माथा टेककर बाबा श्रीचंद का आशीर्वाद लिया और सुख-शांति की कामना की। प्रकाशोत्सव को लेकर करीब एक माह से चल रही तैयारियों के बाद मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। बाहरी राज्यों से पहुंचे बाबा श्रीचंद के अनुयायियों ने भी प्रकाशोत्सव में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। बाबा श्रीचंद को उदासीन परंपरा के प्रमुख संतों में माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया और चंबा की धरती पर भी अपने चरण रखे। बाबा श्रीचंद से जुड़ी कई धार्मिक और ऐतिहासिक मान्यताएं आज भी चंबा की लोक आस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनमें मंदिर परिसर में मौजूद प्राचीन पवित्र शिला का विशेष महत्व है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, प्राचीन समय में साधु-संतों के चंबा प्रवेश पर रोक थी। जब बाबा श्रीचंद को रावी नदी के दूसरी ओर रोक दिया गया तो उन्होंने नदी किनारे पड़ी एक शिला को उन्हें रावी पार ले जाने का आदेश दिया। मान्यता है कि शिला बाबा श्रीचंद को लेकर रावी पार पहुंची और चंबा नगर के तीन चक्कर लगाने के बाद वर्तमान स्थान पर आकर रुकी।

देश-विदेश से पहुंची संगत ने नवाया शीश

न्यूज ब्रीफ

हटली में झंडा रस्म के साथ रामलीला का आगाज

अनंत ज्ञान, राज कुमार धीमान, बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली की ओर से रविवार को बैंड-बाजों और वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ झंडा रस्म अदा की गई। धार्मिक एवं पारंपरिक विधि-विधान से हुए कार्यक्रम में क्लब पदाधिकारियों, कलाकारों और क्षेत्रवासियों ने पूजा-अर्चना कर रामलीला के सफल आयोजन की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। क्लब प्रधान राज कुमार ने बताया कि 68वीं शुद्ध रामायण का मंचन 11 अक्तूबर से शुरू होगा। रामलीला को लेकर कलाकारों की रिहर्सल जोरों पर है। कलाकार संवाद, अभिनय, भाव-भंगिमा और मंचन की बारीकियों का अभ्यास कर रहे हैं। अनुभवी सदस्य नए कलाकारों को भी आवश्यक मार्गदर्शन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और संस्कारों को समाज तक पहुंचाने का जरिया है। क्लब का प्रयास नई पीढ़ी को धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना है। प्रधान राज कुमार ने बताया कि रामलीला मैदान में दर्शकों के लिए छायामान और पर्याप्त कुर्सियों की व्यवस्था की जा रही है। हर दिन शाम आठ बजे से रामलीला का मंचन होगा। दर्शकों के लिए चाय-पान की व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित रामलीला देखने पहुंचने और कलाकारों का उत्साह बढ़ाने की अपील की। झंडा रस्म के दौरान बैंड-बाजों और वेद मंत्रों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम का स्मरण कर आयोजन की सफलता की प्रार्थना की। इस अवसर पर निदेशक विपिन साजन, प्रधान राज कुमार धीमान, वरिष्ठ उपप्रधान किशन देव शर्मा, महासचिव सुरेंद्र राणा, कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा सहित क्लब के पदाधिकारी, सदस्य और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

◆ **11 अक्तूबर से शुरू होगी 68वीं शुद्ध रामायण, बैंड-बाजों और वेद मंत्रों से भक्तिमय हुआ माहौल**

पेंशन-गुजारा भत्ते को लेकर सीएम से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर। मंदिर न्यास श्री नयना देवी जी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आम सभा में संगठन का नाम बदलकर मंदिर न्यास श्री नयना देवी जी सेवानिवृत्त कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। संगठन को मजबूत करने के लिए वीरी सिंह कैंथ को सलाहकार नियुक्त किया गया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन और उचित गुजारा भत्ता उपलब्ध करवाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों ने लंबे समय तक मंदिर न्यास में सेवाएं दी हैं और सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवन के लिए आर्थिक सुरक्षा आवश्यक है। बढ़ती महंगाई को देखते हुए वर्तमान आर्थिक सहायता को अपर्याप्त बताते हुए सरकार से उचित निर्णय लेने का आग्रह किया गया। एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात कर पेंशन, गुजारा भत्ते सहित अन्य मांगें रखेगा। आगामी बैठक में प्रतिनिधिमंडल के गठन और मांगपत्र को अंतिम रूप दिया जाएगा।

विकास योजनाओं से बदलेगा बालीवाल

125 करोड़ के प्रोजेक्टों को मिली मंजूरी, सड़क और शिक्षा पर खास फोकस: डिप्टी सीएम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि बालीवाल पंचायत में आगामी एक वर्ष में करीब 125 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं को गति दी जाएगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालीवाल में वार्षिक पारितोषिक समारोह में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर सरकार का ध्यान है।

छात्राओं के साथ उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और अन्य। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि पंजुआणा-पोलियां सड़क के लिए 42 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और भूमि अधिग्रहण की राशि लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध करवा दी गई है। पुबोआल-बालीवाल सड़क पर 3.50 करोड़ रुपए से पुल तथा समनाल-पंजुआणा सड़क के लिए 14 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए गए हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पंजुआणा में 100 करोड़ रुपए की लागत से लैब स्थापित की जाएगी, जबकि बल्क ड्रग पार्क का प्रशासनिक भवन 40 करोड़ रुपए से बनाया जाएगा। वर्किंग वीमेन हॉस्टल का 8.50 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण शुरू हो चुका है। पीएचसी बालीवाल के लिए भी डेढ़ करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए गए हैं।

उप-मुख्यमंत्री ने स्कूल के करीब 22 लाख रुपए से बने अतिरिक्त भवन का लोकार्पण किया और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से स्कूल में कॉमर्स की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। कांगड़ स्कूल में म्यूजिक की कक्षाएं शुरू करने की भी बात कही। उन्होंने बालीवाल से महाविद्यालय की छात्राओं के लिए एचआरटीसी बस सेवा शुरू करने की घोषणा की।

हरोली कॉलेज में शुरू होंगी एमएससी और लॉ की कक्षाएं

उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरोली महाविद्यालय में करीब 500 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं और अगले वर्ष यह संख्या 1000 तक पहुंचने की उम्मीद है। अगले सत्र से एमएससी और लॉ की कक्षाएं शुरू करने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि 29 सितंबर को हरोली महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम होगा, जिसमें पंजाबी गायक गुरदास मान प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, विभागीय अधिकारी, अभिभावक और अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

रैलियों से नहीं, प्रभावी कार्रवाई से चिट्टे पर लगेगी नकेल : भाजपा

अनंत ज्ञान

ऊना। भाजपा प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक राजीव वशिष्ट, पूर्व कर्मचारी नेता यशपाल रायजादा, किशन चंद ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, हरगोविंद, अजय पराशर, शिव मैहन और भूपिंद्र शर्मा ने कहा कि चिट्टे के खिलाफ केवल रैलियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। नशे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस को इसकी सप्लाई लाइन तोड़ने की दिशा में ठोस कार्रवाई करनी होगी।

भाजपा नेताओं ने कहा कि ऊना जिला पंजाब की सीमा से सटा होने के कारण जिले के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि जिले में लगातार चिट्टा पकड़ा जा रहा है तो इसकी सप्लाई करने वाले बड़े नेटवर्क तक पुलिस कब पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि छोटे स्तर पर नशा बरामद करने के साथ-साथ इसके पीछे सक्रिय नेटवर्क तक पहुंचना भी जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आयोजित एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन का उल्लेख करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता जरूरी है, लेकिन जनता धरातल पर प्रभावी कार्रवाई और ठोस परिणाम चाहती है।

भाजपा नेताओं ने रामपुर पुल के शिलान्यास को लेकर कहा कि इस मुद्दे को विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने विधानसभा में कई बार प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने धरने-प्रदर्शन भी किए और लंबे समय से क्षेत्रवासी इसके निर्माण की मांग कर रहे थे। विधानसभा में लगातार आवाज उठने के बाद यह मामला सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से पहुंचा।

जनता, कर्मचारी और पूर्व कर्मचारी परेशान

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आम जनता के साथ-साथ कर्मचारी और पूर्व कर्मचारी भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर परेशान हैं। उन्होंने सरकार से राजनीतिक कार्यक्रमों के बजाय जनता की समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित करने की मांग की।

कुटलैहड़ की बॉबी का एमबीबीएस में चयन

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लमलैहड़ी गांव की होनहार बेटी बॉबी, पुत्री त्रिलोकी नाथ, ने आरकेजीएमसी में एमबीबीएस में प्रवेश हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर कुटलैहड़ के विधायक एवं राज्य कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता विवेक शर्मा ने बॉबी को बधाई दी और सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की बेटियां शिक्षा, चिकित्सा, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। बॉबी की सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाला विद्यार्थी निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। उन्होंने बॉबी के माता-पिता और परिवार को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेटी की इस सफलता के पीछे परिवार के संस्कार, मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। एमबीबीएस में प्रवेश हासिल करना कठिन परिश्रम और प्रतिभा का परिणाम है।

बॉबी को सम्मानित करते विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

◆ **विधायक विवेक शर्मा ने किया सम्मानित, सफलता पर दी शुभकामनाएं**

विधायक ने बॉबी को पढ़ाई में निरंतर मेहनत करने और भविष्य में सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करने के लिए शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोगों ने भी बॉबी की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रामनाथ शर्मा की जयंती पर आंगनबाड़ी-आशा वर्कर्स सम्मानित

विधायक विवेक शर्मा ने पिता को दी श्रद्धांजलि, बोले-आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्व. पंडित रामनाथ शर्मा की जयंती पर विधायक विवेक शर्मा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यालय जोगी पंगा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्कर्स और सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। विवेक शर्मा ने कहा कि स्व. पंडित रामनाथ शर्मा ने अपना जीवन कुटलैहड़ क्षेत्र और जनता की सेवा के लिए समर्पित किया। उनके लिए राजनीति जनसेवा का माध्यम थी और क्षेत्र का विकास प्राथमिकता रहा।

कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा व उपस्थित जनसमूह।

उन्होंने कहा कि पिता से मिले संस्कार और उनके विचार उन्हें जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। पिता को याद करते हुए विधायक भावुक भी हुए। उन्होंने कहा कि स्व. रामनाथ शर्मा का आशीर्वाद हमेशा उनके और परिवार पर बना रहे, यही उनकी प्रार्थना है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की।

विवेक शर्मा ने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बच्चों और परिवारों तक स्वास्थ्य, पोषण तथा अन्य सेवाओं को पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए निरंतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करना स्व. रामनाथ शर्मा के सेवा भाव के अनुरूप है।

उन्होंने कहा कि स्व. पंडित रामनाथ शर्मा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कार्य किया। उनके आदर्शों और जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

घुमारवीं में शिक्षा, खेल और आधारभूत ढांचे का हो रहा विस्तार : राजेश धर्माणी

घुमारवीं में तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किया समापन

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, खेल और आधारभूत ढांचे के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। वह पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता में जिले के 47 विद्यालयों के करीब 521 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

धर्माणी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पीएम श्री स्कूल घुमारवीं के भवन निर्माण के लिए करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये उपलब्ध करवाए गए हैं। मोर सिंघी में बालिकाओं के लिए हैंडबॉल हॉस्टल अधिसूचित किया गया है, जबकि घुमारवीं में 100 सीटों वाले स्पोर्ट्स हॉस्टल को भी मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं में करीब 35 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल सहित इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए करीब 15 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। बद्दाघाट में साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से फुल साइज फुटबॉल मैदान तथा करलोटी और भराड़ी में करीब तीन-तीन करोड़ रुपये की लागत से स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए धर्माणी ने कहा कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में हिमाचल की स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने शिक्षकों और खेल प्रशिक्षकों से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने तथा विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश डोगरा, एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दयाराम, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रेखा शर्मा, उप निदेशक उच्च शिक्षा नरेश चंदेल और उप निदेशक गुणवत्ता शिक्षा निशा गुप्ता सहित अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

60 ग्राम चिट्टे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम (एसडीटी) ने केंचीमोड़ में नाकाबंदी के दौरान करीब 60 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ओम प्रकाश पुत्र पुरुषोतम लाल, निवासी वार्ड नंबर-2 अंद्रार, डाकघर टंगखाना, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में थाना स्वारघाट में 18 सितंबर को मुकदमा नंबर 72/2026, धारा 21 एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

भराड़ी में अवैध शराब की 119 बोतलें बरामद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी एवं कराधान विभाग की टीम ने भोरंज सर्कल के भराड़ी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक मकान से शराब की 119 बोतलें एवं क्वार्टर बरामद किए हैं। विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर संबंधित मकान में दबिश देकर शराब का यह जखीरा कब्जे में लिया। बरामद शराब में ऊना नंबर-1 के 87 क्वार्टर, रॉयल स्टैग के 9 क्वार्टर, किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बीयर की 9 बोतलें तथा थंडरबोल्ट बीयर की 14 बोतलें शामिल हैं।

मुकदमों से नहीं टूटेगा भाजपा वर्कर्स का मनोबल : जयराम

अनंत ज्ञान

घुमारवीं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर सोशल मीडिया मामलों में दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की आवाज दबाने के लिए मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं, जबकि भाजपा नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक अभियान चलाने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही। जयराम ने कहा कि सरकार सत्ता के अहंकार में लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से संविधान और कानून के अनुसार निष्पक्ष कार्रवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि सत्ता आती-जाती रहती है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता कायम रहती है।

◆ **सोशल मीडिया मामलों में दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप**

उन्होंने कहा कि मुकदमों और सरकारी दबाव से भाजपा कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। सरकार जितना दबाने का प्रयास करेगी, भाजपा उतनी ही मजबूती से उसकी नीतियों और फैसलों को जनता के सामने रखेगी। लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता ही करती है। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, विधायक त्रिलोक जम्वाल, विधायक जीतराम कटवाल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आयुर्वेद अस्पताल में 23 को लगेगा हेल्थ कैंप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। रोटरी क्लब बिलासपुर द्वारा आयुर्वेद दिवस के मौके पर आरटीएन नरेंद्र खन्ना की अध्यक्षता में आगामी बुधवार को जिला आयुर्वेद अस्पताल चंगर सेक्टर बिलासपुर में जिला आयुर्वेद अस्पताल अधिकारियों के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 23 सितंबर बुधवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर होगा। रोटरी क्लब इस जांच और इलाज कैंप के सेवा अभियान में जरूरतमंद लोगों और मरीजों की मदद करेगा और हमेशा सबसे अच्छी सेवा देनें का प्रयास व प्रबंधन करेगा। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए रोटरी क्लब बिलासपुर के प्रधान और सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। नरेंद्र खन्ना ने रोटरी क्लब बिलासपुर के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से आग्रह किया है कि वे सुबह 9 बजे जिला आयुर्वेद हॉस्पिटल चंगर सेक्टर पहुंचे। यह जानकारी चेतन ठाकुर क्लब सचिव ने मीडिया से सांझा की।

सलवाड़ स्कूल में बाल विज्ञान सम्मेलन आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलवाड़ में 33वां उपखंड स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें झंडूता उपखंड की विभिन्न पाठशालाओं के 362 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 33 वर्षों के इतिहास में पहली बार सम्मेलन कोटधार के दूरदराज क्षेत्र में आयोजित हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ पीसीसी महासचिव विवेक कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और तर्क व प्रमाण के आधार पर सोचने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में सेवानिवृत्त केंद्रीय मुख्य शिक्षक अमर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मदनलाल, एसएमसी प्रधान निशा देवी, दिनेश चंद संख्यान, चमन लाल, सुरजीत सिंह चंदेल, रेनू बाला, सुषमा कुमारी, राजीव शर्मा और नंद किशोर सहित अन्य उपस्थित रहे।

'स्वच्छ जल स्रोत-सुरक्षित जलीय जीवन' अभियान शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के जल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने तथा जलीय जीवन के संरक्षण के उद्देश्य से मत्स्य विभाग बिलासपुर और रेनबो स्टार क्लब ने संयुक्त रूप से राज्यव्यापी 'स्वच्छ जल स्रोत-सुरक्षित जलीय जीवन' अभियान की शुरुआत की। विश्व स्वच्छता दिवस के अवसर पर गोविंद सागर झील के लुहणु क्षेत्र में 'मेरा जलस्रोत-मेरी जिम्मेदारी' के तहत स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। मत्स्य विभाग के एडीएफ पंकज ठाकुर और रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष इशान अख्तर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों और उनके आसपास कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना तथा स्थानीय लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। अभियान के दौरान लोगों को कचरे के उचित निपटान और जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत प्रदेश की झीलों, तालाबों, नदियों, नालों, जलाशयों, जल चैनलों, मत्स्य क्षेत्रों, मछली उतारने एवं हैंडलिंग स्थलों तथा जलग्रहण क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जल स्रोतों के समीप चिन्हित कचरा डंपिंग स्थल भी अभियान में शामिल किए जाएंगे।

भंदवाड़ गांव में चलाया स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर शहर से सटी ग्राम पंचायत चांदपुर के भंदवाड़ गांव में पूर्व प्रधान अर्पण संत गौतम की अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वतंत्रता सेनानी संत राम संत सड़क मार्ग के एक हिस्से की सफाई की गई। साथ ही सड़क के किनारे उगी झाड़ियों और अनावश्यक वनस्पति की काट.छांट कर मार्ग को साफ.सुथरा बनाया गया।इस अवसर पर पूर्व प्रधान अर्पण संत गौतम ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर वातावरण बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों और सड़क मार्गों की नियमित सफाई से न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ती हैए बल्कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने और स्वच्छता अभियानों में बढ़.चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। अभियान में स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर शुभम, कर्ण, सुरेंद्र शास्त्री व निशांत मौजूद रहे।

नम्होल में पशु मंडी एवं किसान मेला 9 से

अनंत ज्ञान, नम्होल। पशु मंडी एवं किसान मेला समिति नम्होल की बैठक रविवार को मेला मैदान नम्होल में कार्यकारी अध्यक्ष नंद लाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी पशु मंडी एवं किसान मेले के आयोजन को लेकर तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। समिति ने निर्णय लिया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9, 10 और 11 अक्टूबर 2026 को नम्होल में पशु मंडी एवं किसान मेले का आयोजन किया जाएगा। बैठक में किसानों, पशुपालकों और मेले में आने वाले लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने को लेकर सुझाव लिए गए। कार्यकारी अध्यक्ष नंद लाल ठाकुर ने कहा कि पशु मंडी एवं किसान मेला नम्होल क्षेत्र की महत्वपूर्ण परंपरा है। मेले की सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के लिए समिति के सदस्य मिलकर कार्य करेंगे।

लघट गांव के घर-घर पहुंचेगा बोरवेल का पानी : नतीश ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। ग्राम पंचायत बरमाणा के अंतर्गत लघट और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल सुविधा से वंचित परिवारों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। पंचायत क्षेत्र में बोरवेल से मिलने वाले पानी की आपूर्ति को अधिक घरों तक पहुंचाने के लिए 600 पाइपें उपलब्ध करवाई गई हैं। इसके लिए पूर्व बरमाना पंचायत उपप्रधान नतीश ठाकुर ने पेयजल समस्या के समाधान के लिए सहयोग करने पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर तथा आईपीएच विभाग के अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि पाइपें बिछने के बाद क्षेत्र के लोगों को पेयजल संकट से काफी राहत मिलेगी। पूर्व उपप्रधान नतीश ठाकुर ने बताया कि कुछ समय पहले वार्ड सदस्यों बाबू राम, मंगला देवी, मीना देवी, मीना डोगरा और बंबर ठाकुर के साथ पंचायत क्षेत्र की पेयजल समस्या को लेकर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर से मुलाकात की गई थी। समस्या को गंभीरता से लेते हुए उनके प्रयासों से 600 पाइपें उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बरमाणा के पास स्थापित बोरवेल से वर्तमान में कई परिवारों को पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। अब पाइपलाइन विस्तार के माध्यम से इन परिवारों को भी पेयजल योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। वहीं खतेड़ गांव में नए बने कुछ मकान भी अभी नल कनेक्शन से वंचित हैं, जिन्हें भी इस व्यवस्था से जोड़े जाने की योजना है।

बाबा जमना दास की तपोस्थली से जुड़े रोचक प्रसंग सुनाए

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। कोल डैम क्षेत्र के कसोल स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर झालमू में रमण मुनि उदासीन अखाड़ा की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को भंडारे के साथ समापन हुआ। कथा के दौरान कथा वाचक बाबा रमन मुनि ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के साथ झालमू मंदिर की प्राचीन मान्यताओं और बाबा जमना दास महाराज की तपोस्थली से जुड़े रोचक प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाए। उन्होंने बाबा जमना दास जी से जुड़ा प्रसंग सुनाते हुए बताया कि एक भक्त द्वारा गाय दान किए जाने के दौरान कुछ तांत्रिकों ने उसे रोकने का प्रयास किया। बाबा जमना दास जी स्वयं वहां पहुंचे और चिमटा घुमाते हुए गाय को अपने साथ ले आए। इसके बाद गाय उनके पीछे-पीछे झालमू क्षेत्र तक पहुंची। एक अन्य प्रसंग में उन्होंने बताया कि बाबा जमना दास पंजगाई-नाथड़े में कीर्तन में गए थे। झालमू के जंगल में एक बाघ ने गाय को पकड़ लिया। बाबा ने दूर रहते हुए भी उसकी रक्षा की और लोगों को गाय को दवा लगाने के निर्देश दिए।

सेवा ही संकल्प अभियान के तहत भाजपा कार्यालय में लगाया गया रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा ही संकल्प' अभियान के तहत जिला भाजपा कार्यालय बिलासपुर में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक रणधीर शर्मा, विधायक त्रिलोक जम्वाल, प्रदेश भाजपा सह-मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान करते हुए जरूरतमंद लोगों की सहायता का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा और समर्पण की भावना के साथ मनाया जा रहा है। रक्तदान जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम जरूरतमंद लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, क्योंकि समय पर उपलब्ध रक्त किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को केवल उत्सव के रूप में मनाने के बजाय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा इसे सेवा गतिविधियों से जोड़कर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना और जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची सेवा है। रक्तदान कार्यक्रम इसी भावना का प्रतीक है और इससे अन्य लोगों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है।प्रदेश भाजपा सह-मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने भी रक्तदान को मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में निरंतर सक्रिय रहते हैं।

न्यूज ब्रीफ

धर्मपुर से अमृतसर रवाना हुई 'तेजस्विनी फिट गर्ल' कार रैली

अनंत ज्ञान, परवाणू। इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 308 की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 'तेजस्विनी-फिट गर्ल' कार रैली को कसौली के एसडीएम महेंद्र प्रताप ने धर्मपुर स्कूल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली धर्मपुर से अमृतसर तक जाएगी। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, फिटनेस और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान खेल प्रतिभाओं को स्पोर्ट्स किट और पोषण सामग्री भी वितरित की गई।

परवाणू में रक्तदान शिविर का आयोजन 423 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

अनंत ज्ञान, परवाणू। परवाणू डोनर सोसायटी ने रोटरी क्लब हॉल में 54वां रक्तदान शिविर आयोजित किया। परवाणू उद्योग संघ के सहयोग से हुए शिविर में करीब 500 लोगों ने पंजीकरण कराया और 423 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। चंडीगढ़ से 30 सदस्यीय चिकित्सा टीम पहुंची। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध करवाना और नियमित रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

ग्राम पंचायत बेरल में एनटीपीसी कोलडैम ने लगाया चिकित्सा शिविर

अनंत ज्ञान, अर्की। एनटीपीसी कोलडैम ने सीएसआर के तहत ग्राम पंचायत बेरल में चिकित्सा शिविर लगाया। धन्वंतरी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 100 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की। बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन और दंत परीक्षण के साथ जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां दी गईं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया।

कालाअंब-त्रिलोकपुर मार्ग पर ट्राले का तांडव, एक की मौत, कई घायल

अनंत ज्ञान, नाहन। कालाअम्ब में तेज रफ्तार ट्राले ने कई लोगों और वाहनों को चपेट में ले लिया। रुचिरा पेपर मिल के पास तीन लोगों को टक्कर मारने के बाद सब्जी मंडी के समीप बाइक सवार को रौंद दिया, जिसकी मौके पर मौत हो गई। ट्राले ने बैरियर, ढाबे और कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया। पुलिस जांच कर रही है।

19 नवंबर से 24 नवंबर तक होगा अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला : विनय कुमार

अनंत ज्ञान, नाहन। अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला-2026 की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। विधायक विनय कुमार ने बताया कि मेला 19 से 24 नवंबर तक होगा। शोभायात्रा, आरती, नौका विहार, सांस्कृतिक संध्याओं सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, यातायात और पार्किंग की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

सुक्खू सरकार में विकास ठप, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर और कर्ज का नया रिकॉर्ड : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान, नाहन। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिलाई में भाजपा जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन में कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने हाटी समुदाय के साथ रिश्ता निभाने की प्रतिबद्धता दोहराई और सरकार पर विकास कार्य रोकने का आरोप लगाया। जयराम ने कर्ज, किशाऊ परियोजना और चुनावी प्रदर्शन को लेकर भी सुक्खू सरकार पर सवाल उठाए। कार्यक्रम में कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

टांय टांय फिस होकर रह गया गोवंश पकड़ो अभियान

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन में बेसहारा गोवंश को पकड़कर गोशाला भेजने का अभियान फिलहाल रुक गया है। पहले दिन निर्धारित 60 के लक्ष्य के मुकाबले नौ गोवंश ही पकड़े गए। नगर परिषद के पास कैटल पाउंड नहीं होने और चौगान में मेला चलने के कारण अभियान रोकना पड़ा। प्रशासन अब गोवंश रखने के लिए भूमि तलाश रहा है।

खरीफ सीजन की फसल की खरीद 03 अक्तूबर से होगी आरम्भ - उपायुक्त

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलन जिले में खरीफ खरीद सीजन 2026-27 के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण और टोकन बुकिंग की सुविधा दी गई है। धान की खरीद 3 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक होगी। मलपुर बद्दी और नालागढ़ में खरीद केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

निवांशी शर्मा को यूनिवर्सिटी ऑफ सरे में फार्मेसी मास्टर्स के लिए छात्रवृत्ति सहित प्रवेश

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर के कोठिया जाजर गांव की निवांशी शर्मा को यूनाइटेड किंगडम की यूनिवर्सिटी ऑफ सरे में मास्टर्स इन फार्मेसी के लिए प्रवेश मिला है। उन्हें पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति भी प्राप्त हुई है। मेहनत और बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन से हासिल इस उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई। निवांशी की सफलता ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

गिरिपार की पारंपरिक रसोई में फिर महकी मक्की के पचैलों की खुशबू

बीआर चौहान, राजगढ़। गिरिपार क्षेत्र में हरी मक्की के पकने के साथ पारंपरिक पचैलों की खुशबू फिर घरों में फैलने लगी है। हरी मक्की से तैयार यह पहाड़ी व्यंजन मीठे और नमकीन दोनों रूपों में बनाया जाता है। ग्रामीण परिवार इसे घी, दही और अखरोट के साथ पसंद करते हैं। पचैले गिरिपार की खान-पान परंपरा और संस्कृति की पहचान बने हुए हैं।

सराहां में उप-मंडलीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 का समापन

अनंत ज्ञान, सराहां। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराहां में आयोजित दो दिवसीय उप-मंडलीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2026 का समापन हुआ। 18 और 19 सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित और नवाचार से जुड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। साइंस क्विज, मैथ्स ओलंपियाड और इनोवेटिव साइंस मॉडल में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पंचायत ने तीन डस्टबिन और दो सोलर लाइट देने की घोषणा की।

हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी को मिला 'गोल्ड ग्रीन इम्पैक्ट अवॉर्ड-2026'

अनंत ज्ञान, नाहन। हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, कालाअंब को पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन में योगदान के लिए 'गोल्ड ग्रीन इम्पैक्ट अवॉर्ड-2026' मिला। नेशनल एजुट्रस्ट ऑफ इंडिया के अभियान में संस्थान की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यार्थियों ने बीज गोलियों का निर्माण व प्रसार कर हरियाली, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा दिया।

एफएसएसएआई कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग ने स्पष्ट की स्थिति

अनंत ज्ञान, नाहन। हिमाचल में शराब उत्पादन को लेकर आबकारी विभाग ने स्थिति स्पष्ट की। विभाग ने कहा कि एफएसएसएआई कार्रवाई अलग कानून के तहत हुई है। शराब उत्पादन के लिए कंडाघाट सीटीएल की 'मानव उपभोग योग्य' रिपोर्ट अनिवार्य है। संयंत्र प्रबंधन सुधारात्मक कदम उठा रहा है। विभाग ने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद ही उत्पादन शुरू हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने अर्की में 34.46 करोड़ की सात परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

ग्याणा में विद्युत उपकेंद्र बनने से 10 पंचायतों में कम वोल्टेज की समस्या दूर करने में मिलेगी मदद

अनंत ज्ञान

सोलन। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के अर्की विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान 34.46 करोड़ रुपये की लागत वाली सात विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, परिवहन, बिजली और कृषि से जुड़ी सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री ने 1.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन सरयांज, 1.02 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी के खेल मैदान, 1.81 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित फल एवं सब्जी उप-मंडी कुनिहार तथा 10.17 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दाड़लाघाट आईएसबीटी बस स्टैंड का उद्घाटन किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 10.39 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 33/11 केवी, 315 एमवीए जीआईएस विद्युत उपकेंद्र ग्याणा (मांगू), 7.09 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दानोघाट-साहजादा-नेरी प्लाटी संपर्क सड़क मार्ग तथा 2.38 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सिनटीघाट से बानधार एंबुलेंस सड़क की आधारशिला रखी।

विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से अर्की क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा तथा क्षेत्र में सुविधाओं के विस्तार के साथ लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। कुनिहार में फल एवं सब्जी उप-मंडी को किसानों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे क्षेत्र की करीब 25 से 30 ग्राम पंचायतों के किसानों को लाभ मिलेगा।

उप-मंडी के माध्यम से किसानों को अपनी उपज के बेहतर विपणन के अवसर मिलेंगे। इससे उन्हें फसलों का उचित और लाभकारी मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ग्याणा (मांगू) में बनने वाले 33/11 केवी, 315 एमवीए जीआईएस विद्युत उपकेंद्र के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही कम वोल्टेज की समस्या के समाधान में मदद मिलेगी।

तीन माह के भीतर सीबीएसई स्कूलों में 2,000 शिक्षकों की होगी नियुक्ति : मुख्यमंत्री

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर 3,000 करोड़ रुपये की बचत: मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान

अर्की/सोलन। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अर्की में आयोजित राज्य स्तरीय सायर मेले के समापन समारोह में प्रदेश के सीबीएसई स्कूलों में अगले तीन माह के भीतर 2,000 और शिक्षकों की नियुक्ति करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खोले गए 150 सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर की जा रही है। प्रत्येक स्कूल में पांच से आठ शिक्षक पहले ही नियुक्त किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सरकारी स्कूलों में कम खर्च में सीबीएसई स्तर की शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेजों में पुराने उपकरणों को आधुनिक मशीनरी से बदला गया है। राज्य में 200 चिकित्सकों की भर्ती हो चुकी है और 228 चिकित्सकों की भर्ती जल्द की जाएगी। अर्की में भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध करवाने की बात कही। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए दूध के खरीद मूल्य में वृद्धि और अदरक को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाने का उल्लेख किया।

मुख्यमंत्री ने दिग्गल, भूमती और जय नगर के स्कूलों को सीबीएसई स्कूलों में बदलने की घोषणा भी की। इसके अलावा विभिन्न संपर्क सड़कों की मरम्मत के लिए धन उपलब्ध करवाने, अर्की में कौशल विकास केंद्र के प्रस्ताव पर विचार करने और शिमला-धैना बस सेवा बहाल करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ देने को प्राथमिकता दे रही है।

शहरी कांग्रेस ने भाजपा के दीये जलाकर जश्न मनाने पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

सोलन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा की ओर से दीये जलाकर किए गए आयोजन को लेकर शहरी कांग्रेस कमेटी सोलन ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस महासचिव विजय पूरी ने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करती है और उनका सम्मान करती है, लेकिन जन्मदिन के नाम पर किए जा रहे दिखावटी आयोजनों का विरोध करती है। विजय पूरी ने कहा कि महंगाई के दौर में गरीब और जरूरतमंद परिवारों के सामने कई तरह की आर्थिक चुनौतियां हैं। ऐसे समय में बड़ी संख्या में दीये जलाकर तेल खर्च करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि एक ओर लोगों से खाद्य तेल की खपत कम करने की अपील की जाती है, वहीं दूसरी ओर ऐसे आयोजनों में तेल का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आयोजन पर खर्च होने वाली राशि का उपयोग गरीब, दलित, पिछड़े और जरूरतमंद परिवारों की दवाइयों, बच्चों की शिक्षा तथा रोजी-रोटी की जरूरतों के लिए किया जाता तो यह वास्तविक जनसेवा होती। शहरी कांग्रेस कमेटी ने आयोजन को फिजूलखर्ची बताते हुए इसकी निंदा की और जनता से ऐसे आयोजनों के औचित्य पर विचार करने की अपील की। भाजपा के दीये आयोजन पर सोलन कांग्रेस ने उठाए सवाल, खर्च पर जताई आपत्ति।

सायर उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू का चमयावल पंचायत में भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान

अर्की। सायर उत्सव के अवसर पर अर्की पहुंचने से पहले ग्राम पंचायत चमयावल में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के काफिले का स्थानीय लोगों ने फूलमालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इस दौरान पंचायतवासियों ने अधिवक्ता भीम सिंह ठाकुर की अगुवाई में मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पंचायत क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में प्रशासन की सक्रिय भूमिका जरूरी है और लोगों को समय पर राहत मिलनी चाहिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चमयावल की प्रधान भावना रघुवंशी, उपप्रधान परमिंदर ठाकुर, वार्ड सदस्य, पूर्व प्रधान धर्मपाल और महिला मंडल प्रधान कमला देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पहाड़ी गीतों पर झूम उठा अर्की का चौगान अर्जुन-रंजना की जोड़ी ने बांधा समां

अनंत ज्ञान

कृष्ण रघुवंशी, अर्की। राज्य स्तरीय सायर मेले की तीसरी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या गीत-संगीत से सराबोर रही। अर्की के चौगान मैदान में आयोजित कार्यक्रम में हिमाचली जोड़ी अर्जुन गोपाल और रंजना रघुवंशी ने शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। दोनों ने पहाड़ी, हिंदी और पंजाबी गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल में रंग भर दिया। उनके 'करो मेरे दोस्तों हिमाचल से प्यार', 'जिंदगी सोणी ऐ', 'रे माणसा जाणे दे' और 'रेडियो बाजो' जैसे गीतों पर दर्शक झूमते नजर आए। इसके बाद लोकगायक कपिल शर्मा ने पहाड़ी गीतों और नाटियों की प्रस्तुति दी। 'चुरी देवा शिरगुला', 'तुनकी की नाटी', 'महफिल नाटी' और 'मुंजरा नाटी' समेत अन्य गीतों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और नाटी की।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में पंजाबी गायक रियाज खान ने 'टप्पे', 'छल्ला', 'मेरा जी ढोला' और 'यार दी नमाज' जैसे गीत प्रस्तुत कर समां बांधा। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। इस दौरान सतीश कश्यप, सीमा शर्मा, पार्षद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। तीसरी सांस्कृतिक संध्या के साथ तीन दिवसीय सायर मेले का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हो गया।

भक्ति और श्रद्धा से गूंज उठा सेक्टर 24, निकली भव्य कलश एवं शोभायात्रा

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। भगवान शिव की भक्ति और आस्था से सराबोर वातावरण में रविवार को प्राचीन शिव मंदिर, सेक्टर 24-ए में आयोजित होने वाली सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के शुभारंभ से पहले भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। यह धार्मिक आयोजन 20 से 26 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है। कलश एवं शोभायात्रा का शुभारंभ श्री सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 23-बी से दोपहर दो बजे हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ इसमें भाग लिया।

भजन-कीर्तन और भगवान शिव के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए सुख-समृद्धि और सर्वकल्याण की कामना की। शोभायात्रा के दौरान सेक्टर 24-सी स्थित एससीओ-5 के सामने ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बिल्ला और उनकी टीम ने श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने धार्मिक उत्साह के साथ शोभायात्रा में हिस्सा लिया।

आयोजक रविंद्र सिंह बिल्ला ने कहा कि शिव महापुराण कथा का उद्देश्य लोगों को भगवान शिव की महिमा, सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना है। उन्होंने शहरवासियों से कथा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। शोभायात्रा के सफल आयोजन के साथ क्षेत्र में कथा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ गया है। आगामी सात दिनों तक कथा स्थल पर धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

नशे के खिलाफ जुटी युवा पीढ़ी अभिभावकों ने बढ़ाया उत्साह

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। नशे के खिलाफ जागरूकता और सामाजिक बदलाव का संदेश देने के लिए रविवार को सेक्टर-17 प्लाजा में 'जेन जेड अगेंस्ट ड्रग्स' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ के साथ पंजाब और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा पहुंचे। युवाओं ने हाथों में नशे के खिलाफ संदेश लिखे पोस्टर लेकर नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प जताया।

कार्यक्रम में कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों से जुड़े छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कई युवा अपने साथियों के साथ पहुंचे और नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान का हिस्सा बने। युवाओं ने नशे को ना कहने के साथ परिवार की जिम्मेदारियां निभाने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। आयोजकों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए खेल, शिक्षा और अन्य सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक भी पहुंचे और युवाओं का उत्साह बढ़ाया। इससे नशे के खिलाफ जागरूकता में परिवार की भूमिका को भी प्रमुखता मिली।

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध नाटी कलाकार कुलदीप शर्मा भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उनके पहुंचने से युवाओं में उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के खिलाफ सामाजिक अभियान से जोड़ना है। सेक्टर-17 प्लाजा में दिनभर युवाओं की भागीदारी बनी रही।

शैफेक्स इंडिया अब हर वर्ष होगा आयोजित दूसरा संस्करण 17 से 19 सितंबर

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। खाद्य, खान-पान, पाक-कला और आतिथ्य क्षेत्र को एक मंच पर लाने वाले तीन दिवसीय शैफेक्स इंडिया 2026 का रविवार को समापन हो गया। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी में खाद्य और आतिथ्य उद्योग से जुड़े कारोबारियों, विशेषज्ञों तथा पेशेवरों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सप्ताहांत में खान-पान के शौकीनों की भी भारी भीड़ देखने को मिली। प्रदर्शनी में लोगों ने विभिन्न खाद्य उत्पादों, नए व्यंजनों, पाक-कला की रचनात्मकता और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़ी आधुनिक सुविधाओं व समाधानों की जानकारी ली। आयोजकों के अनुसार, पहले संस्करण को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद शैफेक्स इंडिया को अब हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। इसके दूसरे संस्करण की तारीखों की घोषणा भी कर दी गई है। शैफेक्स इंडिया 2027 का आयोजन 17 से 19 सितंबर तक सेक्टर-17 स्थित परेड मैदान, चंडीगढ़ में होगा। आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन खाद्य एवं आतिथ्य उद्योग को नए अवसरों, कारोबार और संवाद के लिए मंच उपलब्ध कराएगा।

चार साल में भ्रष्टाचार के 1107 मामले, 1146 आरोपित गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का ब्योरा जारी करते हुए बताया कि 16 मार्च 2022 से 31 अगस्त 2026 तक कुल 1107 मामले दर्ज किए गए और 1146 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इस अवधि में अदालतों ने भ्रष्टाचार से जुड़े 154 मामलों में 248 आरोपितों को दोषी करार दिया। विजिलेंस ब्यूरो के अनुसार, भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई के साथ आय से अधिक संपत्ति रखने वालों के खिलाफ भी जांच और कार्रवाई की गई। दर्ज मामलों में 529 मामले ट्रैप से संबंधित रहे। इन मामलों में रिश्वत लेते पकड़े गए 638 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के तहत विभिन्न विभागों और संस्थानों से जुड़े मामलों की जांच की गई। अधिकारियों के अनुसार, शिकायतों के आधार पर ट्रैप कार्रवाई के अलावा भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति से संबंधित मामलों में भी कार्रवाई जारी रही। विजिलेंस ब्यूरो ने कहा कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच और अदालतों में अभियोजन की कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। चार साल से अधिक अवधि के इस कार्रवाई विवरण में दर्ज मामलों, गिरफ्तारियों और अदालतों के फैसलों का ब्योरा शामिल है।

अमेजन का डिलीवरी नेटवर्क मजबूत लॉजिस्टिक्स में 2800 करोड़ का निवेश

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। ई-कॉमर्स क्षेत्र में तेज डिलीवरी को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बीच अमेजन इंडिया ने अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 2800 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। कंपनी का फोकस ऑर्डर मिलने के बाद ग्राहकों तक सामान जल्द पहुंचाने पर है। अमेजन इंडिया ने देशभर में डिलीवरी नेटवर्क को विस्तार देने के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी साझेदारी की है। कंपनी का नेटवर्क 140 से अधिक ट्रेनों से जुड़ा है। इसके अलावा तेज और लंबी दूरी की डिलीवरी के लिए दो बोइंग कार्गो विमानों का भी उपयोग किया जा रहा है। कंपनी के अनुसार, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में रेलवे, एयरलाइंस और कार्गो परिवहन को शामिल कर डिलीवरी की क्षमता बढ़ाई जा रही है। इससे अलग-अलग शहरों और क्षेत्रों के बीच सामान पहुंचाने में मदद मिलती है। अमेजन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के ऑपरेशंस वाइस प्रेसिडेंट अभिनव सिंह के अनुसार, कंपनी का निवेश ग्राहकों को तेज और बेहतर डिलीवरी सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में किया गया है। अमेजन अपने नेटवर्क के विस्तार के साथ डिलीवरी प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाने पर काम कर रहा है। कंपनी का मानना है कि ई-कॉमर्स में ग्राहकों के अनुभव के लिए डिलीवरी की गति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

राधा अष्टमी पर पंचकूला में रूंगटा ट्रस्ट ने 233वां अन्न भंडारा आयोजित किया

भंडारा केवल भोजन वितरण नहीं, बल्कि सेवा और करुणा का संदेश: रूंगटा

अनंत ज्ञान

पंचकूला। राधा अष्टमी के शुभ अवसर पर पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पंचकूला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में 233वें अन्न भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और जरूरतमंद लोगों को भोजन एवं जलपान वितरित किया गया। भंडारे में लोगों ने सेवा कार्य में भाग लेकर श्रद्धा और सामाजिक सहयोग का परिचय दिया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ने कहा कि अन्न भंडारा समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा की भावना को जागृत करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि अन्न केवल भोजन नहीं, बल्कि ईश्वर का आशीर्वाद है। इसे दूसरों के साथ प्रेमपूर्वक बांटने से खुशियां बढ़ती हैं।

अन्न का सम्मान करना और जरूरतमंदों के साथ इसे साझा करना भारतीय संस्कृति और सेवा-भाव का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अमिताभ रूंगटा ने कहा कि अन्न भंडारा केवल भोजन वितरण तक सीमित आयोजन नहीं है, बल्कि यह श्रद्धा, सेवा, करुणा और सद्भावना से जुड़ा पवित्र कार्य है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में एक-दूसरे की सहायता करने और

जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील रहने की भावना को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने लोगों से समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

भंडारे को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सेवा कार्य किया। स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं और जरूरतमंदों को भोजन परोसने के साथ जलपान व्यवस्था संभाली। आयोजन के दौरान सेवा और सहयोग की भावना देखने को मिली। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भी सेवा कार्य में सहयोग दिया और ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए सामाजिक सेवा को प्रेरित करने वाली पहल बताया।

चंडीगढ़ में 31 अक्टूबर से होगी 48वीं स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। शहर में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 48वीं चंडीगढ़ स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। चंडीगढ़ रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता में शहर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप को 64वीं नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2026-27 के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय चैंपियनशिप 5 से 15 दिसंबर तक कर्नाटक में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में खिलाड़ी गति, तकनीक और खेल कौशल के दम पर राष्ट्रीय स्तर की टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगे। चंडीगढ़ रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के अनुसार, चैंपियनशिप का उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराने के साथ प्रतिभावान स्केटर्स की पहचान करना है। आयोजकों ने बताया कि राज्य प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी क्षमता साबित करने और राष्ट्रीय स्तर पर चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह है और तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

खूबसूरत टेबल टेनिस खिलाड़ी

मनिका बत्रा एक प्रमुख भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं, जो एशियाई कप में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता, और ओलंपिक में राउंड ऑफ 32 तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। वे अपनी आक्रामक खेल शैली और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं।

एशियन गेम्स : भारतीय महिला क्रिकेट टीम फाइनल में पहुंची

बांग्लादेश को 114 रन से हराया; शेफाली का शतक, श्रीलंका से होगा फाइनल

एजेंसी, निशिन

भारत ने एशियन गेम्स के विमेंस क्रिकेट सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर ऑलआउट हो गई। 22 सितंबर को फाइनल में भारत का सामना श्रीलंका से होगा। भारत के लिए शेफाली वर्मा ने 49 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए। उन्होंने 9 चौके और 3 छक्के लगाए।

शेफाली ने हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। भारत 200 से अधिक रन बनाने की स्थिति में दिख रहा था, लेकिन पारी के अंतिम चरण में विकेट गिरने से उसकी रफ्तार कुछ धीमी पड़ गई। 18वें ओवर में हरमनप्रीत को बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने राबिया खान की गेंद पर स्टंप किया जिसके बाद ऋचा घोष भी दो रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गईं। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा और नंदनी शर्मा ने 3-3 विकेट लिए, जबकि श्री चरणी ने 2 विकेट झटके।

भारत ने बांग्लादेश को शुरुआत से ही दबाव में रखा और 81 रन पर पारी समेट दी। (अनंत ज्ञान)

स्मृति मंधाना बनीं विमेंस टी20 की टॉप स्कोरर

दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों शेफाली और स्मृति ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। शेफाली और स्मृति ने बांग्लादेशी गेंदबाजों पर लगातार प्रहार किए और रन गति बनाए रखी। बांग्लादेशी गेंदबाजों के पास उनके आक्रामक तेवर का कोई जवाब नहीं था। हालांकि पावरप्ले की अंतिम गेंद पर यह साझेदारी टूट गई। नाहिदा अख्तर की गेंद पर स्मृति ने स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश में शोभना मोस्तरी को कैच थमा दिया। मंधाना 19 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुईं। इस पारी के दौरान मंधाना विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज भी बन गईं। उनके नाम अब 4,788 रन हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (4,758 रन) को पीछे छोड़ा।

हॉकी में भारत ने इंडोनेशिया को 13-1 से दी करारी मात

एजेंसी, काकामिगाहारा

स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह ने चार गोल करके अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई, जिससे मौजूदा चैंपियन भारत ने रविवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने पहले मैच में इंडोनेशिया को 13-1 से हरा दिया। दिलप्रीत (18वें, 19वें, 37वें और 49वें मिनट) ने चार फील्ड गोल किए, जबकि शिलानंद लाकड़ा (6वें और 35वें मिनट) और सुखजीत सिंह (38वें और 48वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे। गोल करने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अभिषेक (12वें मिनट), राजिंदर सिंह (19वें मिनट), मनदीप सिंह (21वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (28वें मिनट) और जुगराज सिंह (47वें मिनट) शामिल थे। इंडोनेशिया की तरफ से एकमात्र गोल औलिया अल अर्द्ध ने 33वें मिनट में किया। भारत मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ अपना अगला मैच खेलेगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा था कि भारतीय टीमें एशियाई खेलों में अपनी पारंपरिक नीली पोशाक पहनेंगी, लेकिन पुरुष और महिला दोनों टीमों ने केसरिया रंग की पोशाक ही पहनी, जिसे उन्होंने हाल ही में नीदरलैंड और बेल्जियम में हुए विश्व कप के दौरान पहली बार पहना था। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

भारत दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, हेटमायर की वापसी

एजेंसी, नई दिल्ली। वेस्टइंडीज ने भारत दौरे के लिए वनडे और 20टी टीम घोषित कर दी है। युवा ओपनर कामिल पूरन को पहली बार ज्ज20टी टीम में जगह मिली है। उन्होंने सीपीएल 2026 में 8 पारियों में 273 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 159.64 रहा। शिमरोन हेटमायर की भी ज्ज20टी टीम में वापसी हुई है। वे सीपीएल 2026 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्हें 3 मैचों की वनडे सीरीज से आराम दिया गया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 27 सितंबर से 18 अक्टूबर तक 3 वनडे और 5 ज्ज20टी खेले जाएंगे। मुकाबले 8 शहरों में होंगे। कामिल पूरन सीपीएल 2026 में सेंट लूसिया किंग्स के लिए खेले। उन्होंने 8 पारियों में 273 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 159.64 रहा। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने उनके चयन को युवा खिलाड़ियों को तैयार करने की योजना का हिस्सा बताया है। टीम 2028 ज्ज20 वर्ल्ड कप के लिए अभी से नए खिलाड़ियों को तैयार करना चाहती है

एशियाई गेम्स: टेबल टेनिस में भारत ने जीत से की अभियान की शुरुआत

एजेंसी, टोयोटा । भारत की पुरुष और महिला टीम ने रविवार को यहां आइची-नागोया एशियाई खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत अपने-अपने ग्रुप एफ मुकाबलों में इंडोनेशिया पर 3-0 की समान जीत के साथ की। महिला टीम के लिए श्रीजा अकुला, दीया चितले और यशस्विनी घोरपड़े ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। श्रीजा ने पहले मैच में नी महारानी को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। श्रीजा ने पहला गेम जीतने के बाद दूसरा गेम 8-11 से गंवाया लेकिन इसके बाद वापसी करते हुए अगले दोनों गेम 11-4, 11-4 से जीत लिए। दीया चितले ने इसके बाद अल्माइरा नेबुचदनेज्जर को 3-0 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दीया ने 11-9, 11-8, 11-5 से जीत दर्ज की और भारत को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। यशस्विनी घोरपड़े ने तीसरे मैच में चित्रा रस्मी को 3-0 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। यशस्विनी ने 12-10, 11-4, 11-4 से जीत दर्ज की। पुरुष टीम ने भी 3-0 की शानदार जीत दर्ज की। हालांकि दूसरे मुकाबले में उसे कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। जी साथियान ने मुहम्मद नेगारा को 11-8, 11-7, 11-9 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई।

भारत के एमएमए खिलाड़ी वरुण सान्याल एशियन गेम्स से डिसक्वालिफाई

एजेंसी, नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2026 में भारत के एमएमए खिलाड़ी वरुण सान्याल का अभियान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से खत्म हो गया। पुरुषों की पारंपरिक 77 किग्रा श्रेणी के क्वार्टर फाइनल से पहले वजन कम करने की कोशिश के दौरान सान्याल सॉना में बेहोश हो गए। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें प्रतियोगिता के लिए मेडिकल तौर पर अनफिट घोषित कर दिया। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, वजन कम करने के दौरान सान्याल ने खाने और पानी का सेवन काफी कम किया था। इसके बाद सॉना में उन्हें चक्कर आया और वह बेहोश हो गए। मेडिकल जांच में डिहाइड्रेशन और मांसपेशियों में ऐंठन की बात सामने आई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मुकाबले के लिए फिट नहीं माना। क अधिकारी के अनुसार, वरुण अब खतरे से बाहर हैं और उनकी स्थिति में सुधार है।

आईसीसी : भारत को पछाड़कर टी 20 रैंकिंग में नंबर-1 बना इंग्लैंड

एजेंसी, लंदन

इंग्लैंड ने 55 दिन बाद भारत से 20टी की नंबर-1 रैंकिंग फिर छीन ली। इंग्लैंड ने मैनचेस्टर में श्रीलंका को तीसरे 20टी में 8 विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की। श्रीलंका के 124 रन के जवाब में इंग्लैंड ने 9.4 ओवर में 2 विकेट पर 126 रन बनाकर जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने 62 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल किया। यह 120+ रन के लक्ष्य का सबसे तेज 20टी चेज है। इंग्लैंड ने 11 जुलाई को भारत को 4-0 से हराकर 20टी रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया था। भारत ने 26 जुलाई को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाकर यह स्थान वापस ले लिया था। अब 19 सितंबर को इंग्लैंड ने श्रीलंका को 3-0 से हराकर 55 दिन बाद नंबर-1 स्थान फिर हासिल कर लिया।

बटलर ने तोड़ा रिजवान का रिकॉर्ड

इसके बाद बटलर और हैरी ब्रुक ने दूसरे विकेट के लिए 38 गेंदों पर 85 रन की साझेदारी की। दोनों ने पावरप्ले में ही इंग्लैंड का स्कोर 82 रन तक पहुंचा दिया। ब्रुक 33 रन बनाकर रन आउट हुए। बटलर ने 32 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 193.75 रहा। बटलर ने छक्का लगाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई। यह 20टी में बटलर की 32वीं 50+ रन की पारी थी। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने ज्ञ20टी में 31 बार 50+ रन बनाए हैं। इस लिस्ट में बाबर आजम 42 बार के साथ पहले, विराट कोहली 39 बार के साथ दूसरे और रोहित शर्मा 37 बार के साथ तीसरे नंबर पर हैं। बटलर अब चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं।

काकामिगाहारा में खेले गए पहले मुकाबले में भारत की धमाकेदार जीत

एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया

एजेंसी, काकामिगाहारा

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियन गेम्स-2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है। काकामिगाहारा में खेले गए पूल बी के अपने पहले मुकाबले में भारत ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से करारी शिकस्त दी।

भारत की इस बड़ी जीत की सबसे बड़ी स्टार दीपिका रहीं, जिन्होंने अकेले आठ गोल दागकर मुकाबले को एकतरफा बना दिया। इशिका ने हैट्रिक पूरी की। भारत की ओर से कुल आठ अलग-अलग खिलाड़ियों ने गोल किए। इस मुकाबले के दौरान अनुभवी गोलकीपर सविता ने भी एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की और भारत की ओर से सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ियों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मुकाबले में भारतीय महिला टीम को शुरुआती बढ़त के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। सातवें मिनट में लालरेमसियामी ने फील्ड गोल कर भारत का खाता खोला। इसके तुरंत बाद आठवें मिनट में दीपिका ने गोल करते हुए भारत की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद 11वें मिनट में इशिका ने भारत के लिए तीसरा गोल दागा। 12वें मिनट में बलजीत कौर ने गोल कर स्कोर 4-0 कर दिया। यह बलजीत कौर का भारत के लिए 50वां सीनियर अंतरराष्ट्रीय मुकाबला भी था। पहले क्वार्टर की समाप्ति तक भारत ने 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली थी। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने अपनी आक्रामक रणनीति जारी रखी। 18वें मिनट में नेहा ने गोल कर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। इसके बाद भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने इस मौके को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की।

23वें मिनट में नवनीत कौर ने भी गोल दाग दिया। इसके दो मिनट बाद यानी 25वें मिनट में दीपिका ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। हाफ टाइम तक भारत ने 8-0 की विशाल बढ़त बना ली थी। तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत का स्कोर 16-0 हो चुका था। भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में भी आक्रामक रवैया बनाए रखा और उज्बेकिस्तान को 19-0 से करारी शिकस्त दी। भारतीय महिला हॉकी टीम अब अपने अगले पूल बी मुकाबले में इंडोनेशिया का सामना करेगी। (अनंत ज्ञान)

एशियन गेम्स के पहले दिन भारत को दो सिल्वर मेडल

एजेंसी, काकामिगाहारा

भारत ने 20वें एशियन गेम्स के पहले दिन 2 सिल्वर मेडल जीत लिए हैं। दोनों मेडल 10 मीटर राइफल शूटिंग में आए। रविवार को एलावेनिल वलारिवन ने इंडिविजुअल्स इवेंट में 252.4 अंक के साथ रजत जीता। वे 0.6 अंक से गोल्ड मेडल चूक गईं। जापान की हिनाता ताइची ने 253.0 अंक लेकर गोल्ड जीता। इससे पहले विमेंस टीम इवेंट में भारत 1898.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इस टीम में एलावेनिल, सोनम मस्कर और विदारसा विनोद शामिल रहीं। वहीं, सुचिका तरियाल ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की ट्रेडिशनल कैटेगरी (-60 केजी) के सेमीफाइनल में पहुंचकर मेडल पक्का किया। उन्होंने मंगोलिया की अल्तनचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराया। (अनंत ज्ञान)

चीन 11 गोल्ड के साथ नंबर-1, भारत 10वें स्थान पर

भारत दो रजत पदकों के साथ मेडल टैली में नौवे स्थान पर है। चीन 11 गोल्ड सहित कुल 20 मेडल के साथ नंबर-1 पर है और मेजबान जापान 6 गोल्ड समेत कुल 19 मेडल के साथ दूसरे स्थान पर है। तीन गोल्ड सहित 13 मेडल के साथ दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर है।

आईआईटी बॉम्बे में छात्र सुसाइड मामले में प्रोफेसर डल्ला पर एफआईआर

एजेंसी, मुंबई । आईआईटी बॉम्बे में स्टूडेंट साहिल रविंद्र वाकोडे की आत्महत्या के मामले में प्रोफेसर सूर्यनारायण डल्ला पर एफआईआर दर्ज की गई है। साहिल के पिता ने प्रोफेसर पर बेटे को करीब 3 महीने से जातिसूचक गालियां देने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। साहिल के पिता ने अपनी शिकायत में आईआईटी बॉम्बे के डायरेक्टर श्रीशिश बी. केदारे, कुछ फैकल्टी मेंबर्स और सीनियर अधिकारियों के नाम भी दिए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि डायरेक्टर के निर्देश पर साहिल का उत्पीड़न किया गया। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और एससी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। मामले की जांच अब मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है। साहिल 22 साल का था और एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में सेकंड ईयर बीटेक का छात्र था। वह 18 सितंबर की शाम आईआईटी बॉम्बे के हॉस्टल नंबर-4 स्थित अपने कमरे में मृत मिला। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। यह आईआईटी बॉम्बे में 7 महीने के भीतर आत्महत्या का तीसरा मामला है। वहीं देशभर के आईआईटी में इस साल 9 छात्रों ने सुसाइड किया है।

छात्रों की गूंज कार्यक्रम पर बवाल

मिमिक्री विवाद के बाद राहुल के बचाव में उतरी कांग्रेस

एजेंसी, नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखा सियासी संग्राम छिड़ गया है। मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री और टिप्पणियों को लेकर भाजपा के हमलों के बाद अब पूरी कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के बचाव में उतर आई है। कांग्रेस ने न सिर्फ मिमिक्री विवाद पर भाजपा के रवैये को अलोकतांत्रिक बताया, बल्कि यह भी आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने मिलकर देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर दिया है।

हरीश रावत ने बताया राजनीति का सहज हिस्सा

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने राहुल गांधी का समर्थन करते हुए भाजपा की असहिष्णुता पर सवाल उठाए। रावत ने कहा- राजनीति में जब आप किसी पद पर होते हैं, तो ऐसी चीजों को स्वाभाविक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार करना पड़ता है। भाजपा का यह रवैया- जहां वे ऐसा बर्ताव करते हैं कि मानो उन पर एक मक्खी भी नहीं बैठनी चाहिए बिल्कुल लोकतांत्रिक नहीं है। लोकतंत्र में यह समझना बेहद जरूरी है कि ऐसी बातें इस खेल का एक सहज हिस्सा हैं।

जयराम रमेश ने भाजपा-आरएसएस पर किया तीखा हमला

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा- राहुल गांधी ने उस 'सिस्टम' का पर्दाफाश कर दिया है जो छात्रों की आवाज दबा रहा है। रमेश ने कहा, 'यह सिस्टम कौन है? यह भाजपा-आरएसएस के लोग हैं, जिन्होंने देश की शिक्षा, अर्थव्यवस्था, राजनीति और हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। इन्होंने शिक्षा व्यवस्था को खोखला और भ्रष्ट बना दिया है, क्योंकि यह सिस्टम छात्रों से डरता है। छात्र सवाल पूछते हैं और जवाबदेही मांगते हैं। अब राहुल गांधी उनके साथ खड़े हैं, इसलिए छात्रों का डर खत्म हो चुका है और उनकी आवाज पूरे देश में गूंज रही है।'

रूस में चुनाव के आखिरी दिन सैकड़ों ड्रोन से हमला, मॉस्को में दो की मौत

ऑयल रिफाइनरी को भी नुकसान, रूस ने 1600 ड्रोन मार गिराए

एजेंसी, मॉस्को

रूस में संसदीय चुनाव के आखिरी दिन रविवार को मॉस्को और आसपास के इलाकों में सैकड़ों ड्रोन से हमला किया गया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में कम से कम 2 लोगों की मौत हुई। इनमें एक 44 साल की महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति शामिल हैं। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक राजधानी की एक बड़ी ऑयल रिफाइनरी को भी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल रिफाइनरी में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। मेयर ने बताया कि शनिवार से रूस ने 1600 से ज्यादा ड्रोन को मार गिराया है। इनमें करीब 450 ड्रोन मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। एक ड्रोन के 21 मंजिला अपार्टमेंट से टकराने के बाद आग लग गई। इसके बाद करीब 400 लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया। इनमें 70 बच्चे भी शामिल थे।

रूसी अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया में यूक्रेन के दखल का आरोप लगाया है। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक, मॉस्को की ऑनलाइन वोटिंग सिस्टम पर साइबर हमला हुआ। हालांकि, हमले के पीछे यूक्रेन का हाथ होने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

रूस में जंग के बाद पहला संसदीय चुनाव

रूस में शुक्रवार से संसदीय चुनाव के लिए मतदान चल रहा है। यह फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने के हमले के बाद पहला संसदीय चुनाव है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस चुनाव को यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के लिए जनता के समर्थन की परीक्षा के तौर पर पेश किया है। चुनाव के नतीजों को रूस पुतिन की नीतियों और यूक्रेन युद्ध के समर्थन के तौर पर पेश कर सकता है। भारतीय समयानुसार रविवार रात 11:30 बजे से शुरुआती नतीजे आने की उम्मीद है। चुनाव के पूरे नतीजे सोमवार तक सामने आ सकते हैं।

बिकवाली 2026 में भारतीय बाजार से अब तक 2.45 लाख करोड़ की बिकवाली

इस महीने विदेशी निवेशकों ने निकाले 20,974 करोड़

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला फिर लौट आया है। सितंबर महीने में 18 तारीख तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी से 20,974 करोड़ रुपए की भारी निकासी की है। वैश्विक अनिश्चितताओं, अमेरिका में बढ़ती ब्याज दरों और बॉन्ड यील्ड, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर होते रुपए ने विदेशी निवेशकों को सतर्क कर दिया है।

जुलाई में 20,200 करोड़ और अगस्त में 29,630 करोड़ रुपए की मजबूत खरीदारी के बाद सितंबर में फिर से बिकवाली देखने को मिल रही है। सीडीएसएल के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 2026 में एफपीआई अब तक भारतीय शेयरों से कुल 2.45 ट्रिलियन यानी 2.45 लाख करोड़ रुपए निकाल चुके हैं। यह आंकड़ा पूरे 2025 में हुई 1.66 ट्रिलियन की कुल बिकवाली से भी काफी ज्यादा है। हालांकि, इस बिकवाली के बीच एक सकारात्मक पहलू यह है कि प्राइमरी मार्केट यानी आईपीओज के जरिए विदेशी निवेश का ट्रेंड सितंबर में भी जारी रहा है। (अनंत ज्ञान)

एफपीआई बिकवाली के तीन मुख्य कारण

अमेरिका में ऊंची ब्याज दरें और बॉन्ड यील्ड: अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को बढ़ाकर 3.75-4.00% कर दिया है। इसके चलते भारत और अमेरिका के बीच यील्ड का अंतर कम हो गया है, जिससे विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय एसेट्स की और आकर्षण घट गया है।

कच्चे तेल के दामों में उछाल: पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण ब्रेंट क्रूड लगातार 100 डॉलरप्रति बैरल के ऊपर बना हुआ है। इससे भारत में महंगाई बढ़ने और आयात बिल में इजाफे की चिंताएं बढ़ी हैं।

कमजोर होता रुपया: अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में तेज गिरावट आई है। हाल ही में रुपया चार महीनों की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट (1.1%) के साथ 95.92-95.96 के निचले स्तर पर आ गया और इंट्राडे में 96 के स्तर को भी पार कर गया। इससे विदेशी निवेशकों के रिटर्न पर बुरा असर पड़ रहा है।

विदेशी निवेशकों की डेट मार्केट में भी बिकवाली

इक्विटी के अलावा विदेशी निवेशकों ने डेट यानी लोन मार्केट से भी अपने हाथ खींचे हैं। सितंबर में अब तक विदेशी निवेशकों ने फुल्ली एक्सेसिबल रूट से 10,296 करोड़ निकाले। वहीं वोलंटरी रिटेंशन रूट से 1,817 करोड़ की बिकवाली की। इसके अलावा जनरल रूट से 1,068 करोड़ रुपए निकाले हैं।